आषाढ़ कृष्ण पक्ष अष्टमी 11:55 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 19 जून 2025

वर्ष 3, अंक 299, पृष्ठ 14

2 राज्य, 6 संस्करण

मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





ईरान बोला- कभी नहीं करेंगे आत्मसमर्पण 14

कॉरपोरेट क्षेत्र आर्थिक वृद्धि का स्तंभ 12


# भारत का पड़ोस आतंकवाद का प्रजनन स्थल, इससे आंखें न मूंदें : मोदी

## जी-7 सम्मेलन : आतंकी गतिविधियों को समर्थन देने के लिए प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई की बात उठाई

कनैनिस्किस (कनाडा), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी-7 नेताओं से कहा कि भारत का पड़ोस आतंकवाद का प्रजनन स्थल बन गया है और इस चुनौती से आंखें मूंदना मानवता के साथ विश्वासघात होगा। उन्होंने सीमा पार आतंकवादी गतिविधियों को समर्थन देने के लिए पाकिस्तान पर कार्रवाई की मांग की।

यहां जी-7 संपर्क सत्र को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुआ हमला प्रत्येक भारतीय की आत्मा, पहचान और गरिमा पर सीधा हमला था। उन्होंने कहा कि आतंकवाद का समर्थन करने वाले किसी भी देश को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और उसे इसकी कीमत चुकानी चाहिए। आतंकवाद से निपटने में दोहरे मानदंडों के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए, तथा उन्होंने सवाल किया कि क्या आतंक फैलाने वालों और इससे पीड़ित लोगों को एक ही तराजू पर तौला जाना चाहिए। मोदी मंगलवार को ऊर्जा सुरक्षा पर जी-7 संपर्क सत्र को संबोधित कर रहे थे।

मोदी ने कहा, आतंकवाद मानवता का दुश्मन है। यह लोकतांत्रिक मूल्यों को कायम रखने वाले सभी देशों के विरोध में खड़ा है। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुटता जरूरी है। प्रधानमंत्री ने कहा, वैश्विक शांति और समृद्धि के लिए हमारी सोच और हमारी नीतियां अत्यंत स्पष्ट होनी चाहिए - जो भी देश आतंकवाद का समर्थन करता है, उसे जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और उसकी कीमत चुकानी चाहिए। मोदी ने कहा कि वास्तविकता इसके बिल्कुल विपरीत है। एक तरफ हम अपनी प्राथमिकता के आधार पर हर तरह के प्रतिबंध लगाने में जल्दबाजी करते हैं। दूसरी तरफ, जो देश खुले तौर पर आतंकवाद का समर्थन करते हैं, उन्हें पुरस्कृत किया जाता है। मोदी ने कुछ प्रश्न भी पूछे। उन्होंने पूछा, क्या हम वाकई आतंकवाद से निपटने के लिए गंभीर हैं? क्या हम आतंक का सही मतलब तभी समझ पाएंगे जब वह हमारे दरवाज़े पर दस्तक देगा?

उन्होंने पूछा, क्या आतंक फैलाने वालों और इससे पीड़ित लोगों को एक ही तराजू पर तौला जा सकता है? क्या वैश्विक संस्थाओं पर विश्वसनीयता खोने का खतरा है? आतंक से निपटने के लिए निर्णायक वैश्विक कार्रवाई का आह्वान किया।

### मेलोनी ने मोदी के साथ तस्वीर की साझा

**कनाडा।** जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए कनाडा पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी से मुलाकात की। मेलोनी ने मोदी के साथ एक तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की और कहा कि भारत और इटली गहरी दोस्ती से जुड़े हैं। मेलोनी ने पीएम मोदी को बेस्ट बताते हुए उनकी तरह बनने की इच्छा जताई।



कनाडा में जी-7 सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी से साथ सेल्फी लेतीं इटली की पीएम मेलोनी।

### भारत-कनाडा उच्चायुक्तों की नियुक्ति पर सहमत, संबंधों में स्थिरता होगी बहाल

**नई दिल्ली/कनाडा।** प्रधानमंत्री मोदी और कनाडा में उनके समकक्ष मार्क कार्नी ने भारत-कनाडा संबंधों में स्थिरता बहाल करने के लिए रचनात्मक कदम उठाने पर सहमति जताई है, जिसमें दोनों देशों की राजधानियों में उच्चायुक्तों की जल्द बहाली शामिल है, जो तनावपूर्ण संबंधों को सुधारने के उनके इरादे का संकेत है। मोदी और कार्नी ने द्विपक्षीय वार्ता की, जिसमें संबंधों को फिर से बहाल करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। कनाडा में एक खालिस्तानी अलगाववादी की हत्या को लेकर दोनों देशों के बीच राजनयिक विवाद से द्विपक्षीय संबंध अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गये थे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने वरिष्ठ मंत्रिस्तरीय तथा कार्य-स्तरीय संवाद को फिर से शुरू करने के महत्व को भी रेखांकित किया।

# ट्रंप को दो टूक, मध्यस्थता स्वीकार नहीं पाकिस्तान के अनुरोध पर रोका था युद्ध

## प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति का दावा किया खारिज, दोनों नेताओं में फोन पर 35 मिनट हुई बात

कनैनिस्किस (कनाडा), एजेंसी

- कहा- भारत आतंकवाद को छद्म युद्ध नहीं बल्कि युद्ध के ही रूप में देखता है
- कनाडा से लौटते वक्त अमेरिका आने के ट्रंप के अनुरोध को मोदी ने नकारा



प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप। (फाइल)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तान के साथ संघर्ष रोकने में मध्यस्थता की भूमिका निभाने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे को खारिज करते हुए उन्हें बताया कि भारत और पाकिस्तान ने बिना किसी मध्यस्थता के अपनी सेनाओं के बीच सीधी बातचीत के बाद पिछले महीने सैन्य कार्रवाई रोकी थी।

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बताया कि ट्रंप के साथ मंगलवार को फोन पर करीब 35 मिनट तक हुई बातचीत में मोदी ने साफ तौर पर कहा कि भारत मध्यस्थता स्वीकार नहीं करता है और न कभी स्वीकार करेगा। उन्होंने कहा कि इस्लामाबाद के अनुरोध पर सैन्य कार्रवाई रोकने पर भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच बातचीत शुरू हुई थी। मिसरी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि भारत अब आतंकवाद को छद्म युद्ध के रूप में नहीं, बल्कि एक युद्ध के ही रूप में देखता है और भारत का ऑपरेशन सिंदूर अब भी जारी है। भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम की सबसे पहले घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति ने 10 मई को की थी। इसके बाद से ट्रंप दावा करते आ रहे हैं कि उन्होंने संघर्ष रोकने पर सहमत न होने पर दोनों देशों के साथ व्यापार रोकने की धमकी देकर संघर्ष विराम समझौते में मध्यस्थता की। मोदी ने पूर्व प्रतिबद्धताओं का हवाला देते हुए कनाडा से लौटते वक्त अमेरिका आने के ट्रंप के अनुरोध को स्वीकार नहीं किया। मोदी और ट्रंप का जी7 शिखर सम्मेलन से इतर मुलाकात का कार्यक्रम था लेकिन ट्रंप के शिखर सम्मेलन से समय से पहले विदा लेने से यह बैठक नहीं हो पाई। दोनों नेताओं ने फोन पर बातचीत की, जिसमें भारत और पाकिस्तान के बीच सात से 10 मई के बीच हुए सैन्य संघर्ष पर प्रमुखता से बात की गई। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति ट्रंप को स्पष्ट रूप से बताया कि इस पूरे घटनाक्रम के दौरान किसी भी स्तर पर भारत-अमेरिका व्यापार समझौते या भारत और पाकिस्तान के बीच अमेरिका द्वारा मध्यस्थता के किसी प्रस्ताव पर कोई चर्चा नहीं हुई। मोदी-ट्रंप बातचीत की अहम बातें साझा करते हुए उन्होंने बताया, सैन्य कार्रवाई रोकने पर चर्चा भारत और पाकिस्तान के सशस्त्र बलों के मौजूदा संचार चैनलों के माध्यम से प्रत्यक्ष रूप से हुई और इसे पाकिस्तान के अनुरोध पर किया गया।

### ट्रंप को दी जानकारी पाकिस्तानी हमले को लेकर जेडी वेंस का आया था फोन

विदेश सचिव के अनुसार मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति को बताया कि भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और पाकिस्तान में केवल आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था। उन्होंने कहा कि भारत की कार्रवाई नपी-तुली, सटीक तथा तनाव को और बढ़ावा नहीं देने वाली थी। मिसरी ने कहा, 9 मई की रात को उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने प्रधानमंत्री मोदी को फोन किया था। वेंस ने बताया था कि पाकिस्तान भारत पर एक बड़ा हमला कर सकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें साफ-साफ कहा था कि अगर ऐसा कोई हमला होता है तो भारत और कड़ा जवाब देगा। मोदी ने फोन पर बातचीत में कहा, भारत ने 9-10 मई की रात को पाकिस्तान के हमले का कड़ा जवाब दिया, जिससे पाकिस्तानी सेना को भारी नुकसान पहुंचा। उन्होंने कहा, उनके हवाई अड्डों को निष्क्रिय कर दिया गया।

### ट्रंप ने क्वाड सम्मेलन में भारत आने का मोदी का निमंत्रण स्वीकारा

प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप को अगले क्वाड शिखर सम्मेलन के लिए भारत आने का न्यौता दिया। राष्ट्रपति ट्रंप ने न्यौता स्वीकार कर लिया और कहा कि वह भारत आने के लिए उत्सुक हैं। भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान के नियंत्रण वाले क्षेत्रों में आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाते हुए छह मई की रात को 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया था। इन हमलों के कारण चार दिन तक सैन्य संघर्ष हुआ, जो 10 मई को सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति के साथ समाप्त हुआ। भारत का कहना है कि उसकी कड़ी प्रतिक्रिया के कारण ही पाकिस्तान को सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए अनुरोध करना पड़ा।

## संभल हिंसा मामले में 1100 पेज का आरोप पत्र दाखिल

# सांसद बर्क व जामा मस्जिद सदर सहित 23 पर चार्जशीट

कार्यालय संवाददाता, संभल/चंदौसी



सांसद जियाउर्रहमान बर्क।

- 12 में से 11 मुकदमों में पुलिस ने दाखिल कर दी चार्जशीट, विधायक पुत्र को दी क्लीन चिट
- जामा मस्जिद सदर जफर अली सहित 92 लोगों को गिरफ्तार कर भेजा जा चुका जेल

**अमृत विचार:** संभल में जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा के मामले को लेकर दर्ज एक और मुकदमे में पुलिस ने सांसद जियाउर्रहमान बर्क के साथ ही जामा मस्जिद सदर जफर अली सहित 23 लोगों के खिलाफ 1100 पेज की चार्जशीट अदालत में दाखिल की है। बड़ी बात यह है कि इस मुकदमे में नामजद आरोपी सपा विधायक इकबाल महमूद के बेटे सुहेल इकबाल को क्लीन चिट दे दी गई है।

संभल में 24 नवंबर को अदालत के आदेश पर जामा मस्जिद में सर्वे के दौरान बड़े पैमाने पर हिंसा हुई थी। पथराव फायरिंग व आगजनी की घटनाओं में चार लोगों की मौत हुई थी। पुलिस प्रशासनिक अमले के 29 लोग पथराव व गोली लगने से घायल हुए थे।

पुलिस की तरफ से कई मुकदमे दर्ज किए गए थे। सरथल पुलिस चौकी प्रभारी दीपक राठी ने अपराध संख्या 335 के तहत सांसद जियाउर्रहमान बर्क व सपा विधायक इकबाल महमूद के बेटे सुहेल इकबाल को नामजद करने के साथ ही 700- 800 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। इस मुकदमे में चौकी प्रभारी ने 24 नवंबर की हिंसा का जिक्र करने के साथ ही 22 नवंबर को सांसद जियाउर्रहमान बर्क द्वारा जामा मस्जिद पर नमाज अदा करने के बाद बिना प्रशासनिक अनुमति भीड़ इकट्ठी कर राजनीतिक लाभ लेने के लिए सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने और भीड़ को उग्र करने का भी आरोप लगाया था। विधायक इकबाल महमूद के बेटे सुहेल इकबाल पर भी आरोप था कि उन्होंने यह कह कर भीड़ को उकसाया कि जियाउर्रहमान बर्क हमारे साथ हैं। हम लोग भी तुम्हारे साथ हैं, हम तुम्हारा कुछ नहीं होने देंगे, अपने मंसूबों को पूरा करो। इसी वजह से भीड़ उग्र हुई और हिंसा हो गई।

### सीओ अनुज पर की गई थी फायरिंग

इस मुकदमे में 24 नवंबर को भीड़ द्वारा अदालत के आदेश पर हो रही सर्वे की कार्रवाई में बाधा डालने, पुलिस पर पत्थरबाजी करने, तोड़फोड़ के साथ ही पुलिस व अन्य लोगों के वाहनों को आग के हवाले कर सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने जैसे आरोप भी थे। उपद्रवियों द्वारा सीओ अनुज कुमार चौधरी पर जान से मारने की नीयत से फायर करने की बात भी कही गई थी। कहा गया था कि सीओ के दाहिने पैर में गोली लगी। जांच में पता चला कि सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने दूर रहकर लोगों को हिंसा के लिए उकसाया।

# प्रदेश में मानसून ने किया प्रवेश, भारी बारिश की चेतावनी

- मानसून ने सोनभद्र से ली एंट्री, फिलहाल 30 से अधिक जिलों में सक्रिय रहेगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश में रहने वालों को अब भारी बारिश को लेकर तैयार हो जाना चाहिए। प्रदेश में मानसून बुधवार को प्रवेश कर गया है। मानसून ने सोनभद्र एंट्री से ली है इसके बाद वाराणसी बारिश से सराबोर होगा। इस बीच मिर्जापुर समेत तराई के कुल 15 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी मौसम विभाग ने जारी कर दी है। वहीं, पूर्वी उप्र. के 22 जिलों में गरज चमक के साथ वज्रपात की आशंका भी जतायी गई है।

मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को दक्षिण-पश्चिम मानसून पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ चुका है। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, मानसून के आने से सबसे पहले सोनभद्र, गाजीपुर और वाराणसी जैसे पूर्वी जिलों में बारिश शुरू हो चुकी है। बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में बने दो लो-प्रेशर सिस्टम शीघ्र ही एक साथ मिल सकते हैं जिससे मानसून और अधिक सक्रिय हो जाएगा। यह मानसूनी दौर पूर्वी उप्र. से शुरू होकर तराई, मध्य और बुंदेलखंड क्षेत्र तक पहुंचेगा और अगले चार से पांच दिनों तक जारी रहने की उम्मीद है। चार साल बाद समय पर मानसून उत्तर प्रदेश में आया है, जो झमाझम बारिश कराएगा। अभी 30 से अधिक जिलों में मानसून सक्रिय रहेगा, कुछ दिन में लखनऊ समेत पूरे प्रदेश को घेर लेगा।

### इन जिलों में होगी बारिश

मौसम विभाग के अनुसार, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, गाजीपुर, बलिया, देवरिया, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर और श्रावस्ती सहित कई इलाकों में भारी वर्षा की संभावना है। इसके साथ ही 19-20 जून को प्रदेश के कई जिलों में तेज बारिश के साथ गरज-चमक और बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है।

### यहां ऑरेंज अलर्ट

मौसम विभाग ने प्रयागराज, आजमगढ़, मऊ, संत कबीर नगर, बस्ती, गोंडा, बहराइच समेत कुल 22 जिलों के लिए बिजली गिरने और तेज बादल गरजने की चेतावनी देते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी कर दिया है। बांदा, चित्रकूट, कौशांबी और प्रयागराज जैसे क्षेत्रों में तेज रफ्तार से हवाएं चलने की आशंका है।

# पुलिया से टकरा आग का गोला बनी कार, 5 जिंदा जले

संवाददाता, सहसवान (बदायूं)



- बदायूं से दिल्ली जाते समय जहांगीराबाद और अनूपशहर के बीच हुआ हादसा
- एक युवती गंभीर रूप से झुलसी, अस्पताल में चल रहा इलाज

**अमृत विचार :** दिल्ली जाते समय बुलंदशहर जिले में चलती कार अनियंत्रित होकर पुलिया से टकराकर खंती में जा गिरी और उसमें आग लग गई। कार सवारों को बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिला। इस हादसे में कार सवार बच्चे समेत पांच की जलकर मौत हो गई, जबकि एक युवती गंभीर रूप से झुलस गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दमकलकर्मियों की मदद से आग बुझाकर सभी को बाहर निकाला। झुलसी युवती का इलाज चल रहा है।

कोतवाली सहसवान क्षेत्र के गांव चमरपुरा निवासी तनजील अहमद उर्फ लल्ला (30) पुत्र तनवीर अहमद दिल्ली में रहकर निजी कंपनी में नौकरी करते थे। वह अपने परिवार के साथ दिल्ली के मालवीय नगर में रहते थे। 16 जून को तनजील अहमद के चाचा अलीम के निकाह में शामिल होने 15 जून को परिवार के साथ दिल्ली से आए थे। बुधवार सुबह 4 बजे कार से अपनी पत्नी निदा (25), बहन मोमिना (30) व उनके पति गांव खैरपुर खल्ली निवासी जुबैर (30) पुत्र औसाद अली, दो साल के बेटे जैनुल, अविवाहित बहन गुलनाज उर्फ गुल्लो के साथ दिल्ली के लिए निकले थे। बुलंदशहर में जहांगीराबाद से अनूपशहर के बीच जानीपुर तिराहे पर कार अनियंत्रित हो गई और पुलिया से टकराकर पास के खंती में जा गिरी। हादसा देखकर आसपास मौजूद लोग दौड़कर पहुंचे। कार में पीछे की सीट पर बैठी गुलनाज को शीशा तोड़कर निकाला, लेकिन अचानक कार में आग लग गई। तेज लपटें उठने लगीं। लोग दूर भाग गए, जिसके चलते अन्य कार सवार बाहर नहीं निकाले जा सके और कार में ही जिंदा जल गए।

सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, लेकिन कार की तेज लपटों की वजह से किसी ने पास जाने की जहमत नहीं उठाई। दमकल कर्मियों ने पहुंचकर आग बुझाई। कार सवारों को बाहर निकाला गया। तंजीर अहमद, निदा, गुड्डो, जुबैर अली, जैनुल के शव पूरी तरह से जल गए थे। पुलिस ने उनकी परिजनों को सूचना दी।

# आम से भरा वाहन डिवाइडर से टकराकर पलटा, 4 की मौत

आगरा , एजेंसी

- आगरा में हुआ भीषण सड़क हादसा, एक की हालत गंभीर



आगरा में राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर बुधवार की सुबह आम से भरा एक लोडर वाहन फ्लाईओवर पर डिवाइडर से टकराकर पलट गया। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। सहायक पुलिस आयुक्त हेमंत कुमार के अनुसार, दुर्घटना सुबह करीब पांच बजे ट्रांस यमुना थाना क्षेत्र में हुई।

अधिकारी ने बताया कि फिरोजाबाद से आम लेकर जा रहा लोडर वाहन फ्लाईओवर पर चढ़ते समय नियंत्रण खो बैठा और डिवाइडर से जा टकराया। वाहन किनारे से फिसला और ऊंचाई से नीचे गिर गया। फ्लाईओवर के नीचे तीन लोग - राजेश (65), रामेश्वर (60) और हरिबाबू (63) सुबह की सैर के बाद बैठे थे, वाहन उनके ऊपर गिर गया, जिससे तीनों की मौके पर ही मौत हो गई।

# मतदाताओं को अब 15 दिनों के भीतर मिलेंगे पहचान पत्र

**नई दिल्ली/ लखनऊ।** निर्वाचन आयोग ने कहा कि मतदाता पहचान पत्र अब 15 दिनों के भीतर मतदाताओं तक पहुंचा दिए जाएंगे, इनमें नया नामांकन या मौजूदा मतदाता के किसी विवरण में बदलाव शामिल है।

यह पहल मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयुक्तों डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी द्वारा मतदाताओं की सुविधा के लिए ईसीआई द्वारा किए जा रहे विभिन्न उपायों के अनुरूप है। नई प्रणाली में ईआरओ द्वारा एपिक बनाने से लेकर डाक विभाग के माध्यम से मतदाता को एपिक की डिलीवरी तक प्रत्येक चरण की वास्तविक समय पर ट्रैकिंग सुनिश्चित करेगी।

इस कवायद में मतदाताओं को प्रत्येक चरण पर एसएमएस के माध्यम से सूचनाएं प्राप्त होंगी, जिससे उन्हें उनके मतदाता पहचान पत्र की स्थिति के बारे में जानकारी मिलती रहेगी। इस उद्देश्य के लिए ईसीआई ने अपने हाल ही में लॉन्च किए गए ईसीआईनेट प्लेटफ़ॉर्म पर एक समर्पित आईटी मॉड्यूल पेश किया है।


# 3000 रुपये में एक साल के लिए फास्टैग पास

## निजी गाड़ियां 200 बार टोल क्रॉस कर सकेंगी, सरकार 15 अगस्त से वार्षिक पास करेगी शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि सरकार निजी वाहनों के लिए फास्टैग आधारित वार्षिक पास पेश करेगी, जिसकी कीमत 3,000 रुपये होगी। उन्होंने कहा कि यह 15 अगस्त से प्रभावी होगा जिससे राजमार्गों पर बिना किसी परेशानी के यात्रा करना संभव हो पाएगा।

गडकरी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जानकारी दी कि यह पास चालू होने की तारीख से एक साल या 200 यात्रा के लिए (जो भी पहले हो) वैध होगा। इसे खास तौर पर गैर-वाणिज्यिक निजी वाहनों जैसे कार, जीप और वैन के लिए तैयार किया गया है।



सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने कहा कि वार्षिक पास से देश भर में राष्ट्रीय राजमार्गों पर निर्बाध एवं लागत प्रभावी यात्रा संभव हो सकेगी। इसके लिए एक लिंक जल्द ही राजमार्ग यात्रा एप के साथ-साथ एनएचएआई और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध होगा।

### एनएच व राज्य हाईवे में अंतर

जो हाईवे या सड़क एक राज्य से दूसरे राज्य को जोड़ते हैं, वो नेशनल हाईवे कहलाते हैं। इनके माइलस्टोन पर पीले रंग की पट्टी लगी होती है। राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क भारत के हर प्रमुख शहर को जोड़ती है। चाहे बंदरगाह, राज्यों की राजधानी हो। जो सड़क राज्य के एक जिले को दूसरे जिले से जोड़े उसे राज्य हाईवे कहते हैं। इनके माइलस्टोन पर हरे रंग की पट्टी होती है। अधिकतर दो लेन में होते हैं।

### लंबे समय से चली आ रही चिंताएं होंगी दूर




गडकरी ने कहा कि यह नीति किमी के दायरे में स्थित टोल प्लाजा के बारे में लंबे समय से चली आ रही चिंताओं को दूर करती है और एकल, किफायती लेनदेन के माध्यम से टोल भुगतान को सरल बनाती है। प्रतीक्षा समय, भीड़भाड़ कम करके तथा टोल प्लाजा पर विवादों को न्यूनतम करके इस वार्षिक पास का उद्देश्य लाखों निजी वाहन मालिकों को तीव्र एवं सुगम यात्रा का अनुभव प्रदान करना है।

# अंत्येष्टि स्थल तक आने-जाने को दो रास्ते बनेंगे

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- समाज कल्याण मंत्री ने निरीक्षण के दौरान दिए सुविधाएं दुरुस्त करने के निर्देश
- अंत्येष्टि से होने वाली आय को सफाई समेत अन्य व्यवस्थाओं में खर्च किया जाएगा


अंत्येष्टि स्थल का निरीक्षण करते समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण व भाजपा नेता।

**अमृत विचार।** समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने महादेवी घाट में निर्माणाधीन अंत्येष्टि स्थल का निरीक्षण किया। कहा, सामाजिक ज़िम्मेदारी है कि अंतिम यात्रा के दौरान परिजनों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

मंत्री ने कहा कि जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए अंत्येष्टि स्थलों की साफ-सफाई, पेयजल व प्रकाश व्यवस्था और बैठने की सुविधाएं की जाएंगी।

अंत्येष्टि स्थल पर मंत्री ने छायादार व फूल वाले पौधे लगाने की बात कही। उन्होंने नए बन रहे अंत्येष्टि स्थल के पीछे से विकल्प के तौर पर रास्ते का निर्माण कराए जाने पर विचार-विमर्श किया। कहा कि दो रास्ता होने से आवगमन सुविधाजनक होगा। उन्होंने अंत्येष्टि स्थल पर पार्किंग की अच्छी व्यवस्था कराने तथा पार्किंग स्थल पर पार्किंग बोर्ड आदि लगाने के निर्देश दिए। अंत्येष्टि से जो आय होती है उससे सफाई व अन्य व्यवस्थाओं पर खर्च करने को कहा। ओएसआर खाते में जाने वाली धनराशि का ऑडिट कराया जाएगा।

इसके बाद मंत्री ने शिवाजी नगर निकट रानी देवी इंटर कॉलेज के पास नाली निर्माण कराए जाने की बात कही।

23 जून को इस पर समीक्षा कर निर्णय लिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी श्यामेंद्र मोहन चौधरी, बीडीओ दिनेश चंद्र उपस्थित रहे।

# कार से टक्कर मारकर लाठी से किया प्रहार

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- पुलिस ने मामले की दर्ज की रिपोर्ट, सारोतोप गांव का मामला

**अमृत विचार।** उर्स देख कर बाइक से लौट रहे ग्रामीण को कार से टक्कर मारकर गिरा दिया गया। इसके बाद लाठी से हमला कर दिया। पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव सारोतोप निवासी शानू अली पुत्र सादिक अली ने सदर कोतवाली में गांव के ही निवासी नईक अली पुत्र रसीद अली, नूर आलम, कफील पुत्रगण नफीस अली, इरफान पुत्र इवन्ने, फुरवीन पुत्र नइक अली व अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया है कि 14 जून को रात करीव 12:15 बजे वह बाइक से कुसुमखोर से उर्स देख कर लौट रहा था। जैसे ही वह मखाईपुर भट्ठे के पास पहुंचा तभी आरोपियों ने कार से बाइक में टक्कर मार दी। वह गिर गया। इसके बाद सभी ने उस पर लाठी व डंडों से हमला बोल दिया। इससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

## सार-संक्षेप


मौके पर ग्रामीणों की एकत्रित भीड़। अमृत विचार

### करंट से भैंस की मौत, मुआवजे की मांग

**जलालाबाद, कन्नौज।** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम अनौगी- भवानीपुर निवासी जतिन पुत्र बृजपाल बुधवार को सुबह लगभग 8:00 बजे भैंस बांधने के लिए ले जा रहा था। तभी मकान के पास विद्युत पोल से लटक रहे अर्थिंग के तार के संपर्क में आने से भैंस को करंट लग गया और उसकी मौत हो गई। जतिन ने बताया कि भैंस की कीमत लगभग 100000 रुपये होगी। सूचना पर पहुंचे जेई जितेंद्र कुमार व पशु चिकित्साधिकारी से परिजन मुआवजे की मांग करने लगे। जेई ने पोस्टमार्टम के बाद मुआवजा दिलाए जाने का आश्वासन दिया।

### सपा के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पूर्व जिलाध्यक्ष का निधन

**गुरसहायगंज।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। मोहल्ला इन्द्रा नगर निवासी पूर्व जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ सपा अब्दुल सत्तार कुरैशी का लंबी बीमारी के बाद उनके आवास पर मंगलवार की रात निधन हो गया। इससे परिजनों समेत सपा परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी, इन्द्र कुमार गुप्ता, रामसेवक वाथम, मनी गुप्ता, अरूण शर्मा, सपा नगर अध्यक्ष मुकीम खां, रफी अनवर सिद्दीकी आदि ने दुखी परिजनों को ढांढस बंधा कर शोक संवेदना व्यक्त की।

### हत्यारोपियों को पुलिस ने पकड़कर भेजा जेल

**तिर्वा, कन्नौज।** मक्का चोरी का विरोध करने पर युवक की पीट पीट कर हत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने नामजद चारों आरोपियों को पकड़कर जेल भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र क़े खखरियापुर गांव निवासी प्रदीप कुमार रविवार की सुबह करीब तीन बजे ईशन नदी किनारे पडी मक्का को बारिश के दौरान समेटने गया था। तभी मक्का चोरी का विरोध करने पर सुजानसराय गांव निवासी अंकित, अमित पुत्र कमलकिशोर, रोशन लाल पुत्र नियामत सिंह, श्यामसिंह पुत्र रूपलाल ने उसकी पीट पीट कर हत्या कर दी। मृतका की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने चारो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने घटना के तीसरे दिन चारो को पकडकर जेल भेज दिया।

### कम बच्चों वाले स्कूल बनेंगे बाल वाटिका

**कन्नौज।** कम विद्यार्थियों वाले परिषदीय स्कूलों को बाल वाटिका बनाया जाएगा। छात्र-छात्राओं को निकट के विद्यालय में समायोजित किया जाएगा। बाल वाटिका में छोटे बच्चों को आगे बढ़ाने के साथ ही शिक्षित किया जाएगा। इससे शिक्षकों की कमी दूर हो सकेगी। इसके प्रयास जल्द शुरू होंगे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि शासन स्तर पर इसका खाका तैयार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभी लिखित में ऐसा कुछ नहीं आया है कि कितने बच्चों वाले स्कूलों के छात्र-छात्राओं को दूसरे विद्यालय में भेजा जाएगा। हालांकि बीएसए ने यह स्पष्ट किया कि निकट वाले ही स्कूल में पढ़ने के लिए समायोजित किया जाएगा। जिनके भवन सही होंगे। साथ ही जो विद्यालय बच्चों से खाली हो जाएंगे वहां 3 से 6 साल तक के बच्चों को बाल वाटिका का लाभ दिया जाएगा। बीएसए का कहना है कि शासन के इस प्रयास से वहां फायदा होगा जहां बच्चे अधिक व शिक्षक कम हैं। शिक्षकों को भी उन्हीं विद्यालयों में समायोजित किया जाएगा जहां बच्चों को भेजा जाएगा। जनपद में पहले चरण में ऐसे विद्यालय खोजे जाएंगे जहां सबसे न्यून संख्या बच्चों की होगी। इसको लेकर बुधवार को बीएसए ने खंड शिक्षा अधिकारियों से चर्चा की।

## करीब 8 साल पहले बैंक से लिया गया था 4 लाख रुपये कर्ज

# कर्ज न जमा करने पर सील किया गया आवासीय भवन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



भवन सील करने के बाद खड़े नायब तहसीलदार भरत मौर्य, क्षेत्रीय प्रबंधक सतीश कुमार व अन्य लोग। अमृत विचार

- वर्ष 2021 से खाता एनपीए श्रेणी में आया, सख्त हुए अधिकारियों ने की कार्रवाई

**अमृत विचार।** कर्ज न जमा करने पर आवासीय भवन सील कर दिया गया है। प्रशासनिक अधिकारी की मौजूदगी में बैंक अफसरों ने यह कार्रवाई की है। करीब 8 साल पहले आर्यावर्त बैंक (अब उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक) से 4 लाख रुपये का लोन लिया गया था। कार्रवाई सरफेसी अधिनियम के तहत की गई है।

बुधवार को नायब तहसीलदार भरत मौर्य व उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक सतीश कुमार समेत कई जिम्मेदार सदर तहसील क्षेत्र के गांव महमूदापुर निवासी रामचंद्र के पुत्र जयवीर सिंह के यहां पहुंचे। क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया कि जयवीर ने वर्ष 2017 में 4 लाख रुपये का लोन फगुहा बैंक शाखा से लिया था। समय पर लोन वापस न करने पर 2021 में खाता एनपीए श्रेणी में आ गया। बैंक शाखा ने लोन जमा करने के लिए कई बार जयवीर को नोटिस जारी किए लेकिन उसके बाद भी ध्यान नहीं दिया गया। लोन में जमानत के तौर पर लगे आवासीय मकान पर बैंक ने बैनर लगा कब्जा कर लिया। गेट पर ताला लगाकर उसे सील किया गया है। इस कार्रवाई के दौरान वरिष्ठ प्रबंधक जावेद अली, प्रबंधक सचिन कुमार, लीगल अधिकारी रविशंकर व शाखा प्रबंधक ललित चतुर्वेदी मौजूद रहे।

# आईजीआरएस निस्तारण में फीडबैक दे रहे खराब

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- जनपद का मिली अंतिम 5 में जगह, सीडीओ ने जारी की अधिकारियों को चिट्ठी
- बोले, शिकायतकर्ता से व्यक्तिगत संपर्क व स्थलीय निरीक्षण जरूरी

**अमृत विचार।** आईजीआरएस निस्तारण में शिकायतकर्ताओं की ओर से फीडबैक खराब दिया जा रहा है। इसका कारण अधिकारियों की ओर से व्यक्तिगत संपर्क न करना व स्थलीय निरीक्षण से दूरी बनाना है। इससे सूबे में कन्नौज को अंतिम 5 में जगह मिली है। इसको लेकर सीडीओ ने सभी अधिकारियों को चिट्ठी भेजी है और सुधार लाने की बात कही है।

सीडीओ राम कृपाल चौधरी ने सभी बीडीओ व जिला स्तरीय अधिकारियों को पत्र भेजकर कहा है कि मई की आईजीआरएस रैंकिंग में जनपद का स्थान अंतिम 5 में आया है। प्रदेश सरकार से जारी मूल्यांकन रिपोर्ट एवं संदर्भों के परीक्षण से स्पष्ट हुआ है कि अफसर, शिकायतकर्ता से व्यक्तिगत संपर्क व स्थलीय सत्यापन नहीं करते हैं। इससे निस्तारण में शिकायतकर्ता की संतुष्टि का प्रतिशत भी बेहद खराब है। जिससे जनपद की रैंक पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। इस कृत्य से जनपद की छवि धूमिल हुई है। साथ ही पाया गया है कि संदर्भों के निस्तारण में डिफाल्टर होने की आखिरी तारीख के दिन ही आख्या अपलोड की जाती है जिससे शिकायत का गुणात्मक निस्तारण एवं प्रभावी अनुश्रवण नहीं हो पता है। जबकि आईजीआरएस सेल से दूरभाष एवं व्हाट्सएप के जरिए समय-समय पर गुणवत्तापरक निस्तारण के लिए निरंतर कहा जाता है। यह स्थिति अत्यंत आपत्तिजनक एवं लापरवाही है। सीडीओ ने कहा है कि व्यक्तिगत रुचि लेते हुए आवेदक से स्वयं संपर्क कर स्थलीय निरीक्षण कर व्यक्तिगत संवाद स्थापित कर प्रकरण निस्तारण किया जाए। इससे संतुष्टि के प्रतिशत में अपेक्षाकृत बढ़ोत्तरी हो सके। ऐसा न करने पर कार्रवाई की जाएगी।

# अलग-अलग स्थानों पर चले लाठी डंडे

**गुरसहायगंज।** क्षेत्र के अलग-अलग स्थान पर दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिबिया जलालपुर निवासी खुशबू दुबे पुत्री स्वर्गीय सुधीर कुमार ने पुलिस को बताया है कि गांव के ही रविकांत, संतोष और राजकुमार ने उसकी बहन प्रीति और चाचा संतोष के साथ गाली गलौज की। जब उसने इस बात का विरोध किया तो उसे, उसकी बहन प्रीति व चाचा को लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं क्षेत्र के ग्राम मसीटपुरवा निवासी माधुरी देवी पत्नी अमर सिंह ने पुलिस को बताया है कि गांव के ही राजेश, राहुल, गोलू और रामाश्रय ने रंजिश को लेकर दरवाजे पर आकर उसके पुत्र और उसके साथ गाली गलौज कर दी। जब उसने इस बात का विरोध किया तो उसे और उसके पुत्र संजीव को भी मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली पुलिस ने अलग-अलग स्थान से आए पीड़ितों की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ससुराल में फंदे पर लटका मिला युवक का शव

**तिर्वा।** ससुराल में रह रहे युवक का शव फंदे से लटका मिला। जानकारी पर पहुंचे परिजनों ने ससुरालियो पर प्रताडित कर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी।

जनपद अलीगढ थाना दांदो गांव हैबतपुर कटरा गांव निवासी हसन (35) पुत्र रफीक इंदरगढ़ के झुलनापुर गांव स्थित ससुराल में रहता था। किसी बात से नाराज होकर बुधवार की सुबह उसने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। शव लटका देखकर परिजनो में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंचे मृतक के पिता और भाई ने बताया कि उसका पुत्र अपनी ससुराल में रहता था। ससुराली जन उसको प्रताड़ित करते रहते थे। ससुरालियो ने उसको फंदे पर लटका दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष पारूल चौधरी ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। किसी प्रकार का कोई आरोप नही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो जाएगा।

# एआरटीओ कार्यालय के आरआई हुए स्थानांतरित

कार्यालय संवाददाता कन्नौज


एआरटीओ कार्यालय के आरआई जितेंद्र सिंह। अमृत विचार

- पहली पोस्टिंग में 5 वर्ष 10 माह का कार्यकाल पूरा करने के बाद किया गया स्थानांतरण

**अमृत विचार।** सहायक उप संभागीय परिवहन कार्यालय में पहली पोस्टिंग में 5 वर्ष 10 माह का कार्यकाल पूरा करने के बाद आरआई टेक्निकल जितेंद्र सिंह का आगरा के लिये स्थानांतरण कर दिया। उन पर धन वसूली के आरोप प्रत्यारोप लगते रहे हैं।

शासन से परिवहन विभाग के अधिकारियों के भी स्थानांतरण किये गये हैं। इन में कन्नौज में एआरटीओ कार्यालय में तैनात आरआई टेक्निकल जितेंद्र सिंह भी शामिल हैं। इनको आगरा भेजा गया है। इन के स्थान पर आगरा एआरटीओ कार्यालय के आरआई टेक्निकल उमेश कटियार को कन्नौज भेजा गया है। जितेंद्र सिंह का कार्यकाल लंबा रहा है। वह पहली पोस्टिंग में कन्नौज भेजे गये। यहां उन्होंने बेहतर तरह से काम किया। गाड़ियों की जांच के दौरान खामी मिलने पर उन्होंने वाहन को ठीक करा कर लाने के लिये वापस किये। इस पर उनके ऊपर धन उगाही के आरोप प्रत्यारोप लगते रहे। एआरटीओ कार्यालय के आसपास बैठने वाले वेंडर भी आरआई पर जबरन गाडियों में कमी बता कर धन उगाही करने का आरोप लगाते रहे। यही नहीं उनके कार्यकार्य में एआरटीओ कार्यालय विवादों में घिरा रहा। दलाली की शिकायत पर कई दलालों के खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई पर बाद में इस मामले को भी ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। यही नहीं कार्यालय में निजी कर्मचारियों के पटलों पर बैठा कर दलाली कराने की भी जांच होती रही पर अधिकारियों की सांठ-गांठ के चलते जांच रिपोर्ट को सही तरह से शासन तक नहीं भेजा गया। इससे एआरटीओ कार्यालय के अधिकारियों पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं की जा सकी। अब स्थानांतरण होने के बाद वेंडरों ने राहत की सांस तो ली है पर उम्मीद जताई है कि जो आरआई टेक्निकल आगरा से आ रहे हैं शायद व इस तरह से वाहनों की जांच न करें।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# हल्की बारिश में काट दी बिजली, पूरी रात रही गुल

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** हल्की बारिश में बिजली को गुल किया जा रहा है। बारिश बंद होने के बाद फाल्ट बता कर पूरी रात बिजली गुल रहती है। रात में जैसे ही हल्की बारिश हुई बिजली गुल हो गई।

जिले में बिजली व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही है। विभाग की लापरवाही कहें या लाइनमैन की लापरवाही से उपभोक्ताओं को पूरी रात बिना बिजली के गुजारना पड़ रहा है। मंगलवार की शाम हवा चलने के साथ बारिश हुई तो इसेस पहले विद्युत उपकेंद्रों से बिजली काट दी गई। करीव आधा घंटे के बाद बारिश बंद हुई तो बिजली नहीं दी गई। जानकारी करने पर बताया गया कि फाल्ट हो गया है। अब बिजली रात में मिलना संभव नहीं है। इस के बाद उपकेंद्र के निकट जंफर टूटा मिलने के बाद बिजली को ठीक किया गया। रात करीव 12 बजे बिजली आ गई। यह कहानी मानपुर विद्युत उपकेंद्र की है। इन में हल्की बारिश होने पर बिजली काटी जा रही है।

### बारिश के दौरान ट्रांसफार्मर हुआ लीक, तेल बहा

**कन्नौज।** जलालाबाद क्षेत्र के पांडेय पुरवा गांव में बारिश के दौरान ट्रांसपार्मर में लीकेज हो गया। इससे उसका तेल गिरने लगा। जानकारी पर लोगों ने तत्काल बिजली विभाग के जेई को मामले की जानकारी दी। इस के बाद बिजली को बंद करा कर गिरते तेल को बंद किया गया। इस के बाद बिजली की खराबी दूर कर सप्लाई बहाल की गई।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचना मैने अपना नाम FOOL CHANDRA से बदलकर FOOL CHAND CHAUHAN रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0- GOVERDHAN ADD-VIJAY NAGAR DIST-BALRAMPUR (U.P)

**सूचना**
सर्वविदित हो कि मेरा आधार कार्ड में मेरा नाम Tanveer ahmad तनवीर अहमद दर्ज है व पासपोर्ट में tanvir Ahmad तनवीर अहमद है जो कि गलत है। मुझे पासपोर्ट में भी Tanveer Ahamd के नाम से जाना जाए। तनवीर अहमद पुत्र नजीर अहमद नि0 माधौपुर थाना फखरपुर, कैसरगंज बहराइच

**Notice**
I have lost my Original sale deed dated 06.06.2003 executed by Smt. Rajeshwari Nigam wife of Late Sarvdaman Nigam in favor of (1) Sri Ikrar Ahmad & (2) Sri Ishtiyak Ahmad sons of Sri Ikakh Ahmad vide book No. 1, Jild No. 1472 on pages 1 to 26 at Sl. No.5935 dated 06.06.2003 duly registered at the office of Sub Registrar-V, Lucknow in respect house no.360/68, (old No.369/144 Ka) admeasuring 1600 sq. fts. Le 148.698 mtrs only.

**सूचना**
मैं घनश्याम पुत्र शिवनंदन निवासी ग्राम व पोस्ट मंकराव, तहसील मौदहा, जिला हमीरपुर उत्तर प्रदेश अपने पुत्र रामचंद्र और पुत्रवधू चंद्ररेखा को चाल चलन और झगड़ालू स्वभाव के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं, आज के बाद इनके द्वारा नैतिक या अनैतिक कार्यो से मेरा और मेरे परिवार का कोई संबंध नहीं है। उपरोक्त द्वारा किये गये नैतिक अनैतिक कार्यो के लिए वे दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**सूचना**
सूचित है कि बचपन में मुझे लोग आदिम नाम से पुकारते थे। मेरा वास्तविक नाम अमित है। आधार कार्ड और पेन कार्ड में भी मेरा नाम अमित ही दर्ज है। अमित और आदिम दोनों नाम एक ही हैं। परंतु अब मुझे अब आदिम के बजाय अमित नाम से ही जाना जाये। अमित पुत्र छोटे निवासी छिपैटी शहर व जिला इटावा


## मनमानी — मंडी समिति के प्रतिनिधि के किसान दिवस में न होने से समस्या नहीं निपटी

# सरकारी कांटा खराब, निजी धर्मकांटे की मानते तौल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



किसान दिवस में मौजूद डीडी कृषि संतोष कुमार, जिला कृषि अधिकारी संतलाल गुप्ता, मत्स्य विभाग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अजय सिंह व अन्य लोग।

- नए अधिकारियों की मौजूदगी में पहला आयोजन, सम्मान निधि की शिकायत निस्तारित

**अमृत विचार।** नए अधिकारियों की मौजूदगी में किसान दिवस का पहली बार आयोजन हुआ। अफसरों ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी तो किसानों ने शिकायतें दर्ज कराईं। मंडी समिति में ज्यादातर सरकारी कांटा खराब रहने और आढ़तियों की ओर से निजी धर्मकांटे की ही तौल ही मानने की समस्या बताई। मंडी के जिम्मेदार या किसी प्रतिनिधि के कार्यक्रम में न पहुंचने की वजह से समस्या का समाधान नहीं हो सका।

ब्लॉक सदर क्षेत्र के मोचीपुर निवासी अखिलेश दुबे ने कहा कि मंडी समिति में लगे तौल करने वाले कांटे अक्सर खराब ही रहते हैं। बाहर स्थित एक प्राइवेट तौल को ही मंडी समिति के लोग मानते हैं। छिबरामऊ के गांव जगतपुर निवासी रामलखन पाठक ने बताया कि सिकंदरपुर में नया पशु चिकित्सा केंद्र बनाया गया है लेकिन संचालित न होने से किसान दूर भटकते हैं। इस पर उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सारिका मल्ल ने बताया कि भवन का अभी उद्घाटन नहीं हुआ है। इससे अस्पताल संचालित नहीं है। किसान सुखराली देवी व रामविलास ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि न मिलने की शिकायत दर्ज कराई। डीडी कृषि संतोष कुमार ने पोर्टल पर जांच कराई तो निष्क्रिय खाते को सक्रिय कराया गया। साथ रुके भुगतान को जारी करने के लिए पोर्टल पर प्रक्रिया की गई। उदैतापुर निवासी मान सिंह ने पशुओं का वैक्सीनेशन न होने की समस्या उठाई। इस पर डिप्टी सीवीओ ने कहा कि वैक्सीनेशन के लिए ग्रामवार रोस्टर तैयार किया जा रहा है। जल्द ही टीकाकरण शुरू होगा। मत्स्य विभाग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अजय सिंह, जिला कृषि अधिकारी संतलाल गुप्ता, डीएचओ सीपी अवस्थी, भूमि संरक्षण अधिकारी आरके वर्मा, कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी के उद्यान वैज्ञानिक डॉ. अमर सिंह, मौसम वैज्ञानिक अमरेंद्र यादव, अपर जिला कृषि अधिकारी हरेंद्र तिवारी मौजूद रहे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत न्योरी वि0खंड-बिधनू कानपुर नगर**

पत्रांक-मेमो/पंद्रहवां/पंचम/स्वछ भारत निशान ग्रामीण फेज 2/ मनरेगा/निविदा/प्रकाशन/2025-26 दिनांकः 18/06/2025

**अल्प कालीन निविदा सूचना**

समस्त अधिकृत फ़र्म / पंजीकृत विक्रेताओ को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत न्योरी वि0ख0 बिधनू जनपद कानपुर नगर के स्वच्छ भारत मिशन फेज-2/पंद्रहवा / पंचम वित्त एवं मनरेगा के अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु आवश्यक सामग्री तथा सीमेंट, मौरंग, बालू, सरिया, इंटरलॉकिंगईट, गिट्टी, ईट, लोहा जाली, आदि कार्य स्वच्छ भारत मिशन फेज-2/पंद्रहवा / पंचम वित्त एवं मनरेगा की धनराशि से प्रस्तावित हैं। दिये गए कार्यो हेतु निर्धारित मानक व गुणवत्ता के अनुसार सामग्री हेतु मोहरबंद निविदाए आमंत्रित कि जाती है। निविदा 18/06/2025 से 23/06/2025. तक (नि:शुल्क) किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय ग्राम पंचायत न्योरी के सचिवालय में जमा की जा सकती है। व निविदा दिनांक 23/06/2025 को समय अपरान्ह 02:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के पंचायत सचिवालय न्योरी में समिति के समक्ष खोली जायेगी। आयकर कटौती व जीएसटी का भुगतान विभाग द्वारा निर्धारित दरों के अनुसार किया जाएगा। ग्राम पंचायत को यह अधिकार होगा कि वह बिना बताये निविदा निरस्त कर सकती है। दर्शाय गये कार्यो के धन की उपलब्धता के अनुसार कार्य करने के आदेश दिये जायेगे।

| क्र०सं० | कार्य का नाम | नग/सं० | सामग्री कि अनुमानित लागत | सामग्री कि अनुमानित धनराशि | कार्य कि अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रा०वि० डंडेपुरवा में कायाकल्प कार्य | 1 | 5.50 लाख | प्राकलन के अनुसार | 1 माह |
| 2 | पंचायत भवन में पुस्तकालय निर्माण कार्य | 1 | 2 लाख | प्राकलन के अनुसार | 1 माह |

नियम व शर्तेः- 1. उक्त कार्य कराये जाने हेतु अनुभवी संस्था के चयन हेतु अल्पकालीन निविदा आंमत्रित की जारहीहै। 2. निविदा कार्यालय ग्राम पंचायत से प्राप्त की जा सकती है। 3. निविदादाताओं की जीएसटी/पैन/फर्म का रजिस्ट्रेशन की प्रमाणित छाया प्रति संलग्न कर देना होगा। 4. निविदा की स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार गठित समिति का होगा। 5. साम्रग्री घट बढ़ सकती है। प्राक्कलन के अनुसार व भुगतान वास्तविक एमबी के अनुसार ही होगा। 6. आइटमरेट प्राक्लन कि दशा मे 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि एफडीआर/बैंक ड्राफ्ट् / के रूप ग्राम पंचायत के पास बन्धक होगी व निविदा स्वीकृति के पश्चात सिक्योरिटी धनराशि 10 प्रतिशत भी ग्राम पंचायत के पास बंधक होगी। 7. यदि किसी कारणवश निविदा खुलने का कार्य प्रभावित होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस मे खोली जाएगी। 8-प्रत्येक कार्य के लिए अलग अलग आवेदन करना होगा। 9-न्यायालय द्वारा रोक लगाये जाने पर ग्राम पंचायत की भुगतान के सन्दर्भ में कोई भी जवाबदेही नही होगी।

श्रीमान रामनरेश यादव
ग्राम प्रधान
ग्रा0प0 न्योरी वि0ख0 बिधनू
कानपुर नगर

श्रीमती रिचा उमराव
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्रा0प0 न्योरी वि0ख0 बिधन्
कानपुर नगर

नारायना हॉस्पिटल (इकाई नारायना मेडिकल कॉलेज) गंगागंज, पनकी कानपुर
सुपर स्पेशियालिटी - 1050 बेड सुसज्जित अस्पताल
अत्याधुनिक मशीनों द्वारा सुसज्जित एवं अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा परामर्श की सुविधा उपलब्ध है।
यह योजना प्रथम दो हजार मरीज़ो के लिए मान्य होगी। जल्द ही रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करें।
निःशुल्क ऑपरेशन शिविर
20 मई 2025 से 15 जून 2025 तक
● आँखों का ऑपरेशन (सफेद और काला मोतियाबिंद)
● डिलीवरी (नॉर्मल एवं ऑपरेशन विधि द्वारा)
● पित्त की थैली का ऑपरेशन (ओपेन एवं दूरबीन विधि द्वारा)
● नाक, कान एवं गला (कान के पर्दे का ऑपरेशन, टेढ़ी नाक, टॉन्सिल्स)
● हड्डी का उपचार एवं सभी प्रकार के ऑपरेशन निःशुल्क
जनरल मेडिसिन विभाग | चर्म रोग विभाग | नेत्र रोग विभाग | दाँत रोग विभाग | मानसिक रोग विभाग | जनरल सर्जरी विभाग
स्त्री रोग विभाग | हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग | टी. बी. चेस्ट विभाग | नाक, कान व गला विभाग | नवजात शिशु व बाल रोग विभाग
खून की जाँचों पर 65 प्रतिशत तक की छूट, सिर्फ दवाई, इम्प्लान्ट और जाँचों पर इलाज पायें। अन्य कोई चार्ज नहीं।
24 घंटे इमरजेन्सी एवं एम्बुलेन्स की सुविधा उपलब्ध
Mob.:7800007704, 7800007705, 9918601150
www.narainamedicalcollege.com
Email: nhrc@narainagroup.net

## आज का मौसम

गुरुवार को दिन भर बादल छाए रहने के साथ गरज और चमक संग हल्की से मध्यम तक बारिश होने की संभावना है।

32.0° अधिकतम तापमान | 26.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05:16 | सूर्यास्त 07:07

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# सड़क दुर्घटनाओं में दो की मौत, पांच घायल

## पहली घटना में बाइकों की आमने-सामने हुई भिड़ंत, दूसरी घटना में ट्रक से स्कार्पियो की हुई टक्कर

संवाददाता,छिबरामऊ


एंबुलेंस में मौजूद घायल श्रद्धालु। अमृत विचार


चंदन उर्फ अभिषेक।

**अमृत विचार।** ग्राम असलताबाद में दो बाइकों की हुई आमने-सामने जोरदार भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। एक अन्य घटना में खड़े ट्रक से स्कॉर्पियो कार टकरा गई। इसमें एक की मौत हो गई जबकि चार लोग घायल हो गए। पहली घटना में विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम सरैया निवासी 35 वर्षीय चंदन उर्फ अभिषेक शाक्य पुत्र राधेश्याम मोबाइल रिपेयरिंग का कार्य करता था। मंगलवार की शाम वह छिबरामऊ से बाइक से घर जा रहा था। ग्राम असलताबाद पहुंचते ही सामने से आ रही दूसरी बाइक पर सवार ग्राम बहादुरपुर निवासी 18 वर्षीय गोलू पुत्र नंदराम यादव से आमने-सामने भिड़ंत हो गई। घटना में दोनों चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें उपचार के लिए सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद चंदन उर्फ अभिषेक की हालत गंभीर देख तिर्वा मेडिकल कॉलेज, वहां से हैलट और फिर रीजेंसी रेफर कर दिया गया। वहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक अपने पीछे जुड़वां बच्चे पुत्री अस्ति, पुत्र आस्तो पत्नी कुशमा तथा माता निर्मला देवी और पिता राधेश्याम को रोता बिलखता छोड गया। वहीं विशुनगढ थाना प्रभारी गौरव कुमार ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। प्रार्थना पत्र मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

दूसरी घटना गलत तरीके से खड़ा किए गए ट्रक से श्रद्धालुओं से भरी स्कॉर्पियो कार टकराने से हुई। मंगलवार की रात लगभग 11:30 बजे हरिद्वार से लौट रही श्रद्धालुओं से भरी स्कॉर्पियो कार ग्राम खल्ला रोड के किनारे गलत तरीके से खड़े किए गए ट्रक से टकरा गई। घटना में कार सवार कलेक्टर गंज फतेहपुर निवासी 38 वर्षीय अभिनव बाजपेई पुत्र महेश चंद्र बाजपेई, लोधी गंज फतेहपुर निवासी 40 वर्षीय अनिल पुत्र रामप्रसाद, 36 वर्षीय दिनेश कुमार पुत्र रघुनाथ व पंकज गुप्ता पुत्र स्व. कैलाश गुप्ता एवं गोकुल नगर जेल निवासी 40 वर्षीय अजय पुत्र राजू प्रजापति घायल हो गए। वहीं कार भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद सभी को तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। वहां पंकज गुप्ता की उपचार के दौरान मौत हो गई और दो लोगों की हालत ज्यादा नाजुक बताई जा रही है। इसके अलावा एक अन्य दुर्घटना में ग्राम कुंवरपुर बनवारी के पास ओमनी कार की टक्कर लगने से साइकिल से वापस घर जा रहा विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम बलरामपुर निवासी 14 वर्षीय प्रियांशु पुत्र विनय कुमार घायल हो गया।

### दुर्घटना में घायल सेवानिवृत अध्यापक ने दम तोड़ा

**छिबरामऊ।** सौरिख रोड स्थित कालिका देवी मंदिर के पास तेज रफ्तार आर कार की टक्कर लगने से घायल हुए सेवानिवृत अध्यापक की तिर्वा मेडिकल कॉलेज ले जाते समय मौत हो गई। सौरिख के खड़नी निवासी 69 वर्षीय चेतराम शाक्य पुत्र भगवतदयाल शाक्य कृषक इंटर कॉलेज कुतुपुर बहावलपुर चपुन्ना से सेवानिवृत्ति अध्यापक थे। मंगलवार को वह अपने पुत्र विकास के साथ नगर के सौरिख रोड स्थित कालिका देवी मंदिर के पास बने मकान को देखने आए थे। यहां एक तेज रफ्तार कार चालक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी थी।घटना में उनका बायां पैर बुरी तरह कुचल गया था। हालत ज्यादा गंभीर होने पर उन्हें सौ शैय्या अस्पताल से तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया था। परिजन उन्हें उपचार के लिए तिर्वा ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में ही मौत हो गई। बुधवार को उनका शव घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। उधर, स्थानीय लोगों ने कार चालक को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

# दिनभर रहे बादल व सूरज ने की लुकाछिपी, बूंदाबांदी

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

● अधिकतम व न्यूनतम तापमान में गिरावट, पर उमस बरकरार

**अमृत विचार।** मानसूनी बारिश का समय नजदीक है और ऐसे में मौसम का मिजाज रोज बदल रहा है। इसी क्रम में दिन भर बादलों की आवाजाही के बीच सूरज लुकाछिपी करता रहा। कुछ समय के लिए हल्की बूंदाबांदी भी हुई। बादलों के अधिकांश समय तक छाए रहने से अधिकतम व न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई लेकिन उमस का असर बरकरार रहा। आगामी दिनों में इसी तरह के मौसम के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने के आसार जताए गए हैं।

बुधवार की सुबह अपेक्षाकृत सुहावनी रही। हालांकि सुबह से ही सूरज के निकलने और बादलों में छिपने का क्रम जारी रहा। इससे पहले मंगलवार की रात रिमझिम बारिश के साथ चली पूर्वी हवा ने मौसम की तपिश को खासा कम कर दिया जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। सुबह नौ बजे तक मौसम का मिजाज नरम रहा लेकिन इसके बाद निकली धूप से उमस भरी गर्मी का असर बढ़ गया। करीब 11 बजे फिर से बादलों का आना शुरू हुआ और लगा कि बारिश होगी लेकिन कुछ ही देर में फिर से धूप का असर हो गया। कुछ और देर बीतने के बाद हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई लेकिन यह स्थिति ज्यादा देर नहीं रही। फिर से सूरज की किरणें धरती पर पड़ने से उमस भरी गर्मी बढ़ गई। आर्द्रता अधिक होने के कारण लोग गर्मी से बेहाल रहे।

कृषि मौसम वैज्ञानिक अमरेंद्र यादव के अनुसार बुधवार को अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम 27 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### 24 घंटे में 28 मिमी बारिश

मौजूदा समय में प्री मानसून बारिश जहां-तहां हो रही है। मंगलवार रात छाए बादलों से गरज चमक के साथ जिले में अलग-अलग स्थानों पर मध्यम से लेकर भारी बारिश हुई। हालांकि बुधवार को बूंदाबांदी ही हुई। मौसम विभाग की मानें तो 24 घंटों में जिले में लगभग 28 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई है।

## एक नजर

### ग्रामीणों के सहयोग से युवक ने युवती को भगाया

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र के एक ग्राम निवासी महिला ने कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि फर्रुखाबाद के ग्राम सिरमौरा निवासी युवक उसकी पुत्री को 15 अप्रैल को बहला फुसला कर अपने साथ भगा ले गया। पुत्री को भगाने में गांव के चार लोगों ने भी सहयोग किया। जब उसने आरोपियों से शिकायत की तो उसके साथ गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### परिजनों पर लगाया मारपीट का आरोप

**गुरसहायगंज।** परिजनों ने घरेलू विवाद को लेकर युवक से गाली गलौज की और मारपीट कर घायल कर दिया।

ग्राम जयसिंहपुर्वा निवासी दिनेश चन्द्र पुत्र बाबूराम कोतवाली में दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि बुधवार की सुबह लगभग 07 .30 बजे उसके भाई, भतीजे व भाई की पत्नी घरेलू विवाद को लेकर उसके दरवाजे पर आए और गालीगलौज की। मना करने पर मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर चले गए। कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत, रिपोर्ट दर्ज

**कन्नौज।** गुरसहायगंज कोतवाली के मोहित कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। कहा कि 06 जून को वह मोटर साइकिल पर पिता को बैठा कर ले जा रहा था। टोल प्लाजा से करीब तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मारदी। इससे उसके पिता के गंभीर चोट आई। उनको जिला अस्पताल ले जाया गया वहां ।फिर निजी अस्पताल कानपुर और वहां से हैलट अस्पताल में उपचार दिया गया। वहां उनकी 11 जून को मौत हो गई। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

# बुलडोजर चलवाकर खाली कराई सरकारी जमीन

संवाददाता तिर्वा

● काफी साल से दबंग किए थे अवैध कब्जा


बुलडोजर चलाकर कब्जा मुक्त कराती राजस्व टीम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सरकारी जमीन पर कब्जे की शिकायत पर पहुंची राजस्व टीम ने पैमाइश कराने के बाद बुलडोजर चलवाकर उसे कब्जा मुक्त करा दिया।

तहसील क्षेत्र के निस्तौली गांव में पंचायत घर बनवाने के लिए जगह न मिलने पर ग्राम प्रधान ने गांव में पड़ी सरकारी जमीन को खाली कराने की मांग की। इससे पंचायत घर का निर्माण कराया जा सके। ग्राम प्रधान की शिकायत पर तहसीलदार अवनीश कुमार ने जांच की तो पाया, सरकारी जमीन पर श्यामपुर गांव निवासी एक युवक ने अवैध कब्जा कर उस पर निर्माण कराया था। तहसीलदार ने सरकारी जमीन खाली कराने के लिए नायब तहसीलदार के नेतृत्व में लेखपाल सनोज यादव, आयुष, उमेश, सौरभ, ज्ञान सिंह की टीम बनाकर अवैध निर्माण ध्वस्त कराने के निर्देश दिए। तहसीलदार के आदेश पर पहुंची राजस्व टीम ने जमीन की पैमाइश कराकर अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलवाकर खाली करा दिया। इसके बाद जमीन प्रधान को सौंप दी। तहसीलदार ने बताया कि पंचायत घर निर्माण के लिए जगह न मिलने पर ग्राम प्रधान ने सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत की थी। जमीन को खाली कराते हुए प्रधान को सौंप दिया गया है।



कलक्ट्रेट में भूख हड़ताल पर बैठा परिवार, जानकारी लेती कोतवाली पुलिस। अमृत विचार

# युवक की मौत पर हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

● कलक्ट्रेट में भूख हड़ताल पर बैठे, पुलिस ने हल्का बल प्रयोग व समझा कर हटाया

**अमृत विचार।** इंदरगढ़ थाना क्षेत्र में हुई युवक की मौत के मामले में पुलिस की ओर से रिपोर्ट न लिखने का आरोप लगा कर परिजन कलक्ट्रेट में भूख हड़ताल पर बैठ गए। बाद में पुलिस ने हटाया।

इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव कछपुरवा निवासी वालेश्वर दयाल का पुत्र मोहित शटरिंग लगाने का काम करता था। 26 मई को वह शटरिंग खोलने के लिये औरैया जनपद के गांव सिटयावा गया था। काफी शाम हो गई तो परिजनों ने खोज की। पता चला कि उसकी हत्या कर दी गई और शव को कटैया पुल के निकट डाल दिया गया। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिये जिला मुख्यालय भेजा। इस के बाद परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी जिसमें पिता ने दामाद समेत कुछ अन्य लोगों पर ही हत्या करने का आरोप लगाया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इसी से नाराज मृतक के परिजन व गांव के सगे संबंधी बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां भूख हड़ताल का बैनर लगा कर धरना शुरू कर दिया। इस की जानकारी अधिकारियों को हुई तो उन्होंने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया पर वह नहीं माने। इसके बाद सूचना पर कोतवाली पुलिस पहुंची और पोस्टमार्टम रिपोर्ट की जांच की। इसमें मौत का कारण स्पष्ट नहीं होने व विसरा सुरक्षित करने की बात लिखी थी। कोतवाली पुलिस ने इंदरगढ़ थानाध्यक्ष पारुल चौधरी से जानकारी ली तो उन्होंने बिसरा जांच के लिये भेजने की बात कही। इस दौरान अतिरिक्त मजिस्ट्रेट रामकेश ने भी धरना दे रहे लोगों को समझाया। इस के बाद पुलिस ने हलका बल प्रयोग कर परिजनों को समझाते हुए भूख हड़ताल से हटा दिया।

# किशोरी से छेड़छाड़ में 3 साल की कैद

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** किशोरी से छेड़छाड़ के मामले में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अलका यादव ने दोषी को तीन साल की जेल तथा जुर्माने से दंडित किया है। जुर्माने की राशि पीड़ित को क्षतिपूर्ति के रूप में देने के आदेश दिया है।

सौरिख थाने में एक महिला ने एसपी के आदेश से रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कहा था कि उसकी पुत्री कक्षा 11 की छात्रा है। पढ़ने जाते समय गांव के ही अश्वनी व बाबू ने रास्ते में घेरकर उसके गले में हाथ डालकर फोटो खींच ली। इसके बाद गलत गाम करने को कहा और न करने पर फोटो फेसबुक पर डाल दी जिससे उसकी पुत्री डर के कारण शिक्षा ग्रहण करने नहीं जा रही। सौरिख थाने में प्रार्थनापत्र दिया लेकिन आज तक सुनवाई नहीं हुई। मामले में एसपी के आदेश से 28 अगस्त 2017 को रिपोर्ट दर्ज की गई। मामले में विवेचना के बाद विवेचक इंस्पेक्टर अजय राज वर्मा ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध आरोपपत्र न्यायालय में दाखिल किया। न्यायाधीश ने बाबू उर्फ राजवीर को दोष सिद्ध पाया जबकि साक्ष्यों के अभाव में अश्वनी को दोषमुक्त कर दिया। बाबू को तीन साल की जेल की सजा सुनाई।

### तीन बच्चों की मां प्रेमी के साथ गई

**तिर्वा।** मायके आई महिला अपने तीन बच्चों को छोड़कर जेवरात व नकदी समेत प्रेमी के साथ फरार हो गई। थाना ठठिया के गांव निवासी युवक ने बताया कि उसकी पुत्री अपने तीन बच्चों को लेकर मायके घूमने आई थी। 10 जून को उसे एक लड़के से मुलाकात हो गई। वह बच्चों को छोड़कर चली गई। उसका पता न चला।

निरीक्षण | डीआईजी हरीश चन्दर ने पुलिस लाइन व अनौगी पॉलीटेक्निक में ठहरने के इंतजाम परखे

# परखी रिक्रूट सिपाहियों की ट्रेनिंग व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

● मेस से लेकर अन्य व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया


पुलिस लाइन में महिला रिक्रूट सिपाहियों से जानकारी लेते डीआईजी हरीश चंदर व मौजूद जिले के पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** डीआईजी कानपुर परिक्षेत्र ने पुलिस लाइन व अनौगी के पॉलीटेक्निक में प्रशिक्षण के लिये ठहराए गये रिक्रुट सिपाहियों के प्रशिक्षण सेंटरों की व्यवस्था जांची। नये भर्ती सिपाहियों से जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

बुधवार को पहुंचे पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र हरीश चन्दर ने पुलिस लाइन में सबसे पहले गार्द की सलामी लेकर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के साथ आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती 2023 में चयनित अभ्यर्थियों के प्रशिक्षण के चल रहे जेटीसी सेंटरों का निरीक्षण किया। पुलिस लाइन कन्नौज में चल रहे महिला रिक्रूट आरक्षियों एवं राजकीय महिला पॉलिटेक्निक अनौगी जसोदा थाना गुरसहायगंज में पुरूष रिक्रुट आरक्षियों के जेटीसी प्रशिक्षण सेन्टर का निरीक्षण किया। आरक्षियों के व्यवस्थापन तथा ट्रेनिंग की व्यवस्थाओं जैसे मैस, बैरक, स्नानघर, कक्षाओं आदि का जायजा लेते हुए शारीरिक प्रशिक्षण एवं तकनीकी प्रशिक्षण पद्धतियों पर विशेष ध्यान देने के लिये निर्देशित किया। व्यवस्थाओं को मानक अनरूप पूर्ण करने के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही प्रशिक्षण की गुणवत्ता और कौशल विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के लिए सम्बन्धित को निर्देश दिये। दोनों ट्रेनिंग सेन्टरों पर रिक्रूट आरक्षियों को शारीरिक प्रशिक्षण के साथ कानून और पुलिस की बुनियादी प्रक्रियाओं के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, क्षेत्राधिकारी लाइन कुलवीर सिंह, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन सुखपाल सिंह, प्रभारी आरटीसी व पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

# नियमित करें योग और शरीर को रखें निरोग

संवाददाता, गुरसहायगंज


शिविर में योगाभ्यास करते पालिका कर्मी।

**अमृत विचार।** योग सप्ताह के तहत पालिका परिसर में योग शिविर का आयोजन किया गया। इसमें कहा गया कि नियमित योगाभ्यास करने से शरीर को निरोगी व स्फूर्तिवान रखा जा सकता है। सभी को अपनी दिनचर्या में योग को भी शामिल करना चाहिए।

बुधवार को अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित की मौजूदगी में योग सप्ताह के तहत शिविर का आयोजन किया गया। इसमें प्रधान लिपिक आरपी सिंह ने पालिका कर्मियों व नागरिकों को योगाभ्यास कराया। ईओ ने बताया वर्तमान समय में व्यक्ति की दिनचर्या व खानपान बिगड़ गया। उठने, सोने और खाने पीने का कोई समय निर्धारित नहीं है। इससे तमाम बीमारियां जन्म ले रही है और शरीर रोगों को घर बनता जा रहा है। यदि शरीर को निरोगी रखना है। तो योग को जीवन का हिस्सा बनाकर इसे नियमित दिनचर्या में लाना होगा। इस दौरन जनार्दन मिश्रा, आकाश कुमार, वीर सिंह, शैलेन्द्र सिंह, प्रसन्नजीत मिश्रा, मनोज तिवारी, राजेश कुमार, दीनानाथ, इंद्रेश कुमारी आदि रहे।

## सार-संक्षेप

### एक्सप्रेस वे पर पलटी पिकअप, दो लोग घायल

**सौरिख।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर अनियंत्रित पिकअप पलटने से दो लोग घायल हो गए। घायलों को हाईवे एंबुलेंस से मिनी पीजीआई सैफई भर्ती कराया गया। राजस्थान के जिला अलवर के गांव मेहताबाद निवासी चालक सोनू पुत्र विशंभर दयाल तथा गाड़ी मालिक कर्मपाल सिंह निवासी मदन जनपद महेंद्रगढ़ हरियाणा के साथ लखनऊ से आम लेकर हरियाणा जा रहे थे। मंगलवार देर शाम समय 8 :30 बजे जब बारिश हो रही थी तभी आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर किलोमीटर 141 के सामने पहुंचे। हाईवे पर बरसात का पानी होने के कारण पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में दोनों लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे सहायक सुरक्षा अधिकारी संतोष कुमार एवं सुरक्षा अधिकारी मनोहर सिंह एवं उनके कर्मचारियों ने राहत बचाव करते हुये दोनों लोगों को हाईवे एंबुलेंस से अस्पताल में भर्ती कराया। हाइड्रा की मदद से क्षतिग्रस्त वाहन को सीधा कर दिया गया।

### पांच लोगों ने दंपति समेत तीन को पीटा

**तिर्वा।** गालीगलौज का विरोध करने पर पांच लोगों ने दंपति समेत तीन को मारपीट कर घायल कर दिया। सभी को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। सदर कोतवाली के रंगियनपुर्वा गांव निवासी कमला देवी पत्नी रघुनाथ ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि 16 जून की शाम को वह पति व पुत्र मनीष के साथ अपनी पुत्री बेबी की ससुराल थाना ठठिया के दलेलपुर गांव आई थी। पुत्री के ससुराली जनों में ससुर फूलसिंह, विपिन, सास रानी के अलावा नीलम व हिमांशी गालीगलौज करने लगे। जब विरोध किया तो उसके साथ मारपीट कर दी। शोरगुल सुनकर उसे बचाने आए उसके पति व पुत्र को भी मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# बेटी से छींटाकशी करने पर पिता ने आरोपी को पीटकर मार डाला

## डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिमरिया का मामला, बेहोश होने के बाद मौके पर ही पड़ा रहा

**कार्यालय संवाददाता, उरई**

**अमृत विचार।** डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिमरिया में हैडपंप पर पानी भरने गई विवाहित बेटी से युवक ने छींटाकशी कर दी। इस पर बेटी के पिता ने आरोपी को लाठी से पीट दिया। इससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे सीओ व कोतवाल ने आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी।

डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिमरिया निवासी राकेश की विवाहिता पुत्री ससुरालियों से चल रहे किसी विवाद को लेकर करीब तीन माह से अपने पिता के घर रह रही है। बताया गया कि बुधवार को वह गांव के हैंडपंप पर पानी भरने गई थी।

इसी दौरान वहीं का निवासी कल्लू (28) पुत्र चंद्रशेखर राजपूत नशे की हालत में पहुंच गया और युवती से छींटाकशी कर दी। विरोध करने पर गाली गलौज शुरू कर दी। घटना से आहत युवती घर पहुंची और पिता को पूरी बात बताई। गुस्से में आए पिता राकेश ने हैंडपंप के पास ही कल्लू को पड़कर लाठी से पीट दिया। इससे युवक बेहोश होकर वहीं गिर गया। काफी देर तक उसे कोई उठाना नहीं आया और वह पड़ा रहा। इससे उसकी मौत हो गई। इस दौरान गांव के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस व सदर सीओ अर्चना सिंह मौके पर पहुंचीं और घटनास्थल का मुआयना कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी।



कल्लू।



घटना के बाद जांच करती पुलिस। अमृत विचार

- पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी।
- सीओ अर्चना सिंह मौके पर पहुंचीं और मुआयना किया

# शादी का झांसा देकर किशोरी से दुष्कर्म का लगाया आरोप

**कार्यालय, संवाददाता उरई**

**अमृत विचार।** डकोर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में युवक द्वारा किशोरी को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म कर व आपत्तिजनक वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर लंबे समय तक शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया है।

डकोर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बुधवार को एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार को शिकायती पत्र दिया। जिसमें आरोप लगाते हुए बताया कि उसकी 16 वर्षीय बेटी को हमीरपुर जिले के एक गांव का निवासी युवक मिला और उसने शादी की बात कहकर उसे प्रेम जाल में फंसा लिया। इसके बाद उसने उसके साथ दुष्कर्म कर आपत्तिजनक वीडियो बना लिया। उसे वायरल करने की धमकी देकर उसका शारीरिक शोषण करता रहा। बताया कि 14 फरवरी को जब वह अपने घर पर थी, तो युवक ने उसे वीडियो वायरल करने की धमकी देकर खेत में बुला लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। जब उसे इसकी जानकारी हुई तो उसने युवक से बात करने की कोशिश की, लेकिन युवक पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा है। फिलहाल एसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए घटना की निष्पक्ष जांच पड़ताल करवाकर उसे न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया।

### भारत विकास परिषद ने नगर में लगवाया 19वां वाटर कूलर

**जालौन।** भारत विकास परिषद छत्रसाल शाखा की प्रेरणा से नगर में 19वां वाटर कूलर मुकेश साहनी द्वारा महान नर्सिंग होम पर स्थापित करवाया गया है, जिसका लोकार्पण रिटायर्ड सीएमओ डॉ. एमपी सिंह द्वारा किया गया कहा कि नर्सिंग होम में आने वाले मरीजों व उनके तीमारदारों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराना पुण्य का कार्य है।



मनोनयन पत्र देते संगठन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### फेम व्यापार मंडल के डॉ.अविनाश बने संगठन मंत्री

**फर्रुखाबाद।** फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल (फैम) के जिला संगठन मंत्री पद पर डॉ. अविनाश पाण्डेय को जिम्मेदारी दी गई। साथ ही उन्हें संगठन द्वारा मनोनयन पत्र सौंपा गया। इस दौरान फैम के जिलाध्यक्ष मनोज मिश्रा व जिला महामंत्री विमलेश मिश्रा के साथ संगठन के पदाधिकारी आवास विकास डॉ. अविनाश पाण्डेय के प्रतिष्ठान माधव मैक्स अस्पताल पंहुचे। डॉ. अविनाश पाण्डेय को जिला संगठन मंत्री का मनोनयन पत्र सौंपा। साथ ही अभिषेक वाजपेयी को जिला युवा अध्यक्ष मनोनीत किया गया। उन्हें संगठन को मजबूत करनें की जिम्मेदारी दी गयी है| इस दौरान वरिष्ठ महामंत्री अनूप गुप्ता, लाखन सिंह, संजीव वर्मा, मनोज दीक्षित रहे|

### मुठभेड़ में लुटेरे को पैर में लगी गोली, साथी भाग निकला

**लखनऊ।** फर्रुखाबाद के हेड कांस्टेबल की पत्नी का पर्स लूटने वाले एक बदमाश को पुलिस ने मंगलवार देर रात लंगड़ा फाटक के पास मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। पैर में गोली लगने से घायल बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराया गया, उसका दूसरा साथी भाग निकला। पुलिस ने मौके से तमंचा, कारतूस, खोखा, लूट में प्रयुक्त बाइक व लूटी रकम में 660 रुपये और मोबाइल बरामद किया है। मुठभेड़ से पहले एक और बदमाश को गिरफ्तार किया गया था। डीसीपी पूर्वी ने पुलिस टीम को 25 हजार रुपये के इनाम की घोषणा की है। 6 जून को रात फर्रुखाबाद निवासी हेड कांस्टेबल सर्वेश सिंह पत्नी अनुराधा के साथ ई-रिक्शा से चारबाग स्टेशन से लौट रहे थे। बस स्टेशन के बाहर बाइक सवार बदमाशों ने झपट्टा मारकर अनुराधा का पर्स लूट लिया था। सड़क पर गिरने से वह चोटिल हो गई थीं। पर्स में चेन, कुंडल और नकदी थी। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने आसपास लगे सीसी कैमरों के फुटेज खंगाले। डीसीपी ने आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए दो टीमों का गठन किया था।

### पत्नी को पीटा, फिर दिया तीन तलाक

फर्रुखाबाद। दहेज लोभियों की क्रूरता एक बार फिर सामने आई है। कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम जरारी में दहेज में बाइक और फ्रिज न मिलने पर एक महिला को पहले बेरहमी से पीटा गया, फिर पति ने तीन तलाक देकर उसे घर से निकाल दिया।

पीड़िता के पिता मोहम्मद अनवार निवासी ग्राम जरारी ने थाना जहानगंज में दी तहरीर में कहा है कि उसकी बेटी रेशमा की शादी चार वर्ष पूर्व मोहम्मद अवजाल पुत्र नत्थू निवासी ग्राम भटौली थाना जहानगंज से हुई थी। शादी के कुछ समय बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा लगातार बाइक और फ्रिज की मांग की जाने लगी। अनवार का कहना हैं कि उन्होंने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था, लेकिन दामाद और उसके परिवार की मांगें बढ़ती गईं। मांग पूरी न होने पर 11 जून को मोहम्मद अवजाल ने रेशमा को बुरी तरह पीटा और फिर तीन बार तलाक कहकर घर से निकाल दिया।

पीड़िता किसी तरह अपने मायके पहुंची और पिता को आपबीती सुनाई। अनवार की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### स्कूटी बचाने के चक्कर में ट्रैक्टर-ट्रॉली खाई में गिरी

**फर्रुखाबाद।** मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरा और ट्रॉली पलट गई। हादसे में चालक घायल हो गया और मक्का के 110 पैकेट बिखर गए। थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के गांव बढ़ोल निवासी सौरभ अपने ट्रैक्टर से ट्रॉली में 110 पैकेट मक्का भरकर नवीन मंडी, मोहम्मदाबाद जा रहे थे। जैसे ही वह हवाई पट्टी के निकट बड़े हनुमान मंदिर के पास पहुंचे, बेवर की ओर से आ रहे एक स्कूटी सवार को बचाने के प्रयास में सौरभ ने ट्रैक्टर का स्टेयरिंग तेजी से मोड़ दिया। इस दौरान ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जा गिरा, और ट्रॉली पलट गई, जिससे मक्का के सभी पैकेट इधर-उधर फैल गए। घटना स्थल पर मौजूद राहगीरों ने तुरंत घायल सौरभ को ट्रैक्टर से बाहर निकाला और 108 एंबुलेंस को सूचना दी।

### पुत्री नकदी, जेवर लेकर लापता

**फर्रुखाबाद।** थाना मोहम्मदाबाद क्षेत्र के एक गांव से एक युवती संदिग्ध परिस्थितियों में नकदी और जेवरात के साथ लापता हो गई। पीड़ित पिता ने काफी खोजबीन के बाद बेटी की गुमशुदगी की तहरीर कोतवाली में दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि उसकी 19 वर्षीय पुत्री 17 जून 2025 की रात अचानक घर से गायब हो गई। युवती अपने साथ शादी के लिए सुरक्षित रखे गए 1 लाख 70 हजार रुपये की नकदी, एक सोने की चेन, एक सोने की अंगूठी, कानों के झाले, चांदी का कमर का पिछुया तथा चांदी की पायल भी ले गई। परिजन पूरे इलाके में रिश्तेदारी व परिचितों के यहां तलाश करते रहे, लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं मिला। युवती के पिता ने कोतवाली मोहम्मदाबाद पहुंचकर घटना की जानकारी दी और गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और युवती की तलाश शुरू कर दी है।

### बिजली का करंट लगने से छात्र की मौत

**फर्रुखाबाद।** बिजली का करंट लगने से छात्र राज राजपूत की मौत होने से परिवार में मातम छा गया। बताते हैं कि राज थाना मऊदरवाजा के ग्राम नीवलपुर निवासी नकुल राजपूत का 12 वर्षी पुत्र राज बुधवार को सुबह ग्राम नीवलपुर स्थित गीतिका रस्तोगी स्कूल के पीछे घूम रहा था। स्कूल के पीछे खेत में कटीले तार लगे हुए थे जिसमें बिजली का करंट दौड़ रहा था। तार से छूने के बाद राज की तुरंत ही मौत हो गई।

### बाइक फिसलने से युवक की मौत

**अमृतपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम हरसिंहपुर गहलवार के सामने सड़क पार कर रही महिला को बचाने के चक्कर मे ग्राम करनपुर दत्त निवासी गोविंद(19) पुत्र अवधेश की बाइक सहित फिसल कर दूर जा गिरा। जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आ गईं और वह बेहोश हो गया। कुछ लोगों ने मौके पर एंबुलेंस बुलाकर उसे तत्काल लोहिया के लिए भेज दिया। जहां डॉक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। पांच भाई बहनों में मृतक तीसरे नंबर का था। बेटे की मौत की सूचना पाकर कोहराम मच गया।

# एक ही परिवार के दो पक्षों में मारपीट, कई घायल

**कार्यालय संवाददाता, उरई**

- डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कहटा का मामला
- तहरीर के बाद एक पक्ष के तीन लोगों को पुलिस ने पकड़ा

**अमृत विचार।** डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कहटा निवासी चेतराम ने पुलिस को तहरीर दी। जिसमें बताया कि मंगलवार की रात प्रमोद यादव, ब्रजपाल आदि निवासी ग्राम कहटा आए और पानी निकासी को लेकर परिजन के साथ गाली-गलौज करने लगे।

जब गाली देने से मना किया तो उन्होंने लात घूंसों, लाठी-डंडों व कुल्हाड़ी से पीट दिया। जिसमें वह घायल हो गए। बीच-बचाव करने आए बड़े भाई रामकिशन और रामशरण से भी मारपीट की। इस घटना में वह और उनके परिजन घायल हो गए। इसके साथ आरोपियों ने घर में रखे ट्रैक्टर व बाइक में भी तोड़फोड़ की। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। मारपीट में घायल हुए सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने घायल रामकिशन की हालत गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया। वहीं दूसरे पक्ष ने भी मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शशिकांत चौहान ने बताया कि मारपीट के मामले में एक पक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। दोनों ही पक्ष एक ही परिवार के हैं, जिसमें तीन लोगों को पकड़ लिया है। जिनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

# नहाते समय करंट से महिला की मौत

**उरई।** गोहन थाना क्षेत्र के ग्राम नवीपुर में एक महिला की करंट लगने से मौत हो गई।

गोहन थाना क्षेत्र के ग्राम नवीपुर निवासी महिला कल्पना बुधवार की सुबह बाथरूम में नहा रही थी। बताया गया कि नहाते समय उसने जैसे ही सबमर्सिबल पंप चलाने का प्रयास किया। तभी वह करंट की चपेट में आ गई और वहीं गिर गई। इस दौरान आहट सुनकर आसपास मौजूद परिजन मौके पर पहुंच गए और वह उसे उपचार के लिए पास के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पूछताछ शुरू कर दी। मृतका के जेठ प्रमोद कुमार ने बताया कि वह बाथरूम में नहाने के लिए गई थी सबमर्सिबलपंप का बटन दबाया और उसे करंट लग गया। मृतका अपने पीछे तीन बच्चों को छोड़ गई हैं।

# पुलिस ने 934 किलो जब्त मादक पदार्थ कराया नष्ट

**कार्यालय संवाददाता, उरई**

**अमृत विचार।** एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार की मौजूदगी में बुधवार को जनपद के विभिन्न थानों में दर्ज मुकदमों से संबंधित लगभग 934 किलोग्राम गांजा नष्ट कराया गया।

बता दें कि शहर के राजकीय मेडिकल कॉलेज में मादक पदार्थों को आधुनिक मशीनों के जरिए नष्ट कराया गया। एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार ने बताया कि जालौन जनपद के अनेक थानों पर अवैध मादक पदार्थों के कई मुकदमे दर्ज थे। जिनसे संबंधित लगभग 934 किलोग्राम गांजा थानों के माल गोदाम में रखा हुआ था। पिछले दिनों जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी की बैठक में उक्त माल को नियमानुसार निस्तारित करने का निर्णय लिया गया था। जिसके बाद बुधवार को उरई के राजकीय मेडिकल कॉलेज में उक्त मादक पदार्थों को पहुंचाया गया। जिसके बाद आधुनिक मशीनों के जरिए करीब दो करोड 50 लाख रुपये के मादक पदार्थों को नष्ट कराया गया। बताया कि आपरेशन क्लीन के अंर्तगत जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी व नार्कोटिक्स सेल जालौन द्वारा मादक पदार्थों का विनष्टीकरण कराया गया। इस दौरान सीओ सदर अर्चना सिंह, सदर कोतवाल अरुण कुमार राय आदि लोग मौजूद रहे।



मादक पदार्थ नष्ट कराती पुलिस।

- एसपी की मौजूदगी में हुई नष्ट करने की कार्रवाई
- जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी की बैठक में उठा था मुद्दा

# डीआईजी ने भोजन की गुणवत्ता को परखा

**कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद**

**अमृत विचार।** पुलिस उपमहानिरीक्षक हरीश चन्दर एवं पुलिस अधीक्षक आरती सिंह द्वारा पुलिस लाइन फतेहगढ़ में जेटीसी/आरटीसी प्रशिक्षण तैयारियों का निरीक्षण कर, प्रशिक्षण व्यवस्था, प्रशिक्षण कक्ष, हॉस्टल, भोजनालय, स्नानागार, शौचालय एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं और प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए। निरीक्षण के दौरान डीआईजी और एसपी ने प्रशिक्षण की प्रभावशीलता और अनुशासन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा उन्होंने प्रशिक्षण कक्षों, हॉस्टल, भोजनालय, स्नानागार, शौचालय तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं का अवलोकन कर सभी व्यवस्थाओं की गुणवत्ता का मूल्यांकन किया। साथ ही

साफ-सफाई और जीवन-यापन सुविधाओं पर विशेष जोर दिया है। उन्होंने अधिकारियों ने विशेष रूप से स्नानागार और शौचालयों की स्वच्छता, प्रशिक्षण कक्षों की वेंटिलेशन व्यवस्था, हॉस्टल की साफ-सफाई और कैफेटेरिया में दिए जा रहे भोजन की गुणवत्ता की जांच की। डीआईजी हरीश चन्दर ने कहा कि "प्रशिक्षु कांस्टेबलों को अनुशासित, सुरक्षित और समुचित वातावरण में प्रशिक्षण मिलना चाहिए। इससे उनकी दक्षता और मनोबल में वृद्धि होगी।" सुधारात्मक कार्यों के लिए निर्देश दिए हैं।

निरीक्षण के दौरान जहां कहीं भी कमियां पाई गईं, वहां अधिकारियों ने संबंधित जिम्मेदारों को त्वरित सुधार के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण व्यवस्था को और अधिक प्रभावशाली तथा आधुनिक तकनीकों से युक्त बनाना वर्तमान समय की मांग है।

एसपी आरती सिंह ने भी सभी संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं मिले, जिससे वे शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से दक्ष होकर सेवा में आ सकें।

निरीक्षण के अंत में डीआईजी और एसपी ने बताया कि फतेहगढ़ पुलिस प्रशिक्षण केंद्र को प्रदेश के श्रेष्ठ केंद्रों में शामिल करने का लक्ष्य है। इसके लिए सभी आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे।



कमरों का निरीक्षण करते डीआईजी हरीश चन्दर। अमृत विचार

# दहेज की मांग को लेकर नवविवाहिता से मारपीट

**कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद**

- पीड़िता ने ससुरालियों पर लगाए गंभीर आरोप
- तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही

**अमृत विचार।** जहानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पटिया छेदा सिंह में दहेज की मांग को लेकर एक नवविवाहिता से मारपीट और उत्पीड़न का मामला सामने आया है।

पीड़िता सिमरन कठेरिया पत्नी भानु कठेरिया ने अपने पति और ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसकी शादी करीब दो वर्ष पूर्व भानु कठेरिया से हुई थी। शादी के कुछ ही समय बाद से पति भानु, सास गुड्डी और अन्य ससुरालीजन उसे दहेज के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। सिमरन का आरोप है कि हाल ही में उसके साथ बेरहमी से मारपीट की गई, उसके कपड़े और जेवर भी छीन लिए गए। डर और अपमान की स्थिति में पीड़िता अपने मायके लौट आई और थाने पहुंचकर पूरी घटना की जानकारी दी। पुलिस को दी गई तहरीर में उसने ससुराल पक्ष के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

इस संबंध में थाना प्रभारी जितेंद्र पटेल ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

सिमरन का कहना है कि वह अब सुरक्षित जीवन जीना चाहती है और दोषियों को सजा दिलवाना चाहती है, ताकि ऐसी घटनाएं अन्य महिलाओं के साथ न हों।

**आफत** हाल के रोसनदान का शीशा टूटकर गिरने से आधा दर्जन प्रशिक्षु पुलिसकर्मी घायल

# आंधी-बारिश से बिजली व्यवस्था चरमराई, एक सैकड़ा गांवों में अंधेरा

**कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद**

अमृत विचार। मंगलवार की रात तेज आंधी में एक सैकड़ा से अधिक गांवों में बिजली पूरी तरह से ठप हो गई। इसके अलावा पुलिस लाइन में रोशनदान में लगा शीशा टूट कर नीचे गिरने से आधा दर्जन प्रशिक्षु पुलिसकर्मी घायल हुए हैं जिन्हें तत्काल जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती कराया गया है।

मंगलवार देर शाम आयी तेज आंधी और पानी से पुलिस लाइन भवन के खिडक़ी का एक शीशा टूट गया। प्रशिक्षण के लिए रिक्रूटों पर गिर पड़ा। जिससे प्रशिक्षण के लिए आए पांच रिक्रूट गंभीर रुप से घायल हो गये। घायल रिक्रूटों में सीतापुर निवासी महेंद्र वर्मा (23), सीतापुर निवासी अभिषेक गुप्ता (22), फिरोजाबाद निवासी गौरव यादव (24). मथुरा निवासी अश्वनी (24), रायबरेली निवासी सौरभ यादव (24) हैं। सभी घायलों को पुलिस लाइन के वाहनों से लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इमरजेंसी में ड्यूटी कर रहे ईएमओ डॉक्टर अमन कुमार ने बताया पुलिस लाइन से पांच लोग आए थे। एक कि स्थिति गम्भीर है। आंधी के दौरान दिल्ली से फर्रुखाबाद आ रही हरदोई डिपो की बस में करीब 15-20 सवारियां बैठीं हुईं थीं तभी तेज आंधी में पेड़ बस पर आकर गिर गया जिससे बस का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

नवाबगंज प्रतिनिधि के अनुसार तेज आंधी और बारिश से एक सैकड़ा से अधिक गांवों में अंधेरा छा गया। मुख्य मार्गों पर एवं घरों पर आंधी से बिजली के पोल तक गिर गए हैं। बिजली विभाग के इंजीनियर अरुण पांडे का कहना है कि तेज आंधी से बिजली विभाग को लाखों का नुकसान हुआ है यही नहीं सैकड़ों गांव की बिजली गुल हो गई है।



नवाबगंज के एक गांव में गिरा बिजली का पोल।



लोहिया अस्पताल में घायल प्रशिक्षु पुलिसकर्मी का इलाज होता हुआ।

# कंछल गुट के प्रमोद जैन बने जिलाध्यक्ष

**कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद**

**अमृत विचार।** जिले में व्यापारिक संगठनों की सक्रियता में तेजी आ रही है। इस बीच व्यापार मंडल कंछल गुट के प्रदेश अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने वरिष्ठ व्यापारी नेता प्रमोद जैन को कंछल गुट का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है।

उन्होंने आशा जताई है कि प्रमोद जैन जिले में संगठन को मजबूती से आगे बढ़ाएंगे और शीघ्र ही नई कार्यकारिणी की घोषणा करेंगे। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष इस्लाम चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने स्वास्थ्य कारणों से अपने पद से इस्तीफा दे दिया था, जिसके चलते यह पद रिक्त चल रहा था। संगठन को सक्रिय और संगठित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश नेतृत्व ने सर्वसम्मति से प्रमोद जैन को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है।

उन्होंने कहा कि प्रमोद जैन को संगठन की दिशा व निर्देशों से अवगत करा दिया गया है और राष्ट्रीय तथा प्रदेश नेतृत्व के अनुसार संगठन आगे बढ़ेगा। पूरा संगठन उन्हें सहयोग करेगा। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष प्रमोद जैन ने कहा कि संगठन ने जो विश्वास उनमें जताया है, वे उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे।

उन्होंने कहा कि व्यापारी हितों की रक्षा के लिए वे सदैव संघर्षशील रहेंगे और जिले में व्यापारियों की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देंगे। उन्होंने बताया कि वह शीघ्र ही कार्यकारिणी की घोषणा करेंगे।



प्रमोद जैन व्यापार मंडल प्रदेश अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल के साथ।

# बरसात के बाद बिजली व्यवस्था चौपट, उपभोक्ता हुए परेशान

संवाददाता,बकेवर



फाल्ट के बाद मरम्मत करते विद्युत विभाग के कर्मचारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मंगलवार देर शाम को व बुधवार को सुबह बारिश से शहर के अलावा समूचे ग्रामीण क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। कहीं 8 घण्टे तो कहीं 16 घण्टे तक बिजली आपूर्ति ठप रही। इससे लोगों को पेयजल की समस्या व भीषण गर्मी में परेशानी हुई।

मंगलवार शाम करीब दो घंटे तक बकेवर क्षेत्र में बारिश होती रही जिसके कारण बकेवर बिजली घर को आने वाली 33 हजार की लाइन में टकरपुर 132 के पास फाल्ट हो गया। बिजली विभाग के एसडीओ बकेवर संत कुमार वर्मा व जेई वीरेंद्र कुमार रात में ही टकरपुर स्थित 132 ट्रांसमिशन केंद्र पर फाल्ट सुधरवाने के लिए पहुंचे। देर रात तक फाल्ट सही कराने में लाइनमैनों की टीम के साथ जुटे रहे। करीब 11 बजे रात 33 हजार की लाइन का फाल्ट सही होने के बाद बकेवर बिजली उपकेंद्र पर तो बिजली पहुंची। जब ग्रामीण

● **ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बिना बिजली के रात गुजारनी पडी**

फीडरों की आपूर्ति चालू की गई तो सभी पांचों फीडरों की लाइन में फाल्ट होने से आपूर्ति चालू नहीं हो सकी। केवल एक आरएल फीडर पर लाइट नगला खादर गांव तक 11 बजे के बाद चालू हो सकी। बाकी सभी फीडरों पर आपूर्ति ठप्प ही रही। लुधियानी फीडर की सुबह 6 बजे चालू हो सकी। जबकि सराय जलाल व पटिया महेवा फीडर की आपूर्ति बुधवार करीब 12 बजे 15 घण्टे बाद चालू हो सकी।

एसडीओ संत कुमार वर्मा ने बताया कि बारिश के कारण पहले 33 हजार की लाइन में फाल्ट हो गया। जिसे देर रात करीब 11 बजे सही कराया जा सका। बकेवर के पांचों ग्रामीण क्षेत्र के फीडरों में फाल्ट होने इंसुलेटर पंचर होने से बाधित रही। बुधवार सुबह लगभग सभी ग्रामीण फीडरों की आपूर्ति चालू कर दी गई। बिजली न आने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पडा।

### हल्की बारिश ने खोल दी विद्युत व्यवस्था की पोल

शहर में मामूली बारिश ने जहां तपती गर्मी और उमस से जूझ रहे लोगों को राहत दी, वहीं शहर की विद्युत व्यवस्था ने पूरी तरह दम तोड़ दिया। बारिश के बाद सुंदरपुर फीडर सहित कई इलाकों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई, जिससे पूरा शहर अंधेरे में डूब गया। रात भर शहर के कई इलाके अंधेरे में डूबे रहे। बिजली गायब होने से विद्युत विभाग के खिलाफ शहर वासियों में भारी आक्रोश देखने को मिला। बारिश के बाद मौसम तो सुहावना हुआ, लेकिन बिजली न होने के कारण लोगों की परेशानी कम होने की बजाय और बढ़ गई। उमस, गर्मी और मच्छरों के बीच लोगों ने रात भर करवटें बदली। कई क्षेत्रों में देर रात साढ़े तीन बजे तक भी आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी, और जहां बिजली आई भी वहां टिक नहीं पाई। बिजली कटौती को लेकर उपभोक्ताओं ने विभागीय अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। सुन्दरपुर फीडर से जुड़े अधिकारी पूरी तरह लापता नजर आए। हल्की बारिश ने शहर की विद्युत व्यवस्था की पोल खोल दी। जब मामूली वर्षा में यह हाल है तो तेज बारिश में हालात कैसे होंगे। अब देखना यह है कि विभाग सबक लेता है या फिर आने वाले मानसून में भी जनता को ऐसे ही परेशान होना पड़ेगा।

### बिजली गिरने से दो घर क्षतिग्रस्त, चार घरों के उपकरण जले

**भरथना।** क्षेत्र के अंतर्गत गांव मोढी में मंगलवार रात को हुई बारिश से तेज गड़गड़ाहट के साथ दो घरों पर आकाशीय बिजली गिरने से दो मकान क्षतिग्रस्त हो गए तथा चार घरों के इलेक्ट्रोनिक उपकरण फुंक गए। आकाशीय बिजली गिरने से कमलेश राठौर पुत्र स्व .भीकम सिंह राठौर और अमित बाथम, अतबल सिंह बाथम के घर क्षतिग्रस्त हो गए। इस दैवीय आपदा की घटना में दोनों घरों के विद्युत उपकरण भी फुंक गए। आकाशीय बिजली के चपेट में आकर कमलेश राठौर की पुत्रबधु रेनू 25 वर्ष पत्नी अमित राठौर मामूली रूप से झुलस गई जबकि घर में मौजूद परिवार के चार सदस्य कमलेश 45 वर्ष और उनकी पत्नी रूपा देवी 42 वर्ष, बेटी कु. प्रतिज्ञा 17 वर्ष, पुत्रवधु रेनू 25 वर्ष समेत पड़ोसी भानुप्रताप सिंह शाक्य 40 पुत्र राम नारायन शाक्य उनकी पत्नी प्रीति शाक्य 35 वर्ष, बेटा अमन 14 वर्ष, मयंक 10 वर्ष आदि की सुरक्षित रहे। आकाशीय बिजली गिरने की जोरदार आवाज से आसपास का इलाका थर्रा गया और बच्चे बूढ़े समेत महिलाएं आंगन छोड़ कमरों में दुपक गए। आकाशीय बिजली की चपेट में आने से भानुप्रताप शाक्य और प्रमोद कुमार पुत्र लालाराम के इन्वर्टर समेत घरेलू सभी विद्युत उपकरण फुंक गए जबकि धमक से करनसिंह दोहरे पुत्र उमाशंकर दोहरे की एक दीवार और अमित बाथम पुत्र अतबल बाथम की छत का लेंटर क्षतिग्रस्त हो गया। बिजली गिरने की सूचना पर राजस्व विभाग की टीम ने पीड़ित गृहस्वामियों के घरों का स्थलीय निरीक्षण कर प्रशासन को रिपोर्ट दी है



किसानों की समस्याएं सुनते कृषि उपनिदेशक रामनारायण सिंह। अमृत विचार

# नदियों की खोदाई में मानकों की अनदेखी

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** किसान दिवस के पर चौधरी राजेंद्र सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष किसान यूनियन की अध्यक्षता में किसानों ने कृषि उपनिदेशक रामनारायण सिंह और अन्य अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम का नेतृत्व संजेश कुमार युवा जिलाध्यक्ष ने किया।

ज्ञापन में मांग की गई कि अहनैया और पुरहा नदियों की खोदाई में मानकों की अनदेखी के कारण सफाई अधूरी रह गई है। औरैया क्षेत्र में पुरहा नदी की सफाई भी जल्द कराई जाए।इफको खाद में मिलावट की शिकायत करते हुए किसानों ने मांग की कि बिक्री केंद्रों की जांच कर दोषियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई हो। बिजली कटौती से ट्यूबवेल नहीं चल पा रहे हैं, जिससे फसलों की सिंचाई प्रभावित हो रही है। इस अवसर पर साधो सिंह, संतोष कुमार, जगराम सिंह, अनिरुद्ध कुमार, पप्पू, शिवम, शोभाराम, और देवेंद्र सहित कई किसान नेता उपस्थित रहे। अधिकारियों समाधान का आश्वासन दिया।

# बैठक में गैरहाजिर रहे कर्मियों पर होगी कार्रवाई

## जिला पोषण समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, इटावा



बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ला। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अति कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन करने के निर्देश दिए।

उन्होंने सीडीपीओ को निर्देशित करते हुए कहा कि बच्चों का वजन ट्रैकर पर कुछ और एवं मौके पर कुछ और पाया जाता है एवं माप तौल सही न हो तो उसपर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने समस्त सीडीपीओ को निर्देश दिए कि गोदभराई आदि कार्यक्रम कराते रहें। जिससे ज्यादा से ज्यादा लाभार्थी उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने कहा कि अति कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन अवश्य किया जाए। उन्होंने कहा कि एनआरसी में सैम बच्चों को भर्ती कराया जाए एवं उन्हें समय से दवा दिलाई जाए। उन्होंने कहा कि भर्ती मरीजों के खाने की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए साथ ही खिलौने भी दिए जाएं एवं डिस्चार्ज के बाद ही तुरंत भुगतान किया जाए। कहा कि जिन बच्चों का अस्पताल में अच्छे से इलाज हुआ है उनका फोटो आंगनबाड़ी केन्द्रों में लगाया जाए जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग प्रेरित हों। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत आवेदन की संख्या को बढ़ाई जाए।

उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों पर 100 प्रतिशत उपस्थिति होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सुपरवाइजर और आंगनबाड़ी की मीटिंग अवश्य कराई जाए साथ ही उन्होंने बताया कि सुपरवाइजर और आंगनबाड़ी वर्कर के साथ कब-कब मीटिंग हुई इसका पूरा हिसाब होना चाहिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के डॉ. श्री निवास के अनुपस्थित पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि एमओआईसी साखा को छोड़कर सभी अनुपस्थित पाए जाने वालों पर नोटिस जारी किया जाए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी सीमा त्रिपाठी, जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह समस्त एमओआईसी सहित समस्त संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# योग के माध्यम से लोग पा सकते निरोग काया

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** कृषि इंजीनियरिंग कॉलेज के सभागार में योग, रोग निवारण के वैज्ञानिक अनुसंधान और निष्कर्ष विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में पीडी राही, जिला प्रभारी, मुख्य प्रशिक्षक, पतंजलि योग समिति मौजूद रहे। मुख्य वक्ता द्वारा बताया गया कि उनकी उम्र 85 वर्ष है। इस उम्र तक उन्होंने किसी भी दवाई का सेवन नहीं किया है जो की नियमित योग का परिणाम है।

उन्होंने वात, पित्त, कफ और नाड़ियों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने लोगों को दैनिक दिनचर्या का भी तरीका बताया। इसी क्रम में डॉक्टर प्रदीप कुमार सिंह भदौरिया द्वारा योग के विभिन्न कालों की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई। उन्होंने 500 ईसा पूर्व से योग के प्रचलन और उनके कालों के विभिन्न चरणों पर प्रकाश डाला। हार्टफुलनेस संस्था के जिला प्रभारी डॉक्टर पंकज गुप्ता ने ध्यान के बारे मंल वैज्ञानिक शोधों को विस्तार से बताते हुए ध्यान से नकारात्मक विचारों से बचने की उपाय बताएं। उन्होंने कहा नकारात्मक विचार हमारे मन मस्तिष्क और शरीर को विभिन्न व्याधियों से ग्रस्त कर देते हैं इसलिए ध्यान एक ऐसा माध्यम है कि जिससे आप रोगों का निदान कर सकते हैं। संस्था के डॉक्टर ज्ञानेंद्र सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर श्वेता दुबे ने किया। अंत में अधिष्ठाता एन के शर्मा ने योगासन और शारीरिक व्यायाम के बीच के अंतर को समझाया।



सेमिनार में अपने अनुभव साझा करते पीडी राही साथ में अन्य। अमृत विचार

# बिजली की समस्याओं से जूझ रहे उपभोक्ता, दिया ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, इटावा



विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को ज्ञापन देते कांग्रेस जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित, मो. शहर अध्यक्ष राशिद खान व अन्य कांग्रेसी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** उपभोक्ताओं को बिजली समस्या से निजात दिलाने के लिए कांग्रेस पार्टी ने जिला अध्यक्ष आशुतोष दीक्षित व शहर अध्यक्ष मो. राशिद खान के नेतृत्व में अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड मनोज गौड़ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उपभोक्ताओं को बिजली समस्याओं से निजात दिलाने की मांग की गई।

कांग्रेस पार्टी ने विद्युत विभाग के एसई को दिए ज्ञापन में बताया कि ट्रांसफार्मर में लगी नई डिवाइसों को हटाया जाए क्योंकि जब लोड के कारण ट्रांसफार्मर कट हो जाता है तो एक घण्टे बाद चालू होता है। भीषण गर्मी में पानी की आपूर्ति के लिए सुबह और शाम को 2-2 घण्टे बिजली आपूर्ति चालू रखी जाए ताकि लोग पानी की व्यवस्था कर सकें। शहर में कुछ कालोनियां ऐसी हैं जहां बिजली की व्यवस्था नहीं है वहां पर पोल लगवाकर बिजली की व्यवस्था की जाए। शहर में वार्ड स्तर पर विद्युत कैम्प लगाए जायें ताकि उपभोक्ता कैम्प के माध्यम से अपनी समस्याओं का समाधान करा सकें। इस समय भीषण गर्मी का प्रकोप है, ऐसे में बिजली कटौती होने से लोगों को काफी परेशानी का

● **विरोध-प्रदर्शन : कांग्रेसी बोले बिजली नहीं आने से पानी भी नहीं मिलता**

सामना करना पड़ रहा है। शहर में जिस मोहल्ले का विद्युत ट्रांसफार्मर फुंक जाता है तो लोगों को दिन भर गर्मी से बेहाल होना पड़ता है। बिजली विभाग ऐसी व्यवस्था करे कि ट्रांसफार्मर कट न हो और फुंके भी नहीं। विभाग के अधिकारी और कर्मचारी बिजली चेकिंग के नाम पर उपभोक्ताओं का उत्पीड़न कर रहे हैं अगर कोई उपभोक्ता सवाल कर दे तो उसके साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। इस व्यवस्था पर रोक लगाई जाए। बिजली न आने से इस भीषण गर्मी में लोगों के सामने पेयजल की भी समस्या खड़ी हो जाती है। विभाग द्वारा जो स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं वह सामान्य मीटर से काफी अधिक यूनिट निकाल रहे हैं और काफी शिकायतें भी आ रही हैं इसलिए स्मार्ट मीटर को टेस्टिंग के बाद लगाया जाए। प्रदेश सरकार बिजली को पूंजीपतियों के हाथों में सौंपने की तैयारी कर रही है जो पूरी तरह जनविरोधी है। ऐसा होने से गरीब उपभोक्ताओं पर काफी प्रभाव पड़ेगा और वह महंगी बिजली का उपयोग आसानी से नहीं कर सकेंगे। शहर कांग्रेस इसका पुरजोर विरोध करती है। ज्ञापन देने वालों में कोमल सिंह कुशवाहा, पल्लव दुबे, सजंय दोहरे, वाचस्पति द्विवेदी, शौजब रिजवी, आसिफ जादरान, प्रदीप द्विवेदी, सचिन शंखवार, अल्ताफ अहमद, अविनाश वर्मा, मो. इमरान, मोहसिन, अंसार अहमद, अमित अग्निहोत्री आदि मौजूद रहे।

# अपील : व्यापारी प्रतिबंधित पालीथिन दुकानों पर न रखें

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष एवं नगरपालिका स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एम्बेसडर आलोक दीक्षित ने व्यापारियों से अपील की, कि पर्यावरण की सुरक्षा एवं नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाये रखने के लिए प्रतिबंधित पालीथिन का उपयोग न करें।

नगरपालिका इसके खिलाफ अभियान चला सकती है, जिसमें जुर्माना एवं पालीथिन जब्तीकरण का भी प्रावधान है। उन्होंने लोगों से अपील की, कि बाजार जाते समय कपड़े का झोला लेकर आएं, दूध दही आदि तरल दृव्य पालीथिन में न लें। इनमें तरल पदार्थ ले जाना स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक हैं, जो कैंसर जैसी लाइलाज बीमारियों का कारण बनता है। जिलाध्यक्ष ने जिला प्रशासन से भी मांग की है कि प्रतिबंधित पालीथिन को बाजार में आने से रोक लगाने के लिए कड़े प्रावधान किये जाएं, व्यापारियों को अनावश्यक परेशान न किया जाए।

# राहुल गांधी के जन्मदिन पर आज होंगे कार्यक्रम

**इटावा।** प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी का 55वां जन्मदिवस 19 जून को जिला कांग्रेस कार्यालय पर मनाया जाएगा और विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में जिला व शहर कांग्रेस के द्वारा रक्तदान शिविर यूथ कांग्रेस के द्वारा रक्त ग्रुप डायबिटीज आदि का जांच व परीक्षण शास्त्री चौराहे पर किया जाएगा। यह जानकारी यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शौजब रिजवी ने दी।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया प्रशिक्षण

संवाददाता, बकेवर




कार्यक्रम का शुभारंभ करते आचार्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान बकेवर में बुधवार को चयनित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सात दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण प्रारभ हुआ। सत्र को संस्थान के आचार्य डॉ. डीके सचान, डॉ. मनोज कुमार प्रसार प्रशिक्षण अधिकारी एवं अभिषेक कठेरिया सीडीपीओ औरैया ने दीप प्रज्ज्वलित कर प्रशिक्षण सत्र का प्रारंभ किया।

अभिषेक कठेरिया बाल विकास परियोजना अधिकारी बिधूना जनपद औरैया एवं देवेंद्र सिंह जिला समन्वय इटावा इटावा ने आईसीडीएस के उद्देश्य एवं सेवाओं पर विस्तृत जानकारी दी। साथ ही साथ पोषण का महत्व पोशाक पोषक तत्वों के प्रकार लाभ और खाद्य स्त्रोत खाद्य पदार्थों में पोषक तत्वों को बढ़ाए जाने की विधियों को विस्तार से बताया। प्रशिक्षण में औरैया से 18 एवं जनपद इटावा से 14 चयनित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

## सार-संक्षेप

### सड़क हादसे में युवक घायल

**जसवंतनगर।** हाईवे पर जोनई चौकी के पास बुधवार को सड़क पार करते समय एक युवक को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल मैनपुरी जिले के करहल थाना क्षेत्र के गांव उतकपुर निवासी शिवा (18) पुत्र राजेश कुमार को स्थानीय लोगों ने सीएचसी में इलाज हेतु भर्ती कराया गया। जहां डाक्टरों ने घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए सैफई पीजीआई रेफर कर दिया गया।

### जायन्ट्स शाइनिंग स्टार ने वृद्धाश्रम को कूलर भेंट किया

**इटावा।** भीषण गर्मी को देखते हुए जायन्ट्स ग्रुप ऑफ शाइनिंग स्टार ने सरोज वृद्धाश्रम को एक कूलर भेंट किया। जायन्ट्स ग्रुप ऑफ शाइनिंग स्टार ने वृद्धों की सुविधा के लिए वृद्धाश्रम को महाबली कूलर भेंट किया और वहां पर सभी वृद्धों और स्टाफ कर्मचारियों को ठंडा पेय पदार्थ वितरित किया। कूलर पाकर सभी वृद्धों ने राहत की सांस ली और आशीर्वाद दिया। जायन्ट्स ग्रुप ऑफ शाइनिंग स्टार ने आश्वासन दिया कि जल्द ही उन्हें एक कूलर और भेंट करेंगे। कार्यक्रम में नीतू पुरवार यूनिट निदेशक, सोनिया गुप्ता अध्यक्ष, जायन्ट्स ग्रुप ऑफ शाइनिंग स्टार, ध्रुव पुरवार, अंशु पुरवार, प्रखर पुरवार आदि उपस्थित रहे।

### युवक को दबंगों ने पीटा

**भरथना।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पक्केताल के निकट तालपार तिराहे पर कबाड़ खरीदने के लिए फेरी पर निकले कबाड़ी को दबंगों ने चप्पलों से पीटा। कबाड़ी संजय कुमार उर्फ कल्लू दिवाकर पुत्र मुन्नालाल दिवाकर निवासी ग्राम गदालोट को ग्राम तालपार निवासी एक नामजद व तीन अज्ञात समेत चार दबंगों ने अभद्रता करते हुए गालियां देकर चप्पल से पीट दिया और दोबारा गांव की तरफ कबाड़ खरीदने आने पर जान से मारने की धमकी दी। इस बीच गांव गली से कबाड़ खरीदने को कल्लू दिवाकर की जेब में रखे 970 रुपये भी गायब हो गए। घटना के सम्बन्ध में पीड़ित कबाड़ी कल्लू दिवाकर ने भरथना कोतवाली पुलिस को दबंगों के विरुद्ध प्रार्थनापत्र दिया है।

### भाजपा नेता की पत्नी के निधन पर शोक

**बकेवर।** कस्बे के समाजसेवी व भाजपा नेता रामनरेश चतुर्वेदी की पत्नी शैला चतुर्वेदी के निधन पर कस्बे के लोगों ने शोक व्यक्त किया। भाजपा नेता की 72 वर्षीय पत्नी शैला चतुर्वेदी को बीते दिवस ब्रेन हैमरेज हो गया था जिनको उपचार के लिए कानपुर स्थित निजी हास्पिटल ले जाया गया था जहां कि उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। उनके निधन की खबर कस्बे में आते ही कस्बे के लोग शोक व्यक्त करने के लिए उनके आवास पर पंहुचने लगे। उनकी अन्त्येष्टि उनके पुत्र राहुल चतुर्वेदी ने की। भाजपा के पूर्व विधायक केके राज, भाजपा नेता हरनाथ सिंह कुशवाह, डॉ. संजय दीक्षित, चेयरमैन विवेक यादव सन्नी, पूर्व चेयरमैन विनोद दोहरे सहित भाजपा नेताओं ने शोक व्यक्त किया।

### स्कूल के ताले तोड़कर चोरी

**महेवा।** थाना बकेवर के ग्राम कुशगवां अहीरान के प्राथमिक विद्यालय के ताले तोड़कर चोरों ने चोरी को अंजाम दिया। जब कि अभी हाल ही में 12 जून की रात में कंपोजिट विद्यालय पेवली में भी चोरी की घटना हुई थी। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शशि तोमर ने पुलिस को बताया कि विद्यालय से 4 सीलिंग फैन, 1 स्पोर्ट किट और मिड डे मील का रखा खाद्यान्न चोरी हुआ है। सूचना पर हल्का इंचार्ज विनीत पांडे ने विद्यालय पहुंचकर ग्राम प्रधान राजेश यादव एवं विद्यालय के स्टाप से घटना की पूरी जानकारी ली।

पत्रकार वार्ता — सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव बोले

# देश-प्रदेश में झूठ, दिखावा, भेदभाव की राजनीति

कार्यालय संवाददाता, इटावा



कार्यक्रम में उपस्थित सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव। अमृत विचार

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने केंद्र और प्रदेश सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि देश और प्रदेश में केवल झूठ, दिखावा और भेदभाव की राजनीति चल रही है। वह बुधवार शहर में एक निजी पेट्रोल पंप के उद्घाटन समारोह में शामिल होने आए थे।

इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि ईरान-इजरायल युद्ध में फंसे भारतीयों को सुरक्षित लाना केंद्र सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है, लेकिन सरकार की निष्क्रियता चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थितियों में सरकार को तुरंत और प्रभावी कदम उठाने चाहिए। कौशांबी में सपा नेताओं को रोके जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं बची है। सत्ता के संरक्षण में अन्याय और भेदभाव का खुला खेल चल रहा है। उन्होंने कहा कि यह सरकार पूरी तरह से जनता का भरोसा खो चुकी है और अब ज्यादा दिन चलने वाली नहीं है। शिवपाल यादव ने आरोप लगाया कि सरकार हर बड़ी घटना को छिपाने का प्रयास करती है ताकि विपक्ष और जनता को सच न पता चले। कौशांबी की घटना भी इसी का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता लगातार गांव-गांव जाकर जनता से संपर्क कर रहे हैं और समय आने पर पार्टी बड़े पैमाने पर जन आंदोलन करेगी।

मोदी सरकार के 11 साल के कार्यकाल पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश में 11 साल में एक भी ऐसा बड़ा काम नहीं दिखता, जो जनता को राहत दे। इस मौके पर जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बब्लू , महासचिव वीरू भदौरिया पूर्व प्रत्याशी सर्वेश शाक्य रामनाथ सिंह यादव के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे।

# ठेकेदार ने नहीं दी मजदूरी सीएम पोर्टल पर शिकायत

संवाददाता, भरथना

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नगला हीरे लहराई निवासी पान खा पुत्र आलमगीर ने बुधवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री के पोर्टल पर शिकायती प्रार्थनापत्र दिया है। फिरोजाबाद के नगला जोरे निवासी पिता पुत्र समेत तीन नामजदों पर मजदूरी का साढ़े चार लाख रुपये न देने का आरोप लगाया है।

पान खां का आरोप है कि ठेकेदार ने उससे मजदूरी के लिए 40 मजदूर मांगे थे, जिसपर वह 40 मजदूरों के लेकर उसके बताए गए स्थानों मजदूरी में आलू की छटाई और बिनाई का कार्य पूरे एक महीने कराता रहा। इस बीच ठेकेदार ने उन्हें राशन पानी खर्चा भर के लिए धीरे धीरे कई बार में मात्र 25 हजार रुपये दिए। जब एक माह में काम पूरा खत्म हो गया तब नामजद ठेकेदार से उसने मजदूरों का हिसाब करने को कहा तो उसने बड़ी चालाकी से सभी मजदूरों को अभी रुपये हैं नहीं वह सभी का हिसाब उनके घर पहुंचा देगा कहकर सभी को टरका दिया। इसके बाद ठेकेदार कुछ दिनों तक आ रहा हूं कहता रहा और सभी मजदूरों को झांसे में रखे रहा लेकिन अभी तक ठेकेदार ने उनकी मजदूरी का एक रुपया नहीं दिया है ऊपर से दुबारा रुपये मांगने पर जान से मारने की धमकियां दी है। मजदूरों ने सीएम से आग्रह किया कि नगला खंगर थाना पुलिस को निर्देशित कर दबंग के विरुद्ध कार्रवाई की जाए।

### असेनी के नौगवा फीडर, बिहारीपुर उपकेंद्र की लाइन में फाल्ट

# 20 घंटे तक गायब रही 30 गांवों की बिजली

संवाददाता, कंचौसी

- फाल्ट के कारण रात भर अंधेरे में रहे गांवों के लोग
- भीषण गर्मी में बढ़ी परेशानी नींद भी पूरी नहीं हुई



**अमृत विचार।** असेनी पावर हाउस से जुड़े नौगवा फीडर और बिहारीपुर उपकेंद्र की लाइन में फाल्ट हो जाने से 20 घंटे तक 30 से अधिक गांवों की बिजली आपूर्ति ठप रही। इससे लोग पानी के लिए भी तरस गए। इन्वर्टर, मोबाइल फोन भी बंद हो गए। बुधवार की सुबह 10 बजे के बाद फाल्ट दुरुस्त होने पर इन गांवों में विद्युत आपूर्ति बहाल हो सकी।

मंगलवार दोपहर दो बजे के बाद तेज हवा के कारण सुंदरपुर, रंजीतपुर, पुरवा महिपाल, बट्टहा, विजई पुरवा, हरतौली, कनमऊ, जमौली, बिहारीपुर, कंचौसी गांव, बिनपुरापुर, सहायपुर, चंद्रपुर, प्रसाद पुरवा, दोही, कंचौसी, नौगवा, अमरपुर समेत 30 गांवों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई थी। रात भर लोगों ने मच्छरों और गर्मी के बीच रात काटी। बिजली आपूर्ति ठप होने से लोगों के इन्वर्टर भी जवाब दे गए। मोबाइल भी बैटरी खत्म हो जाने के कारण बंद हो गए।

बिजली नहीं आने के कारण लोगों को सबसे ज्यादा पानी की दिक्कत हुई। मौजूदा समय में ज्यादातर गांवों में लोग सब मर्सिबल पंप के जरिए पानी की व्यवस्था करते हैं। बिजली गुल होने के कारण लोग पानी के लिए भी तरस गए। हैंडपंपों के आसपास पानी भरने वालों की भीड़ लगी रही। लोगों ने हैंडपंपों से जरूरत का पानी भरकर किसी तरह काम चलाया। बुधवार की सुबह जब बिजली आपूर्ति बहाल हुई तो लोगों ने राहत की सांस ली।

ग्रामीण नंदू शर्मा, लारा गुप्ता, रिंकू राठौर, आशीष यादव, विनोद राजपूत, अरविन्द कुशवाहा, दीपू कुमार आदि ग्रामीणों का कहना है कि बिजली विभाग बिना बताए बिजली की कटौती कर देता है। ग्रामीणों की मांग की कि उनका रोस्टर के अनुसार बिजली दी जाए। इस संबंध जेई बीरेंद्र कुमार ने बताया तेज हवा के कारण तार टूटने और फाल्ट के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित रही थी फाल्ट को दुरुस्त कर बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई है।

## फांसी लगाकर वृद्ध ने दी जान

**कंचौसी।** दिबियापुर थाना कंचौसी चौकी क्षेत्र के गांव जमौली में खेतों पर एक वृद्ध ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वृद्ध का शव पेड़ पर लटकता हुआ मिला।सूचना पर मौके पर पहुंची कंचौसी पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जमौली गांव के 65 वर्षीय गंगाराम दोहरे ने गांव के बाहर दिन में खेतों पर खड़े पेड़ पर फंदा लगा कर अज्ञात कारणों से आत्म हत्या कर ली। वृद्ध के दो लड़के और एक बिटिया हैं। घटना की जानकारी तब हुई जब उधर से गांव के लोगों की नजर पड़ी। जानकारी होने पर कंचौसी चौकी इंचार्ज पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। पुलिस ने घटना के सम्बन्ध में वृद्ध के परिजनों और ग्रामीणों से पूछताछ की। लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। वृद्ध की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। कंचौसी चौकी इंचार्ज प्रवीण कुमार ने बताया घटना की जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद इस मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मई में 445 सोलर संयंत्र लगाए जाएंगे

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- ऋण और सब्सिडी संबंधित लंबित पड़े आवेदन पत्रों का निस्तारण करने के निर्देश



बैठक के दौरान निर्देश देते डीएम डा. इंद्रमणि त्रिपाठी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में डीएम की अध्यक्षता में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में बैठक की। बैठक में परियोजना अधिकारी यूपीनेडा ने बताया कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजनान्तर्गत जनपद का वर्ष 2025-26 एवं वर्ष 2026-27 तक लक्ष्य 4555 निर्धारित है।

माह मई तक 460 सोलर पावर प्लांट स्थापित किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसके सापेक्ष वेण्डरों द्वारा 445 सोलर संयंत्र की स्थापना की जा चुकी है। वेंडरों द्वारा 108 सोलर संयंत्रों की स्थापना का कार्य किया जा रहा जिसे जल्द ही पूर्ण कर लिया जायेगा। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अन्तर्गत जनपद में 16 वेण्डर चयनित है। जनपद इटावा के वेण्डरों द्वारा भी जनपद में कार्य किया जा रहा है।

जिलाधिकारी डा. इंद्रमणि त्रिपाठी ने जिला पंचायतराज अधिकारी से योजना के प्रगति के सम्बन्ध में जानकारी ली। जिसमें जिला पंचायतराज अधिकारी द्वारा बताया गया कि 67 सोलर संयंत्रों का रजिस्ट्रेशन करा लिया गया है। उन्होंने 100 सोलर संयंत्रों की स्थापना का लक्ष्य निर्धारित करते हुए 30 जून तक पूर्ण करने के निर्देश दिये। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया कि 45 सोलर संयंत्रों की स्थापना का कार्य पूर्ण करा लिया गया है एवं अध्यापकों द्वारा 25 सोलर संयंत्रों का रजिस्ट्रेशन करा दिया गया है।

उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी को 100 सोलर संयंत्रों की स्थापना का लक्ष्य निर्धारित करते हुए 30 जून तक पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिशाषी अभियन्ता विद्युत वितरण खंड औरैया एवं दिबियापुर को लक्ष्य 1500-1500, जिला विद्यालय निरीक्षक, का लक्ष्य-1000 खण्ड विकास अधिकारी, सहार, विधूना, औरैया, एरवाकटरा, भाग्यनगर, अछल्दा एवं अजीतमल को निर्देश दिये गये कि निर्धारित लक्ष्य 500 प्रति विकास खण्ड के लक्ष्य के सापेक्ष कोई प्रगति नहीं की गयी है।

जिलाधिकारी ने लीडबैंक मैनेजर को निर्देश दिये कि जनपद के प्रत्येक विकास खण्डों में बैंकों द्वारा ऋण वितरण हेतु लगाये जा रहें कैम्पों की सूचना परियोजना अधिकारी नेडा को उपलब्ध करा दें। परियोजना अधिकारी नेडा द्वारा अवगत कराया गया कि जिला वेसिक शिक्षा अधिकारी के प्रयास से 45 अध्यापको के घरों पर वेण्डरो के माध्यम से सोलर संयंत्र स्थापित कराये गये है।

जिलाधिकारी ने नेडा पीडी और डीपीआरओ को निर्देश दिए कि ग्राम प्रधान व सचिव के यहॉ सोलर संयंत्र स्थापित कराकर अगली बैठक में सम्मानित कराएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार, वरिष्ठ कोषाधिकारी प्रदीप कुमार, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड दिबियापुर, अधिशाषी अभियन्ता मीटर टेस्ट, एसडीओ, लीड बैंक मैनेजर, बीएसए, खण्ड शिक्षा अधिकारी, डीपीआरओ, परियोजना अधिकारी यूपीनेडा, खण्ड विकास अधिकारी मौजूद रहे।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# किसानों को बेहतर खेती के दिए टिप्स

कार्यालय संवाददाता, औरैया



किसानों की समस्याएं सुनते उप कृषि निदेशक। अमृत विचार

- विकास भवन सभागार में किसान दिवस पर आयोजित गोष्ठी में पहुंचे अन्नदाता

**अमृत विचार।** विकास भवन सभागार ककोर में किसान दिवस का आयोजन किया गया। उप कृषि निशक द्वारा कृषकों को प्राकृतिक खेती से अवगत कराया गया, जोकि रसायन मुक्त खेती है जो स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिए लाभदायक है। सेल्फ मोड में योजना के माध्यम से स्वंय या जन सुबिधा केन्द्रों से रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे एवं समस्त राजकीय कृषि बीज भंडारों पर बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। किसान भाई बीज गोदाम से बीज खरीद सकते हैं।

जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार तिवारी द्वारा कृषकों को उद्यान विभाग में चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं से अवगत कराते हुये सूक्ष्म सिंचाई, ग्रीनहाउस तकनीकी, सब्जियों की खेती करने हेतु बीजों की उपलब्धता, मसाला, बागवानी एवं प्रधानमंत्री सिंचाई योजनान्तर्गत स्प्रिंकलर सेट के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। पशु चिकित्साधिकारी भाग्यनगर डा. बी.बी यादव द्वारा कृषकों को कृतिम गर्भाधान, पशुधन बीमा एवं पशुओं में टीकाकरण कार्यक्रम के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी।

किसानों को बताया कि राष्ट्रीय पशुधन मिशन (एनएलएम) भारत सरकार द्वारा बकरी पालन योजना, मुख्यमंत्री सहभागिता योजनंतर्गत एक किसान गौशाला से अधिकतम चार गाय प्राप्त कर सकता है। जिसकी देखभाल के लिए कृषक को प्रति गाय आरएस 1500 प्रति माह दिए जाने की जानकारी दी गई। साथ ही साथ पशुओं में होने वाले रोग खुरपका, मुंहपका के लिए वैक्सीन गला घोटू बीमारी के लिए भी वैक्सीन और थनैला रोग से बचाव के लिए विस्तृत रूप से जानकारी दी, मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ संवर्धन योजना (नंद बाबा दुग्ध मिशन) के अंतर्गत राज्य के बाहर से देशी उन्नत नस्ल की गायों की खरीद को प्रोत्साहित करके उत्तर प्रदेश में दुग्ध उत्पादकता और प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता को बढ़ाने से अवगत कराया। कृषि विज्ञान केंद्र, ग्वारी, अछल्दा, हेड एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डा रामपलट द्वारा खरीफ सीजन की प्रमुख फसलों का वैज्ञानिक खेती करने से अवगत कराया।

जिसमें धान बीज का शोधन करके नर्सरी में शाम के समय डालें, जिंक की कमी होने पर जिंक सल्फेट का प्रयोग, वासमती 1718 में सफेद पत्ती निकलने पर 2 प्रतिशत फेरस सल्फेट, 4 से 6 पत्ती निकलने पर कीट लगे तो साइपरमैथलीन का प्रयोग एवं वासमती धान में यूरिया का कम प्रयोग करने की सलाह दी गयी। किसान दिवस में उप कृषि निदेशक शैलेन्द्र कुमार वर्मा, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी हिमांशु रंजन श्रीवास्तव, जेई हरिश्चंद्र के अलावा किसान रहे।

# गोलीकांड के मामले में 3 पर एफआईआर दर्ज

संवाददाता, अछल्दा

- अछल्दा क्षेत्र के नगला खगा गांव के पास का मामला
- 27 मई को जान से मारने की नीयत से मारी थी गोली

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव घसारा में हुए गोलीकांड मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कस्बा नेविलगंज निवासी पवन यादव उर्फ प्रवेंद्र पुत्र सुधीर यादव ने बताया कि 27 मई को रात्रि 12 बजे वाहिद खान पूर्व प्रधान ग्राम घसारा से मिलकर अपने घर वापस लौट रहा था। तभी रात मे रास्ते मे ग्राम खगा के पास राहुल यादव पुत्र जयवीर सिंह निवासी नगला खगा अपने अन्य दो अज्ञात साथियों के साथ मेरी गाडी में पत्थर फेंककर मारा जिससे गाड़ी का शीशा टूट गया और गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे उतर गई। तभी आरोपी आये और लाठी-डंडों से मारने पीटने लगे तभी पीछे से राहुल ने जान से मारने की नियत से अपने हाथ मे लिये तमंचे से फायर कर दिया जो कमर के बायी तरफ जाकर लगी कमर में छेद करते हुए गोली आर-पार हो गयी।

तभी उपरोक्त तीनो व्यक्ति हमको मरा हुआ समझकर छोड़कर भाग गये।मौके पर पहुंची पुलिस सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान गम्भीर स्थिति में होने के कारण सैफई रेफर कर दिया। 31 मई को इलाज में आराम मिलने पर हम अपनी दादी के साथ एक जून को इलाज में आराम मिलने पर प्रार्थी अपने दादी के साथ थाना में पहुंचकर तहरीर दी। वही थाना में मामला दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### भागवत कथा में भक्त प्रहलाद की कथा सुनाई



कथा सुनाते आचार्य अमरदीप अवस्थी।

**अछल्दा।** विकासखंड क्षेत्र के गांव खुमानपुर बघईपुर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन भक्तों की भारी भीड़ कथा सुनने पहुंची। श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन में आचार्य अमरदीप अवस्थी ने व्यास गद्दी से ध्रुव के चरित्र का वर्णन किया। उन्होंने भक्तों को बताया कि ध्रुव जी कैसे पांच वर्ष की अवस्था में भगवान नारायण को प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या की थी। हृण्याकस्यप जैसे पिता रूपी राक्षसों का संघार करवाया। कथा के दौरान दिव्यभाव से प्रहलाद जी की आकर्षक झांकी निकाली गई। झांकी में मौजूद सभी भक्तों ने भक्तिभाव से दर्शन किया। वही सभी भक्तो ने प्रसाद लिया।



तिरपाल डालकर झोपड़ी में रहती महिला। अमृत विचार

### तिरपाल के सहारे गुजर रही गरीब की जिंदगी

**अछल्दा।** विकास खंड के बघईपुर की ग्राम पंचायत खेरा गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना में अनियमितता सामने आई है। जिम्मेदारों की लापरवाही से पात्रों को नहीं मिल रहा पीएम आवास योजना का लाभ नही मिल पा रहा है। विधवा महिला कई सालों से आवास के लिए भटक रही है। त्रिपाल में रहने को मजबूर है। गांव खेरा निवासिनी लक्ष्मी देवी पत्नी सियाराम जो पात्र होकर भी अपात्र की सूची में शामिल कर दिया गया। उन्होंने कई बार आवास योजना के लिए आवेदन किया। लेकिन उनकी अनदेखी की गई। लेकिन कोई सहायता नहीं मिली। पीड़ित महिला का कहना है कि सुविधा शुल्क देने वालों को ही योजना का लाभ मिल रहा है। सूत्रों के मुताबिक, सचिव रोजगार सेवक की मिलीभगत से अपात्र लोगों को आवास स्वीकृत किए गए हैं। वहीं पात्र लोग इंतजार कर रहे हैं। परिवार बारिश और धूप में खुले में रहने को मजबूर है। यही स्थिति सरकार की हर गरीब के सिर पर छत योजना पर सवाल खड़े करती है।




कार्रवाई की मांग को लेकर धरना देते सिंचाई विभाग के कर्मचारी। अमृत विचार

### आजमगढ़ डीएम के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**औरैया।** आजमगढ़ में डीएम द्वारा सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता के साथ अभद्रता करने पर डीएम के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिये सिंचाई विभाग के एक्सईएन के नेतृत्व में प्रदर्शन कर डीएम के विरुद्ध सरकार से कार्यवाही की मांग की गयी। सिंचाई विभाग के अधिशासी अधिकारी पी एस पटेल एवं सहायक अभियंता अंकित सिंह के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन कर गत दिवस आजमगढ़ के जिलाधिकारी द्वारा वहां पर तैनात अधिशासी अभियंता के साथ अभद्र भाषा एवं मारपीट का आरोप लगने के बाद प्रदेश भर में सिंचाई विभाग के कर्मचारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। सिंचाई कर्मियों ने सरकार से मांग की है कि आजमगढ़ के डीएम के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जाए। इस मौके पर सहायक अभियंता देवेन्द्र सिंह, जेई हरिश्चंद्र, योगेश कटियार, के पी सिंह सहित अन्य सिंचाई कर्मी मौजूद रहे।

### नि:शुल्क कोचिंग में अध्यापक चयन में पारदर्शिता रहे

**औरैया।** बुधवार को जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु छात्र-छात्राओं को नि :शुल्क कोचिंग प्रदान किए जाने के संबंध में जिला स्तरीय समिति की बैठक की। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि युवाओं का उज्ज्वल भविष्य बनाने के लिए यह महात्वाकांक्षी योजना संचालित की है। इसका अधिक से अधिक लाभ छात्रों को दिए जाएं। उन्होंने सभी संबंधितों को मुख्यमंत्री अभ्युदय नि :शुल्क कोचिंग योजना अंतर्गत अध्यापकों का चयन पारदर्शिता के साथ करने के निर्देश दिए। जिससे जरूरतमंद बेहतरीन शिक्षा, प्रशिक्षण प्रदान करके अपने जीवन को आगे बनाने में सफल हो सकें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार, वरिष्ठ कोषाधिकारी प्रदीप कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार, सहित समस्त खण्ड विकास अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी एवं समिति के सदस्य आदि मौजूद रहे।

# हत्याकांड का खुलासा दो आरोपी हत्थे चढ़े

संवाददाता, अजीतमल

- भीखेपुर में बेरहमी से पिटाई कर रामनाथ की हुई थी हत्या
- हत्या में प्रयुक्त लोहे का पाइप और डंडे बरामद किए गए

**अमृत विचार।** अजीतमल पुलिस ने हत्या के एक सनसनीखेज मामले का खुलासा करते हुए दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त लोहे का पाइप और दो बांस के डंडे भी बरामद किए गए हैं।

15 जून को भीखेपुर के विवेक कुमार ने अपने पिता रामनाथ, भाई देवेश व भतीजे पीयूष के साथ गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की तहरीर दी थी। इस मामले में पुलिस ने सीताराम के बेटे सतीश, सुग्रीव, सतीश के बेटे सौरभ और सुग्रीव के बेटे अतुल के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। 16 जून को इलाज के दौरान रामनाथ की सैफई में मृत्यु हो गई, जिसके बाद मुकदमे में धारा 103 (1) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई। पुलिस की तीन टीमों ने दबिश देकर सुग्रीव कुमार उर्फ सुग्रीवचन्द्र (61) और उसके पुत्र बॉबी (28) को गांव के अंडरपास के पास से गिरफ्तार किया। पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि झगड़े के दौरान उन्होंने लोहे का पाइप व बांस के डंडे निकालकर रामनाथ पर हमला किया था। बाद में इन्हें गांव के बाहर एक पेड़ की झाड़ियों में छिपा दिया था।

## शिक्षक ने निगला जहर, थमीं सांसें

**अजीतमल।** बहराइच जिले में तैनात एक परिषदीय विद्यालय के शिक्षक ने बुधवार को जहर खाकर आत्महत्या कर ली। उसकी बाबरपुर कस्बे के शास्त्री नगर निवासी विजय कीर्ति प्रजापति के रूप में हुई है।

विजय कीर्ति की पत्नी प्रीति से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद उन्होंने जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन तुरंत उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अजीतमल ले गए। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पांच वर्षीय राम और आठ वर्षीय श्रेयश। शिक्षक की मृत्यु की खबर सुनते ही घर में कोहराम मच गया। अस्पताल में सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया। पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# कंचौसी फाटक के जल्द भरेंगे गड्ढे

संवाददाता, कंचौसी



कंचौसी रेलवे फाटक के पास काम शुरू हो गया है। अमृत विचार

- गड्ढों से निजात मिलने के बाद फर्राटा भरेंगे वाहन
- बारिश शुरू होने से पहले सड़क की मरम्मत शुरू

**अमृत विचार।** बारिश शुरू होने से पहले रेल विभाग चेत गया है। इस मर्तबा रेलवे की सीमा में कंचौसी फाटक के दोनों तरफ जर्जर और गड्ढा युक्त सड़क मरम्मत कर डामरीकरण का कार्य शुरू कर दिया गया। इसके साथ ही फाटक के सामने रेलवे ट्रैक पर मरम्मत इंटरलॉक करके मजबूत बनाया जा रहा हैं, जिससे सड़क और रेलमार्ग पर सहूलियत होगी और रेलवे फाटक पर वाहन फसने से बच सके। दो दिनों से रेलवे के अधिकारी कर्मचारी कंचौसी रेलवे फाटक पर आवागमन रोक कर ट्रैक मरम्मत और रेलवे की सीमा में सालों से जर्जर और गड्ढा युक्त सड़क को बनाने की तैयारी कर रहे हैं। बोल्डर डाल कर तारकॉल डामरीकरण किया जा रहा हैं।सबसे ज्यादा दलदल वैकुंडधाम मंदिर की तरफ होता हैं। जिसे जेसीबी से उखाड़ कर बोल्डर की कुटाई रोलर चला कर मजबूत की जा रही हैं। काम के चलते सुबह 6 से लेकर शाम 6 बजे तक रेलवे फाटक रेल प्रशासन ने बंद कर दिया, जो गुरुवार तक रहेगा। ट्रैक मरम्मत के चलते एक्स्प्रेस और अन्य ट्रेनें धीमी गति से गुजर रही हैं। यहां अक्सर गड्ढा में वाहन फंसने से जाम लगता रहा। ये समस्या सालों से चली आ रही हैं, जिससे अब निजात मिलने की उम्मीद है।

**मिसाल** सेवानिवृत्त होने के बाद भी शिक्षा की अलख जला रहे शिवप्रसाद वर्मा, गर्मी की छुट्टी में भी लगा रहे क्लास

# पढ़ाते गुजरी जिंदगी, मगर अभी दिल को तसल्ली नहीं

संवाददाता, फफूंद



स्कूल में बच्चों को पढ़ाते सेवानिवृत्त शिक्षक शिवप्रसाद वर्मा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कोई यूं ही 'गुरुजी' नहीं बन जाता। गुरुजी बनने के लिए तन, मन और धन से सेवा, समर्पण और सुशासन का मार्ग दिखाना पड़ता है। वाकई सच्चे गुरुजी होने की मिसाल हैं शिवप्रसाद वर्मा, जो सेवानिवृत्त होने के बाद भी बच्चों की क्लास लगाते हैं और गरीब बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं।

भाग्यनगर विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत कोठीपुर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में एक अध्यापक ऐसे ही हैं, जो सेवानिवृत्त होने के बाद भी विद्यालय में बच्चों को पढाने आते हैं। इसी विद्यालय में सहायक अध्यापक रहे शिवप्रसाद वर्मा की नौकरी की शुरुआत प्राथमिक विद्यालय कोठीपुर से ही हुई थी। प्रोन्नति मिलने के बाद वह पूर्व माध्यमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक बने। इसी साल 31 मार्च को सेवानिवृत्त हो गए, लेकिन बच्चों को पढ़ाने का जज्बा अभी भी कम नहीं हुआ।

फफूंद के रहने वाले शिवप्रसाद वर्मा शिक्षा को पूजा और शिक्षण कार्य को अपना धर्म मानते हैं। उनका यही भाव मन में शिक्षा की अलख जगाने का जुनून कम नहीं होने दे रहा है। वास्तव में कर्म को पूजा मानने वाले ऐसे अध्यापक कम ही मिलते हैं, जिन्होंने अपनी पूरी नौकरी के दौरान एक भी दिन का मेडिकल अवकाश नहीं लिया और आज भी बच्चों को पढ़ाने में पूरी रुचि दिखा रहे हैं।

प्रायः नौकरी करने वाले लोग अवकाश की तलाश में रहते हैं। बिना बीमारी के ही मेडिकल लीव (अवकाश) पर चले जाते हैं, लेकिन शिवप्रसाद वर्मा ने कभी मेडिकल अवकाश नहीं लिया। हाल यह है कि शिक्षक संगठनों ने भीषण गर्मी के प्रकोप की दुहाई देते हुए 30 जून तक स्कूलों में छुट्टी बढ़ाने की मांग उठाई, लेकिन शिवप्रसाद वर्मा कमजोर बच्चों को विद्यालय में बुलाकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने में मस्त हैं।

**साथ दे रहे प्रभारी प्रधानाध्यापक:** सेवानिवृत्त शिवप्रसाद वर्मा का जज्बा देख विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सुनील यादव भी उनके सहयोगी बन गए हैं। इस समय स्कूलों में छुट्टी चल रही है, मगर वे रोज सुबह 7 बजे कमजोर छात्रों को घर से बुलाकर लाते हैं और उन्हें पढ़ाते हैं। शिवप्रसाद वर्मा रोज दो किलोमीटर विद्यालय जाते हैं और बच्चों को पढ़ाते हैं। वे कहते हैं कि उन्हें किसी मेहनताना अथवा मानदेय की चाह नहीं है। वह तो सिर्फ बच्चों का भविष्य संवारना चाहते हैं।

## डामर में चिपकने से मोर की मौत

**रुरुगंज।** कस्बा में मां ज्वाला देवी मंदिर के नजदीक एक खेत मे डामर के कई ड्रम रखे हुए है। ड्रम में से फैला हुआ डामर खेत मे पड़ा हुआ है। आसपास विचरण करने बाले पशु व पक्षियों के पैरों में डामर चिपकने से हाल बेहाल है।

मंगलवार रात एक मोर के पैरों में डामर चिपक गया, जिससे वह उड़ न सकी और रात में तड़प तड़प कर दम तोड़ दिया। रात में खेतों में पहुचे एक किसान ने सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद वन विभाग के कर्मी मौके पर पहुंचे और मोर को अपने साथ ले गए। वही दो गायों के पैरों में (खुरों में) भी डामर भर गया, जिससे वह चलने में असमर्थ हैं और भूख-प्यास से तड़प रही हैं। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी है, परंतु अभी तक गायों का उपचार नहीं किया गया और न ही डामर को हटाया गया है।

## एक नजर

### स्टेट मेडिकल फैकल्टी ने जारी की परीक्षा की समय सारिणी

**अमृत विचार, लखनऊ :** नर्सिंग कॉलेज व पैरामेडिकल प्रशिक्षण केंद्रों पर संचालित डिप्लोमा एवं प्रशिक्षण की वार्षिक लिखित मुख्य परीक्षाएं आगामी सितंबर माह के दूसरे सप्ताह में होंगी। इसके लिए छात्र-छात्राओं को अगस्त के तीसरे सप्ताह में प्रवेश पत्र जारी कर दिए जाएंगे। मुख्य परीक्षाओं संबन्धित विवरण उप्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव ने बुधवार को जारी कर दिया है, परीक्षा की समय सारणी अगस्त के दूसरे सप्ताह जारी की जाएगी। सचिव डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि सितम्बर 2025 के प्रथम सप्ताह में मौखिक एवं प्रयोगात्मक परीक्षाएं, दूसरे सप्ताह में लिखित परीक्षाएं होंगी। इसके बाद नवम्बर 2025 के दूसरे सप्ताह में परीक्षाफल घोषित कर दिए जाएंगे।

### 29.15 लाख से रायबरेली के झारखंडेश्वर मंदिर का होगा सौंदर्यीकरण

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार प्रदेश के सभी जिलों में कम ख्याति वाले धार्मिक स्थलों का सौंदर्यीकरण तथा पर्यटकों के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास कर रही है। इसी क्रम में रायबरेली के जगतपुर विकासखंड स्थित टांघन गांव के झारखंडेश्वर शिव मंदिर को 29.15 लाख रुपये की लागत से सजाया-संवारा जा रहा है। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बुधवार को दी। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत मंदिर परिसर का समग्र विकास किया जाएगा, जिसमें पर्यटकों की सुविधाओं में बढ़ोतरी, मूलभूत ढांचागत सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण सहित अन्य आवश्यक निर्माण कार्य शामिल हैं। झारखंडेश्वर महादेव मंदिर 100 वर्षों से भी अधिक पुराना है।

### अनुकूल रहेगा मौसम खरीफ फसलों की उत्पादकता बढ़ाने की सलाह

**अमृत विचार, लखनऊ :** कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को उनके कार्यालय सभागार में खरीफ मौसम में कृषि उत्पादन संबंधी एक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान कृषि उत्पादन आयुक्त ने इस बात पर जोर दिया कि खरीफ मौसम में अनुकूल मौसम रहने की संभावना है, जिसका लाभ उठाते हुए पिछले वर्ष की तुलना में अधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने अधिकारियों को व्यापक तैयारी करने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि कृषि उत्पादन में वृद्धि करके प्रदेश के सकल घरेलू उत्पाद में योगदान दिया जाए, ताकि मुख्यमंत्री के एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद मिल सके। बैठक में खाद्यान्न, दलहन और तिलहन उत्पादन में वृद्धि पर विशेष जोर दिया गया, जिसमें खासकर दलहन और तिलहन फसलों की उत्पादकता बढ़ाने पर गहन चर्चा हुई। कृषि आदानों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए उर्वरकों और कीटनाशकों की पर्याप्त व्यवस्था पर भी बात की गई।

# केशव प्रसाद मौर्य बनाए जा सकते हैं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गृह मंत्री अमित शाह ने लखनऊ दौरे में योगी से कराई मौर्य की सुलह
- दिल्ली में योगी के प्रस्ताव पर मौर्य को मिल सकती कमान





**ब्रजेश पाठक करेंगे बीएल संतोष से मुलाकात**

सीएम योगी आदित्यनाथ के अलावा उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के दिल्ली में राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बोम्माराबेट्टू लक्ष्मीजनार्दन संतोष से मुलाकात करेंगे। ब्रजेश पाठक के अलावा केशव प्रसाद मौर्य के भी दिल्ली जाने की खबर है।

**अमृत विचार :** मेरे मित्र केशव प्रसाद मौर्य..., पहली बार गृहमंत्री अमित शाह की ओर से उप मुख्यमंत्री के लिए लखनऊ में इस संबोधन का असली मर्म अब सामने आने वाला है। केशव प्रसाद मौर्य भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकते हैं। सूत्र बताते हैं कि मुख्यमंत्री योगी और केशव प्रसाद में सुलह हो गई है। योगी ने खुद ही केशव का नाम केंद्र संगठन को प्रस्तावित किया है।

गृह मंत्री के अमित शाह 15 जून के लखनऊ दौरे पर थे। बताते हैं कि इसी दिन उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का सितारा चमकने की नींव रखी गई। हालांकि नव नियुक्त सिपाहियों को नियुक्ति पत्र वितरण के भव्य समारोह को संबोधित करते हुए शाह ने सीएम योगी और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक समेत सभी नेताओं का नाम उनके पदानुसार बोला। लेकिन सिर्फ केशव प्रसाद का नाम लेते समय व्यक्तिगत अनुराग प्रदर्शित करते हुए मेरे मित्र का संबोधन करके सबको चौंका दिया था। इसे लेकर केशव प्रसाद मौर्य ने कहा था कि मेरे लिए तो वह गुरु समान हैं। यह अमित शाह का बड़प्पन है कि उन्होंने उन्हें अपना मित्र बताया। कहा कि उन्होंने जो कुछ भी सियासत में सीखा है वो, अमित शाह के मार्गदर्शन में ही सीखा है। सूत्रों का कहना है कि पीएम मोदी समेत संघ को काफी दिनों से राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए आए नामों के पैनल में किसी एक पर मुहर लगाना मुश्किल हो रहा था। विपक्ष भी भाजपा अध्यक्ष नियुक्त न करने पर सवाल करने लगा था। दलित और पिछड़ा वर्ग को ही कमान देने पर सहमति पहले ही बन गई थी। लेकिन संघ ने एक बड़ी शर्त जोड़ी कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का बैक ग्राउंड संघ से जुड़ा हो। इसपर मौर्य पूरी तरह खरा उतरते दिख रहे हैं। उनका पूरा जीवन संघ और अनुषांगिक संगठन विहिप, बजरंग दल, गो रक्षा और पिछड़ों को संगठित करने में खपा है। राममंदिर आंदोलन में उनकी संगठन क्षमता का संघ नेतृत्व कायल था। उनके प्रदेश अध्यक्ष भाजपा ने संसदीय चुनाव जो जीत यूपी में दर्ज की, वह रिकार्ड अभी नहीं टूटा है। सूत्र बताते हैं कि वर्ष 2019 के चुनाव में मुख्यमंत्री बनने से चूक गए केशव को राष्ट्रीय संगठन का मुखिया बनाने पर सहमति बनती दिख रही है।

सूत्रों के मुताबिक, योगी और केशव प्रसाद में सुलह हो गई है और योगी ने खुद ही केशव का नाम केंद्र संगठन को प्रस्तावित किया है। बता दें कि सीएम योगी आदित्यनाथ बुधवार को दिल्ली दौरे पर हैं। राष्ट्रपति से मिलने के बाद वे राष्ट्रीय महासचिव बीएल संतोष से मुलाकात कर मौर्य की ताजपोशी का रास्ता साफ होगा।

## अलग-अलग जिलों में 53 मंत्री भी करेंगे योगाभ्यास

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार इस बार योग दिवस को पर्व की तरह मनाने जा रही है। विविध स्थानों पर बकायदा आयोजन के रूप में योगाभ्यास पूरे एक सप्ताह तक चलेंगे। इस दौरान प्रदेश के 53 मंत्री भी अलग-अलग जिलों में 21 जून की सुबह योग करेंगे। इस क्रम में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य प्रयागराज तो वहीं ब्रजेश पाठक लखनऊ में योगाभ्यास करेंगे। इसके अलावा 22 जिलों में आईएएस अफसरों को नोडल प्रभारी भी बनाया गया है। शासन की ओर से इन मंत्रियों और बड़े अफसरों की सूची जारी कर दी गई है।

# राष्ट्रपति को आयुष विवि के लोकार्पण का न्योता

## दिल्ली पहुंचे मुख्यमंत्री योगी ने की द्रोपदी मुर्मू से मुलाकात, 30 को गोरखपुर आएंगी राष्ट्रपति


राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गोरखपुर में खुल रहा है राज्य का पहला आयुष विश्वविद्यालय

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से मुलाकात कर प्रदेश के पहले आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण करने के लिए आमंत्रित किया। राष्ट्रपति ने 30 जून को आने पर मुहर लगा दी है। इसी के साथ अधूरे बचे कार्य को युद्धस्तर पर पूरा करने में शासन जुट गया है।

मुख्यमंत्री योगी बुधवार को जनता दर्शन करने के बाद दिल्ली के लिए उड़ान भरी थी। वे 11.45 बजे यूपी सदन पहुंचे। जहां से राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करके 30 जून को महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण का निमंत्रण दिया। यह विवि भटहट के पिपरी में 52 एकड़ क्षेत्रफल में बन रहा है। इसका शिलान्यास 28 अगस्त 2021 को तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किया था। आयुष विश्वविद्यालय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट में से एक है। शिलान्यास के बाद वह यहां आकर कई बार निर्माण कार्य का जायजा ले चुके हैं। अब इसका निर्माण लगभग पूरा हो चुका है।

**प्रदेश के 97 आयुष कॉलेज विश्वविद्यालय से हैं संबद्ध :** आयुष विश्वविद्यालय के अस्तित्व में आने से पहले आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी, प्राकृतिक चिकित्सा, योग, सिद्धा की चिकित्सा पद्धति के लिए अलग-अलग संस्थाएं रही हैं। सत्र 2021-22 से प्रदेश के सभी राजकीय और निजी आयुष कॉलेजों का नियमन अब आयुष विश्वविद्यालय से ही होता है। वर्तमान सत्र 2024-25 में प्रदेश के 97 आयुष शिक्षण (आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी) के कॉलेज व संस्थान इस विश्वविद्यालय से संबद्ध हैं। इस सत्र में इन सभी कॉलेजों में कुल मिलाकर स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रमों के करीब सात हजार विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।


नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से भेंट करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एके सिंह बताते हैं कि स्नातक और परास्नातक के साथ मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप समयानुकूल कई और रोजगारपरक पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे। पाठ्यक्रमों को लेकर आयुष विश्वविद्यालय ने जो आगामी कार्ययोजना बनाई है, उसमें पीएचडी, बीएससी नर्सिंग आयुर्वेद, बी फार्मा आयुर्वेद, बी फार्मा होम्योपैथ, बी फार्मा यूनानी, पंचकर्म असिस्टेंट डिप्लोमा, पंचकर्म थेरेपिस्ट डिप्लोमा, विदेशी छात्रों के लिए डिप्लोमा, क्षारसूत्र डिप्लोमा, अग्निकर्म डिप्लोमा, उत्तरवस्ति डिप्लोमा और योग नेचुरोपैथी डिप्लोमा शामिल है।

# अब किसानों को गुमराह करना नहीं होगा आसान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राजस्व परिषद आधुनिक तकनीक से भूमि संबंधी प्रकरणों को बनाएगा त्रुटिहीन

**अमृत विचार :** राजस्व विभाग के कथित चुनिंदा भ्रष्ट अधिकारी व कर्मचारी अब किसानों को गुमराह कर उनकी जमीन की कागजी हेराफेरी नहीं कर सकेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा-निर्देशन में राजस्व परिषद अब प्रदेश के किसानों को तमाम सुविधाओं का अधिकारी बनाने जा रहा है।

इस कवायद के तहत राजस्व विभाग किसानों को उनकी भूमि पर अधिकार सम्बन्धी अभिलेख खतौनी त्रुटि रहित उपलब्ध कराने, बैनामे के बाद स्वतः म्यूटेशन कर अभिलेखों को अद्यतन करने, गाटों को आधुनिक उपकरण के माध्यम से अविलंब पैमाइश कराने और मानचित्रों को शुद्धता के साथ गूगल मानचित्र की तरह उपलब्ध कराने जैसी अनेक प्रकार की सुविधाएं शीघ्र ही उपलब्ध करायेगा।

यह जानकारी अध्यक्ष, राजस्व परिषद, अनिल कुमार ने साझा की। अनिल कुमार राजस्व परिषद कार्यालय स्थित डॉ. भीमराव अम्बेडकर सभागार में मंगलवार को प्रांतीय सिविल सेवा (कार्यकारी शाखा) के वर्ष 2023 बैच के लगभग 50 प्रशासनिक अधिकारियों (प्रशिक्षु) को संबोधित कर रहे थे। राजस्व परिषद अध्यक्ष ने प्रशिक्षु प्रशासनिक अधिकारियों को आधुनिक तकनीक को अंगीकृत करने की सलाह दी।

# 6 जिलों में ड्रोन से शुरू हुई फसलों की सुरक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य के किसान ड्रोन तकनीक से फसल सुरक्षा कर रहे हैं। राजधानी लखनऊ समेत छह जिलों में पायलट प्रोजेक्ट के तहत ड्रोन से नैनो यूरिया और कीटनाशकों का छिड़काव शुरू कर दिया गया है। इस पहल से एक घंटे में तीन से बारह एकड़ तक के क्षेत्रफल में फसलों पर प्रभावी ढंग से छिड़काव किया जा रहा है। इससे न केवल फसल उत्पादन में वृद्धि होगी, बल्कि किसानों को कम समय में अधिक लाभ मिलेगा।

योगी सरकार आत्मनिर्भर कृषक समन्वित विकास योजना और एग्री इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (एआईएफ) जैसी योजनाओं के जरिए किसानों की आमदनी बढ़ाने के प्रयास कर रही है। फिलहाल प्रदेश में कुल नौ ड्रोन प्रोजेक्ट तैयार किए गए हैं। इनमें गोरखपुर, बहराइच और मुजफ्फरनगर में दो-दो, जबकि लखनऊ, गाजियाबाद और कानपुर नगर में एक-एक प्रोजेक्ट की शुरुआत हो चुकी है। ड्रोन के माध्यम से किसानों को टेक्निकल ट्रेनिंग भी दी जा रही है, जिससे वे आधुनिक कृषि पद्धतियों को सहजता से अपना सकें। योगी सरकार की योजना है कि इस प्रणाली को जल्द ही अन्य जिलों में भी लागू किया जाए।

## नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम पर मायावती ने उठाए सवाल

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में होने वाली पुलिस सिपाही भर्ती पर गृह मंत्री और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को लेकर, बसपा प्रमुख मायावती ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि सिपाही भर्ती को लेकर ऐसा प्रचारित किया गया जैसे यह कोई नई बात हो, जबकि रूटीन कार्य है, ताकि बैकलाग की बुराई पुलिस विभाग में भी न आए। किन्तु इस भर्ती में सर्वसमाज को सही हक मिला या नहीं व उनकी ट्रेनिंग का क्या है। कहा कि बीएसपी सरकार में न्याय-युक्त माहौल स्थापित करने के लिए एकमुश्त 1.20 लाख नए पद सृजित करके पुलिस भर्ती को ईमानदार बनाया गया।

# सूरीनाम में यूपी के प्रशिक्षित युवाओं की मांग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सूरीनाम के राजदूत सुभाष पी. गुप्ता ने किया उप्र. कौशल विकास मिशन का दौरा
- वर्चुअल कोर्स के जरिए कौशल विकास को सुलभ बनाने का दिया सुझाव

**अमृत विचार :** सूरीनाम में भारत के राजदूत सुभाष पी. गुप्ता अपने उप्र. दौरे के दौरान बुधवार को उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (यूपीएसडीएम) मुख्यालय, लखनऊ पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने मिशन के अधिकारियों के साथ राज्य में कौशल विकास की बदलती तस्वीर पर विस्तृत चर्चा की।

सुभाष गुप्ता ने कहा कि उत्तर प्रदेश के युवाओं में अपार संभावनाएं हैं और विश्व स्तर पर यहां के कुशल युवाओं की भारी मांग है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से सूरीनाम में तेल और गैस क्षेत्र में प्रशिक्षित युवाओं की मांग तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने इस दिशा में भारत से कुशल युवाओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने पर बल दिया और इस क्षेत्र में वर्चुअल कोर्स संचालित करने का सुझाव भी दिया ताकि प्रशिक्षण अधिक सुलभ और व्यापक हो सके।


लखनऊ में अधिकारियों के साथ चर्चा करते सुभाष पी. गुप्ता।

उन्होंने अपने वैश्विक अनुभव साझा करते हुए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कौशल विकास से जुड़ी संभावनाओं को मजबूत करने के सुझाव भी दिए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के युवाओं को वैश्विक मांग के अनुरूप प्रशिक्षित कर रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जा सकते हैं। बैठक में यूपीएसडीएम के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

> युवाओं को न केवल तकनीकी दक्षता दी जा रही है, बल्कि उन्हें सॉफ्ट स्किल्स, संचार कौशल, भाषा, बायोडाटा निर्माण और व्यावहारिक ज्ञान के माध्यम से वैश्विक स्तर पर स्वीकार्य बनाने का प्रयास किया जा रहा है।
>
> – पुलकित खरे, मिशन निदेशक कौशल विकास

> यूपीएसडीएम अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है और युवाओं के कौशल प्रशिक्षण में उद्योग की मांगों के अनुरूप नवीनतम तकनीकों का समावेश किया जा रहा है।
>
> –प्रिया सिंह, अपर मिशन निदेशक कौशल विकास

# फाइलेरिया की रोकथाम में जौनपुर व महोबा आगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मई में कराया गया था 13 जिलों में ट्रांसमिशन असेसमेंट सर्वे
- समीक्षा बैठक में राज्य फाइलेरिया अधिकारी ने जिलों के प्रदर्शन पर जताया संतोष

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत बीते मई माह में 13 जिलों में संपन्न हुए ट्रांसमिशन असेसमेंट सर्वे (टास) में जौनपुर और महोबा ने बेहतर काम किया है। जबकि शाहजहांपुर, बलिया और चित्रकूट का प्रदर्शन औसत से कम रहा। यह जानकारी बुधवार को संस्था सी-कैंप के सहयोग से स्थानीय होटल में आयोजित समीक्षा बैठक में सामने आए।

राज्य फाइलेरिया अधिकारी डॉ. एके चौधरी ने बताया कि स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के नेतृत्व में राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत 13 जिलों के 118 ब्लॉकों में टास-वन सर्वे किया गया। इसमें 72 इवैल्यूएशन यूनिट (ईयू) में से 55 ईयू सफल रहे, यानी कुल 77 प्रतिशत ईयू पास हुए हैं। इन क्षेत्रों में अब दो साल बाद टास-टू कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि टास-वन सर्वे अम्बेडकरनगर, अयोध्या, बलिया, भदोही, चित्रकूट, हमीरपुर, जालौन, जौनपुर, मऊ, महोबा, शाहजहांपुर, पीलीभीत और सोनभद्र में हुआ था।

राज्य फाइलेरिया अधिकारी ने बताया कि जिन गांवों में नाइट ब्लड सर्वे, टास तथा यूनिफाइड डिजीज सर्विलांस पोर्टल (यूडीएसपी) के माध्यम से माइक्रोस्कोपी द्वारा अधिक फाइलेरिया मरीज चिन्हित हुए हैं, वहां एक माह के भीतर फोकस सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान चलाया जाएगा।

**वेक्टर कंट्रोल और वेक्टर मैनेजमेंट पर जोर**

गेट्स फाउंडेशन के संचारी रोग एवं वैक्सीन डिलीवरी के उपनिदेशक डॉ. भूपेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि जिन ईयू में टास-वन पास नहीं हो पाया, उसका प्रमुख कारण यह रहा कि वहां सर्वजन दवा सेवन अभियान में लोगों की भागीदारी कम रही। उन्होंने कहा कि अगले एमडीए अभियान में सभी लोगों को दवा सेवन सुनिश्चित कराना होगा। उपनिदेशक ने संक्रमण की रोकथाम के लिए वेक्टर कंट्रोल और वेक्टर मैनेजमेंट पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही दवा प्रदाताओं को प्रशिक्षण के दौरान दवाओं के लाभों की विस्तृत जानकारी दी जानी चाहिए। विश्व स्वास्थ्य संगठन के डॉ. तनुज समेत 13 जिलों के नोडल अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी एवं सहयोगी संस्था डब्ल्यूएचओ, पाथ, सीफार, जीएचएस और पीसीआई के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## वर्ग पहेली-6

**बाएं से दाएं**

2.1. किसी जाति का कोई उपभेद 2. (काव्यशास्त्र) वर्णिक छंद का एक भेद।

4. वृद्ध, जो बुढ़ापे की अवस्था में हो।

5.1. प्रसिद्ध और पूजनीय 2. सबसे प्रतिष्ठित।

6.1. गुड़ अथवा चीनी का गाढ़ा घोल, चाशनी 2. घोटकर बनाया गया कोई पेय।

7.1. एक प्रकार की मछली 2. खूंटी या खूंटा।


8.1. जिसका संघटन हुआ हो 2. जो एक होकर किसी उद्देश्य की सिद्धि में लगा हो (व्यक्ति या वर्ग) 3. प्रतियोगिता

**ऊपर से नीचे**

1.1. धातु आदि पर आघात होने से झनकार की ध्वनि उत्पन्न होना 2. क्रोध आदि में हाथ-पैर पटकना 3. बकना-झकना।

3.1. परंपरा से चली आ रही 2. परंपरा के अनुसार।

6.1. अभ्यास 2. विवेचना 3. ग्रहण करना; धारण करना 4. प्रवर्तन।




### वर्ग पहेली -5 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 वी | णा | ■ | 2 नो | ■ | 3 तू |
| 4 दो | ■ | ■ | 5 वै | त | र | णी |
| ड़ | ■ | ■ | ■ | र | ■ | क |
| 6 भा | षां | 7 त | र | ण | ■ | ■ |
| ग | ■ | न | ■ | ■ | ■ | 8 फिं |
| ■ | ■ | खे | ■ | 9 बे | तु | का |
| 10 दु | नि | या | वी | ■ | ■ | ई |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा


आज की ग्रह स्थिति : 19 जून, गुरुवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, अष्टमी-11.55 तक तत्पश्चात नवमी।


**मेष** — आज आप जो काम नहीं करना चाहते हैं वो ही आपको करना पड़ सकता है। आपको जल्दबाजी वाले स्वभाव से बचना चाहिए। व्यापार में उधारी न करें। माता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी। तकनीकी कारणों से आपके काम में रुकावटें आ सकती हैं।


**वृष** — आज कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। जीवनसाथी की सलाह को आप अत्यधिक महत्व देंगे। आप अपने मित्रों के बीच अत्यन्त लोकप्रिय रहेंगे। सभी काम योजनाबद्ध रूप से करेंगे, जिससे आपको बहुत लाभ होगा। विपरीत परिस्थितियों के बीच आप काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे।


**मिथुन** — आज कार्यक्षेत्र में प्रतिस्पर्धा का वातावरण रहेगा। सभी काम मन लगाकर करेंगे। नए व्यापारिक अनुबंध हो सकते हैं। आप कारोबार में अच्छा लाभ कमा लेंगे। दाम्पत्य जीवन में खुशियां बढ़ेंगी। अपने स्वभाव को लेकर आत्मचिन्तन अवश्य करें।


**कर्क** — आज सुबह सिरदर्द की समस्या हो सकती है। धार्मिक भावनाओं से ओत-प्रोत रहेंगे। भाई-बहनों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। आय के साधनों में वृद्धि होगी। भावनाओं में आकर निर्णय न लें। पिता की सेहत को लेकर समस्या हो सकती है।



**सिंह** — आज आप कार्यक्षेत्र में अत्यंत लोकप्रिय रहेंगे। आज मेहनत के कारण शाम को थकान और बदन दर्द का अनुभव कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ रोमान्टिक शाम का आनंद उठायेंगे। आप दूसरों को अनावश्यक ज्ञान देने से बचें। मानसिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे।


**कन्या** — आज आप लोगों के चहेते बने रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको जिम्मेदारी वाला काम सौंपा जा सकता है। पर्यटन की योजना बना सकते हैं। प्रेमी जन के साथ डेट पर जाने का विचार बनायेंगे। अज्ञात लोगों पर अधिक विश्वास न करें।


**तुला** — आज आपका स्वास्थ्य बहुत अच्छा रहेगा। कारोबार के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है। घर की साफ-सफाई और व्यवस्था पर अधिक ध्यान देंगे। शत्रुओं की योजना विफल होगी। अति उत्साह में बजट का ध्यान रखें। ससुराल पक्ष के साथ सम्बन्ध मधुर होंगे।


**वृश्चिक** — आज प्राइवेट जॉब कर रहे लोग छुट्टी ले सकते हैं। कार्यों में नवीनता आने से उत्साहित रहेंगे। जीवनसाथी पर नाराज हो सकते हैं। नए काम को लेकर जल्दबाजी न करें। पुरानी गलतियों से सीखने का अवसर मिलेगा। शाम को किसी पार्टी या आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं।



**धनु** — आज व्यावसायिक रणनीति बनाने के लिए दिन शानदार है। सोचे हुए काम पूरे होने से आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। शुभ कार्यों में धन खर्च होगा। यदि आपको कोई सलाह देता है तो आपको उस पर प्रतिक्रिया देने से पहले विचार करना चाहिए।


**मकर** — आज आपको दुविधापूर्ण स्थितियों का सामना करना पड़ेगा। अनावश्यक बातों पर अधिक ध्यान न दें। आज आप स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेंगे। बॉस आपकी काफी प्रशंसा करेंगे। मन में किसी तरह का पूर्वाग्रह न पालें।


**कुंभ** — आपको आज काफी व्यस्त रहना पड़ेगा। उच्च अध्ययन के इच्छुक विद्यार्थियों को उत्तम अवसर मिल सकते हैं। परिजनों की चिंता रहेगी। अनावश्यक मुद्दों पर अपना समय व्यर्थ न करें। माइग्रेन के रोगियों को आज यात्रा से बचना चाहिए।


**मीन** — आज कार्यक्षेत्र में आपको उच्च पद मिल सकता है। दोपहर तक सारे महत्वपूर्ण कार्य कर लेना हितकर होगा। प्रभावशाली लोगों से मित्रतापूर्ण संबंध बनेंगे। व्यापार की समस्याएं दूर होंगी। प्रेम संबंधां का भरपूर आनंद लेंगे। शरीर में थकान महसूस हो सकती है।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- दक्षिण। **ऋतु**- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-उत्तर भाद्रपद 11.17 तक तत्पश्चात रेवती।

## सुडोकू-13

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 9 | | | 5 | | 1 | |
| | | 2 | 3 | | 8 | 6 | | |
| 7 | 4 | | | 1 | | | 2 | |
| 6 | | | | 2 | | | 4 | |
| | 8 | | | | | | 5 | |
| | 2 | | | 9 | | | | 3 |
| | 9 | | | 3 | | | 8 | 1 |
| | | 1 | 4 | | 9 | 5 | | |
| | 3 | | 6 | | | 2 | | 7 |

### सुडोकू - 12 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 4 | 8 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 2 |
| 1 | 5 | 7 | 4 | 8 | 2 | 3 | 6 | 9 |
| 3 | 9 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 | 4 | 7 |
| 7 | 8 | 3 | 9 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 |
| 5 | 2 | 9 | 1 | 3 | 4 | 6 | 7 | 8 |
| 4 | 6 | 1 | 2 | 7 | 8 | 9 | 3 | 5 |
| 2 | 3 | 5 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 | 4 |
| 9 | 1 | 4 | 8 | 2 | 3 | 7 | 5 | 6 |
| 8 | 7 | 6 | 5 | 4 | 1 | 2 | 9 | 3 |

आपदर्थे धनं रक्षेद् दारान् रक्षेद् धनैरपि।
आत्मानं सततं रक्षेद् दारैरपि धनैरपि ॥

विपत्ति के समय के लिए धन की रक्षा करनी चाहिए । धन से अधिक रक्षा पत्नी की करनी चाहिए । किन्तु अपनी रक्षा का प्रश्न सम्मुख आने पर धन और पत्नी का बलिदान भी करना पड़े तो नहीं चूकना चाहिए ।

## संपादकीय

# नया मोड़

इजराइल और ईरान के युद्ध ने मध्य पूर्व में तनाव बढ़ा दिया है। दोनों ओर से लगातार हमले जारी हैं। संघर्ष ने बुधवार को नया मोड़ ले लिया जब ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने अमेरिका और इजराइल को लेकर चेतावनी दी कि युद्ध शुरू होता है। यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान से बिना शर्त समर्पण की मांग के बाद आया। ईरान की ओर से बुधवार को इजराइल के ऊपर हाइपरसोनिक मिसाइल से हमला किया गया। ट्रंप के बयान ने ईरान के साथ-साथ वैश्विक नेताओं के बीच भी खलबली मचा दी। खामेनेई की नई टिप्पणियों से क्षेत्रीय चिंताएं और बढ़ने की संभावना है। इस युद्ध की वजह से ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु समझौता अधर में लटक गया है और परमाणु संकट के कूटनीतिक समाधान की संभावना लगभग समाप्त हो गई। इजराइल के विदेश मंत्री ने कहा कि ईरान के साथ कोई बातचीत नहीं होगी और ऑपरेशन राइजिंग लॉयन तब तक जारी रहेगा, जब तक कि यह अपने उद्देश्यों को प्राप्त नहीं कर लेता। मीडिया के अनुसार, अमेरिका मध्य पूर्व में अपने और अधिक लड़ाकू विमानों की तैनाती कर रहा है और पहले से तैनात विमानों की तैनाती की अवधि को बढ़ा रहा है। ट्रंप प्रशासन अब ईरान के भूमिगत परमाणु हथियारों को निष्क्रिय करने के सभी विकल्पों पर विचार कर रहा है।

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू लंबे समय से ईरान के परमाणु कार्यक्रम को निशाना बनाने की बातें करते रहे हैं। 2000 के दशक की शुरुआत से ही ईरान का परमाणु कार्यक्रम इजराइल की सामरिक चिंता का विषय रहा है। अब जबकि इस क्षेत्र का सबसे लंबे समय से चला आ रहा टकराव इस तरह से बढ़ता जा रहा है, तो इससे पूरे मध्य पूर्व की प्रगति, समृद्धि, और साझेदारियां खतरे में पड़ गई हैं। बड़े पैमाने पर युद्ध की आशंका बढ़ रही है जो पूरे मध्य पूर्व को अपनी चपेट में ले सकती है और वैश्विक भू-राजनीतिक संतुलन को अस्थिर कर सकती है। यानी यह संघर्ष पश्चिम एशिया को एक गंभीर युद्ध की ओर धकेल सकता है। ट्रंप इजरायल -ईरान संघर्ष में सहभागिता पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। हालांकि इस पर ट्रंप के करीबी सलाहकारों के बीच पूरी तरह से सहमति नहीं बन पाई है। अब युद्ध में अमेरिका के शामिल होने का जोखिम बढ़ गया है। ऐसे में यदि ईरान फारस की खाड़ी में अमेरिकी ठिकानों पर कार्रवाई करता है, तो इससे सुरक्षा और आर्थिक तबाही मच सकती है। इसलिए ईरान एवं इजराइल के बीच युद्ध विराम की तत्काल जरूरत है।

# जियोपॉलिटिक्स में उलझ गई विरल धातु की आपूर्ति



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

> कहने में संकोच नहीं कि विरल धातुओं के बारे में जिस तरीके से अन्य देशों द्वारा की गई रिसर्च संबंधी जानकारी यूरोपियन और अमरीकन जर्नल्स से ऑनलाइन उपलब्ध है वैसी किसी भारतीय स्रोत से तुरंत उपलब्ध नहीं हो पाती।

भारत को विरल धातुओं की आपूर्ति में चीन द्वारा रोक लगाने से पैदा हुई संकटपूर्ण स्थिति को हम वरदान में क्यों नहीं बदल पा रहे हैं? तकनीकी विकास के मामले में वेस्टर्न इंस्टिट्यूशंस और ऑटोमोबाइल मैन्युफेक्चर करने वालों की रिसर्च एंड डेवलपमेंट पर ही हम कब तक निर्भर रहते रहेंगे? क्या हमारा तकनीक तंत्र वैकल्पिक तकनीकों का आविष्कार और विकास करने में सक्षम नहीं है? मनुष्य द्वारा की गई प्रौद्योगिकी प्रगति का बड़ा अंश कंपोजिट्स और विरल धातुओं के बढ़ते इस्तेमाल पर टिका हुआ है जिसके कारण मौजूदा हालात भू-राजनीतिक हितों को लेकर प्रतियोगी हो चुके हैं। इन्हें पृथ्वी के आर्कटिक क्षेत्र, निकट के ग्रहों और एस्टेरॉयड्स से प्राप्त करने के लिए तकनीकी कौशल विकसित करने की बात एक अरसे से चल रही है। विरल धातुओं की खोज तो मुश्किल नहीं, लेकिन इनके एक्सट्रैक्शन और प्यूरिफिकेशन के लिए विशेष इंफ्रास्ट्रक्चर की जरूरत होती है।

अबुधाबी स्थित इंटरनेशनल रिन्यूएबल एनर्जी एजेंसी के मुख्यालय द्वारा सन 2025 में प्रकाशित रिपोर्ट जियोपॉलिटिक्स ऑफ़ द एनर्जी ट्रांजीशनः क्रिटिकल मैटेरियल्स, में कुछ महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से दस विरल भू-पदार्थों के बारे में चर्चा है। इसमें ट्रेड, सिक्यूरिटी एंड इंटरडिपेंडेंस अध्याय में आशंका व्यक्त की गई है विरल धातुओं को लेकर आपूर्तिकारों और खरीदारों के बीच विवाद और सामरिक टकराव भी हो सकता है।

कहने में संकोच नहीं कि विरल धातुओं के बारे में जिस तरीके से अन्य देशों द्वारा की गई रिसर्च संबंधी जानकारी यूरोपियन और अमरीकन जर्नल्स से ऑनलाइन उपलब्ध है वैसी किसी भारतीय स्रोत से तुरंत उपलब्ध नहीं हो पाती। अमरीकन नेशनल एकेडेमी ऑफ़ साइंसेज की प्रोसीडिंग्स के 19 मई 2015 के अंक में प्रकाशित पर्चा -ऑन द मटेरियल बेसिस ऑफ मॉडर्न सोसाइटी, विरल धातुओं पर मानव की निर्भरता के बारे में उपयोगी जानकारी देता है लेकिन भारत की किसी भी स्रोत से ऐसी जानकारी फ्री या पब्लिक डोमेन में नहीं है। नेचर और साइंस पत्रिका में इस बारे में ऐतिहासिक रूप से पिछले 100 वर्षों का डाटा उपलब्ध है। बेंगलुरु स्थित इंडियन एकेडेमी ऑफ़ साइंसेज की पत्रिका करंट साइंस में भी कुछ समीक्षा पर्चे और शोध-पत्र उपलब्ध हैं, लेकिन संख्या कम है। विरल धातुओं पर शोध में अग्रणी इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ साइंस, भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र और टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च के वैज्ञानिकों ने भी सैंकड़ों पर्चों का प्रकाशन किया है जिन्हें संबंधित संस्थान की वेबसाइट से एक्सेस किया जा सकता है। विरल धातुओं पर रिसर्च और डेवलपमेंट संबंधी पर्चों के प्रकाशन के मामले में वैश्विक स्तर पर भारत का सातवां स्थान होने के बावजूद संकट क्यों हैं?

> दुनिया में दूसरे विश्वयुद्ध के समय जर्मनी ने जिन टेक्नोलॉजीज का विकास किया इन पर पश्चिम की शक्तियों ने अपना कब्ज़ा कर लिया था। इसके बाद सेमी-कंडक्टर्स और इलेक्ट्रॉनिक्स का आगाज़ होने से पहले की जो टेक्नोलॉजी हैं वह जर्मन आधारित ही है, बेशक यह किसी भी फील्ड में है।

सीएसआईआर के तिरुअनंतपुरम स्थित नेशनल इंस्टिट्यूट फॉर इंटरडिसिप्लिनरी साइंस एंड टेक्नोलॉजी के विज्ञानियों आरएस विष्णुमाया, पी. निशि और एस मिनी ने वेब ऑफ साइंस पर उपलब्ध सन 1987 से 2013 के दौरान इस एकल विषय के आधार पर भारत में दुर्लभ पृथ्वी अनुसंधान के विकास और वृद्धि के पर्चों का संख्यात्मक विश्लेषण करके एक अध्ययन साइंटोमीट्रिक्स ऑफ़ रेयर अर्थ्स रिसर्च इन इंडिया, प्रस्तुत किया है जिसे करंट साइंस जर्नल ने 10 अप्रैल 2016 के अंक में प्रकाशित किया। भारत के नामी शोध संस्थानों से जिन दसेक टॉप ऑथर्स के नाम इस लेख में दिए गए हैं उनके ऑथर्स ने न्यूनतम 51 से लेकर 102 तक पर्चों का प्रकाशन इस अवधि में किया जो पर्याप्त संकेत दे रहा है कि भारत में शोध के मामले में प्रतिभा की कमी नहीं है। विरल धातुओं के व्यवहार को अनेक स्थितियों और परिस्थितियों में अनेक पहलुओं से परखा-तौला जाता है। विरल धातुओं की इंडस्ट्रियल प्रोसेसिंग करने के लिए केरल स्थित रेयर अर्थ्स लिमिटेड रिसर्च सेण्टर अग्रणी संस्था है। रेयर अर्थ मिनरल्स की एक्सट्रैक्शन और प्रोसेसिंग विधियों पर भारत में सन 1950 में तब काम शुरू हुआ जब प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु ने केरल के अलवाए में इंडियन रेयर अर्थ्स फैक्ट्री का उद्घाटन किया था। यूनिवर्सिटीज के केमिस्ट्री डिपार्टमेंट्स और नेशनल केमिकल लेबोरेटरी, पूना का भी रिसर्च में योगदान रहा है। चीन से भी पहले काम शुरू करने वाला भारत विरल धातुओं के खनन और एक्सट्रैक्शन के मामले में कैसे पीछे छूट गया, इस पर आश्चर्य होता है।

दुनिया में दूसरे विश्वयुद्ध के समय जर्मनी ने जिन टेक्नोलॉजीज का विकास किया इन पर पश्चिम की शक्तियों ने अपना कब्ज़ा कर लिया था। इसके बाद सेमी-कंडक्टर्स और इलेक्ट्रॉनिक्स का आगाज़ होने से पहले की जो टेक्नोलॉजी हैं वह जर्मन आधारित ही है, बेशक यह किसी भी फील्ड में है। अगर वेस्टर्न वर्ल्ड ने समानांतर टेक्नोलॉजीज का विकास किया भी तो, इनमें से अन्वेषण किए जाने के बाद अनेक जर्मन टेक्नोलॉजीज से आइडियाज लेकर काम किया गया था। टेक्नोलॉजी के मामले में चीन नवनीत टेक्नोलॉजीज तो बना पा रहा है लेकिन इसके नाम कितनी इन्वेंशन और डिस्कवरी दर्ज हैं? इसकी ज्यादातर टेक्नोलॉजी और प्रोडक्ट्स हाइब्रिड हैं जिनके सूत्र पश्चिमी देशों की एडवांस्ड लैबोरेट्रीज और जनसाहित्य से चुराए गए हैं। लेकिन नियति ऐसी है कि एडवांस्ड रिसर्च और प्रोडक्ट डेवलपमेंट के लिए कच्चा माल चीन सप्लाई करता है जिसमें विरल एलिमेंट्स पर उसका एकाधिकार है। विरल धातुओं की ट्रेडिंग को चीन अब कूटनीतिक अस्त्र के रूप में इस्तेमाल करता है। चीन का इरादा विरल धातुओं के ड्यूएल या स्ट्रेटेजिक यूज़ को काफी हद तक रोकना है।

इंटैलिजेंस टैलेंट का इस्तेमाल करके प्रोडक्ट डेवलपमेंट में चीन अगर दुनिया का लीडर बन सकता है तो भारत क्यों नहीं? रेयर अर्थ एलिमेंट्स के बारे में हमारे इंटेलिजेंस एंड इनफार्मेशन गैदरिंग कमतर नहीं है। हमारी इंडस्ट्री ने इस क्षेत्र में सन 1960 के बाद निवेश नहीं किया और न ही भारत के इंडस्ट्रियल रिसर्च एंड डेवलपमेंट के क्षेत्र में अव्वल संस्थाओं द्वारा उपलब्ध टेलंट का इस्तेमाल हुआ। इसीलिए प्रतिभा पलायन भी हुआ।

यूनिवर्सिटी रिसर्च एंड डेवलपमेंट सिस्टम तो इसलिए अलग-थलग पड़ रहा क्योंकि इसे सन 1995 तक बड़ी रिसर्च परियोजनाओं के लिए सपोर्ट नहीं मिला। यूनिवर्सिटी सिस्टम में जिसने भी रेयर अर्थ्स को लेकर रिसर्च किया वह सिर्फ व्यक्तिगत रूचि के कारण ही। इस क्षेत्र सब कुछ सीएसआईआर ही करना चाहता था, इसलिए साइंटिफिक और इंडस्ट्रियल रिसर्च के सरकारी फंडिंग का बड़ा हिस्सा शिक्षा मंत्रालय को न मिलकर डिपार्टमेंट ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी को मिलता रहा। विरल धातुओं के लिए चीन पर निर्भरता हटाने के लिए इनकी आपूर्ति अन्यत्र से किए जाने से समस्या का समाधान नहीं होगा। वैकल्पिक टेक्नोलॉजी के विकास के मामले में रूस से सबक लेना चाहिए जिसकी कोई भी टेक्नोलॉजी और डिजाईन वेस्टर्न टेक्नोलॉजी और डिजाईन से मेल नहीं खाती जैसे कि उनके नवीनतम फाइटर जेट्स का ऑपरेशनल कोड अमरीका के एक-35 से बिलकुल अलग तरीके का हो सकता है, बेशक दोनों का फंक्शन एक जैसा है।

चीन द्वारा भारत को विरल पदार्थों की आपूर्ति बंद किए जाने के प्रतिकार स्वरुप केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) ने स्थायी चुम्बकों, वोल्टेज ट्रांसफार्मरों और सुपर कैपेसिटर सहित महत्वपूर्ण घटकों की एक मसौदा सूची तैयार की है, जिनके स्थानीय विनिर्माण के लिए एक पालिसी फ्लोट की गयी है। चुनौती का जवाव देने के लिए सीईए ने उद्योग के स्टेकहोल्डर्स अथवा हितधारकों से उन क्षेत्रों की पहचान करने को कहा है, जिनके लिए भारत वर्तमान में विरल धातुओं का आयात करता है। यह एक एडमिनिस्ट्रेटिव पहल है। सीईए की छोटे स्तर की कार्रवाई से ऊंचा उठकर भारत को दीर्घकालिक कार्रवाई करने की जरूरत है। रेयर अर्थ एलिमेंट्स के महत्व को सन 1980 में ही आंकना चाहिए था जब रिसर्च से उपजी जानकारी का इस्तेमाल प्रोडक्ट बनाने में होने लगा था।

## प्रसंगवश

# बच्चों और युवाओं में तेज़ी से बढ़ता बहरापन

जीवनशैली में नित-नए आ रहे बदलावों तथा शिक्षा कार्यों के लिए ऑनलाइन रहने की दलील ने बच्चों को मोबाइल-लेपटॉप-ईयरफोन का आदी बना दिया है। तेज आवाज का संगीत व तरह-तरह के कंसर्ट बच्चों को लुभाते हैं। विज्ञान के अनुसार, हमारे कानों के सुनने की क्षमता निर्धारित है। हमारे कानों के लिए 40 से 60 डेसिबल सुनने की क्षमता निर्धारित की है जो सही है, लेकिन इससे ऊपर यानी 85 से 100 डेसिबल साउंड कानों के लिए खतरनाक है। यूं तो बहरापन उम्र के साथ आता है लेकिन पिछले कुछ दशकों में कम सुनाई देने यानी बहरेपन की समस्या तेजी से युवाओं और बच्चों को अपना शिकार बना रही है और स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने इस पर चिंता जाहिर की है।



डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी
अंबेडकरनगर

आंकड़ों की बात करें तो पिछले दशकों में दुनिया में 3.4 करोड़ से अधिक बच्चों में कम सुनाई देने की क्षमता के केस सामने आए हैं। यह दुनिया की एक भयावह एवं चुनौतीपूर्ण समस्या की ओर बढ़ने का संकेत है, एक पूरी पीढ़ी के बहरे होने की चुनौती को खड़ा कर रहा है। जिस तरह से आजकल के युवा एवं बच्चे हेडफोन और इयरफोन का ज्यादा इस्तेमाल कर रहे हैं, उससे उनके कान तेज आवाज के संपर्क में लगातार रहते हैं और इससे कान की नाजुक मांसपेशियों को नुकसान पहुंच रहा है एवं बहरेपन की समस्या उग्र से उग्रतर होती जा रही है।अभिभावक बच्चों को इस संकट की भयावहता से अवगत कराएं तथा समय-समय पर उनके कानों का चेकअप कराते रहें। कोशिश हो रचनात्मक तरीके से उनकी इस आदत को बदलने का प्रयास किया जाए।

एक्सपर्ट के मुताबिक, घंटों तक हेडफोन लगाए रखना और म्यूजिक सुनना कानों के साथ-साथ दिल के लिए भी बिल्कुल अच्छा नहीं है। इससे न केवल दिल की धड़कन तेज हो जाती है, बल्कि दिल को काफी नुकसान भी उठाना पड़ता है। हेडफोन या ईयरफोन से निकलने वाली इलेक्ट्रोमैग्नेटिक वेव दिमाग पर बुरा प्रभाव डालती हैं। इसकी वजह से सिरदर्द और माइग्रेन की समस्या पैदा हो जाती है। बहुत से लोग नींद में बाधा, नींद न आना, अनिद्रा या यहां तक कि स्लीप एपनिया से भी पीड़ित हो जाते हैं। इयरफोन सीधे कान में लगाया जाता है, जो एयर पैसेज में बाधा डालता है। ये बाधा बैक्टीरिया के विकास सहित अलग-अलग तरह के कानों के इन्फेक्शन का कारण बन सकती है। हेडफोन का लंबे समय तक इस्तेमाल किसी व्यक्ति की सोशल लाइफ और मेंटल हेल्थ की क्षमता को प्रभावित कर सकता है। कई बार ज्यादा चिंता और तनाव का भी कारण बन सकता है।

दरअसल, सबसे बड़ा संकट यह है कि आज मोबाइल फोन एक आवश्यक बुराई बन चुका है। आज नई पीढ़ी इस संबंध में मां-बाप की नसीहत पर ध्यान कम ही देती है। ऐसे में स्कूल-कालेजों में शिक्षकों व सामाजिक अभियानों से जुड़े लोगों को जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। विभिन्न सूचना माध्यमों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों से बच्चों को जागरूक करने के लिये मुहिम चलाने का कुछ लाभ जरूर मिल सकता है। प्रयास किया जाए कि न टाले जा सकने वाले कार्यक्रमों को कम आवाज के साथ सुना जाए। लेकिन विडंबना यह है कि हरदम कानों पर मोबाइल व ईयरफोन तथा बड्स आदि लगाना स्टेटस सिंबल बन गया। व्यक्ति खुद व्यस्त होने का दिखावा करता रहता है। कोशिश हो रचनात्मक तरीके से उनकी इस आदत को बदलने का प्रयास किया जाए।

बच्चों को लेकर अभिभावकों व शिक्षकों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है, क्योंकि उनके लंबे जीवन पर बहरेपन का संकट मंडराने का खतरा बढ़ता ही जा रहा है। आधुनिक सुनने के उपकरणों एवं तेज़ आवाज़ से कान की नसों और हियरिंग सेल्स को नुकसान हो सकता है, जिससे बहरापन भी हो सकता है। एक समय था जब कम सुनाई देने की शिक़ायत बुजुर्ग किया करते थे, लेकिन बदलती जीवनशैली के कारण कम उम्र में भी लोगों में यह समस्या होने लगी है। स्वस्थ जीवनशैली अपनाने से सुनने की क्षमता को बेहतर बनाया जा सकता है। वैसे भी महानगरों व भीड़भाड़ वाले इलाकों में ध्वनि प्रदूषण लगातार बढ़ता जा रहा है। जिसके खतरों को लेकर समाज में जागरूकता के प्रचार-प्रसार की सख्त जरूरत होती है।

# ऊर्जा सुरक्षा के लिए रणनीति से काम लेना होगा



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

> भारत ईरान का पारंपरिक सहयोगी रहा है और 2018 तक भारत अपने कुल कच्चे तेल का लगभग 10 प्रतिशत हिस्सा ईरान से आयात करता था।

वर्तमान वैश्विक राजनीति में अमेरिका की परमाणु हथियारों पर नियंत्रण की रणनीति, केवल सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अमेरिका के भू-राजनीतिक प्रभुत्व और आर्थिक हितों को भी सुरक्षित रखने का माध्यम है। अमेरिका ने हमेशा यह प्रयास किया है कि अन्य देश, विशेषकर पश्चिम एशिया जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में, परमाणु हथियारों की दिशा में न बढ़ें। इसी रणनीति के तहत अमेरिका ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकने की हर संभव कोशिश कर रहा है।

2024 में अमेरिकी विदेश विभाग ने एक बार फिर ईरान पर आरोप लगाए कि वह शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा के नाम पर हथियार निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहा है। आंकड़ों के अनुसार अमेरिका के पास वर्तमान में करीब 5,244 परमाणु हथियार हैं, जिनमें से लगभग 1,744 हथियार तैनात अवस्था में हैं। इसके मुकाबले ईरान अभी तक केवल उच्च संवर्धित यूरेनियम के स्तर पर पहुंचा है।

ईरान का परमाणु कार्यक्रम अमेरिका और विशेषकर इज़राइल के लिए बड़ा सिरदर्द है। इज़राइल जो खुद एक अनौपचारिक परमाणु शक्ति है, ईरान को क्षेत्रीय संतुलन के लिए खतरा मानता है। ऐसा इसलिए क्योंकि ईरान ने बीते वर्षों में लेबनान की हिज़्बुल्लाह, यमन के हूथी विद्रोहियों और गाजा के हमास को हथियार और वित्तीय सहायता दी है। यदि ईरान के पास परमाणु हथियार होंगे, तो इज़राइल की सुरक्षा और पश्चिम एशिया की स्थिरता दोनों पर बड़ा खतरा मंडराएगा।

अमेरिका के लिए ईरान को रोकना सिर्फ सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा नहीं है, बल्कि इससे अमेरिका को आर्थिक और सामरिक लाभ भी होते हैं। पहला लाभ यह है कि अमेरिकी रक्षा उद्योग को इसका सीधा फायदा मिलता है। वर्ष 2023 में अमेरिका ने सऊदी अरब को 3.5 बिलियन डालर का एयर डिफेंस सिस्टम बेचा। इससे लॉकहीड मार्टिन, रेथॉन, जनरल डायनेमिक्स जैसी कंपनियों की आय में भारी बढ़ोतरी हुई। दूसरी बात यह है कि अमेरिका अब विश्व का सबसे बड़ा तेल उत्पादक बन गया है। ऐसे में जैसे ही पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ता है, वैश्विक तेल और गैस की कीमतें ऊपर जाती हैं, जिससे अमेरिकी ऊर्जा कंपनियों को जबरदस्त लाभ होता है। तीसरा लाभ यह है कि वैश्विक अस्थिरता की स्थिति में निवेशक अमेरिकी डॉलर को 'सेफ हेवन' मानते हैं, जिससे डॉलर मजबूत होता है और अमेरिकी बांड की मांग में वृद्धि होती है।

अब सवाल उठता है कि भारत पर इसका क्या प्रभाव पड़ता है। भारत ईरान का पारंपरिक सहयोगी रहा है और 2018 तक भारत अपने कुल कच्चे तेल का लगभग 10 प्रतिशत हिस्सा ईरान से आयात करता था। ईरान भारत को रियायती दर पर तेल देता था, जिसमें लंबा क्रेडिट पीरियड और सस्ता ट्रांसपोर्ट शुल्क शामिल होता था। लेकिन 2019 के बाद से अमेरिकी प्रतिबंधों के दबाव में भारत ने ईरान से आयात बंद कर दिया। इससे भारत को दोहरा नुकसान हुआ-एक ओर ऊर्जा की लागत बढ़ी, दूसरी ओर भारत की चाबहार पोर्ट परियोजना की गति धीमी पड़ गई। यह पोर्ट भारत की अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक सीधी पहुंच का एक रणनीतिक माध्यम था।


भारत, जो अपनी 85 प्रतिशत ऊर्जा ज़रूरतों के लिए आयात पर निर्भर है, उसके लिए स्थिति बेहद चिंताजनक हो सकती है। इसका असर महंगाई, चालू खाता घाटा, रुपये की विनिमय दर और सरकार के वित्तीय घाटे पर पड़ सकता है। महंगे तेल से परिवहन लागत में वृद्धि होगी, जिससे खाद्य पदार्थों और निर्माण सामग्रियों की कीमतें बढ़ेंगी। इससे रिज़र्व बैंक को ब्याज दरों में कटौती करने में हिचक होगी और मुद्रास्फीति काबू से बाहर हो सकती है। दूसरी ओर, रुपये की कमजोरी से आयात और महंगा हो जाएगा। इससे सरकार पर सब्सिडी देने का दबाव बढ़ेगा और राजकोषीय घाटा बढ़ेगा।

भारत को चाहिए कि कूटनीतिक रूप से संतुलन बनाकर अमेरिका, इज़राइल और ईरान तीनों के साथ संवाद बनाए रखना ताकि भारत की रणनीतिक स्वायत्तता सुरक्षित रह सके।वह संयुक्त राष्ट्र, ब्रिक्स और शंघाई सहयोग संगठन जैसे मंचों पर इस विषय पर संतुलित और शांतिपूर्ण समाधान की पैरवी करे। इसके साथ ही ऊर्जा की वैकल्पिक रणनीतियों जैसे हाइड्रोजन, सोलर और ग्रीन गैस की दिशा में निवेश को तेज़ करना होगा ताकि दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। भारत को इस जटिल स्थिति में सूझबूझ और रणनीति से काम लेना होगा ताकि वह अपनी ऊर्जा सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता और वैश्विक भूमिका को संतुलित कर सके।

## सोशल फोरम

# वर्तमान राष्ट्र राज्य का मुद्दा

जब हम अपना निर्धारित काम पूरी योग्यता और निष्ठा से करने के बजाय अगले चुनाव के मद्देनज़र संबंधित लोगों को ख़ुश करने और ख़ुश रखने की नीयत से काम करने लगते हैं। तब समष्टि का अहित होता है। होते होते पूरी व्यवस्था चरमरा जाती है। व्यवस्था चरमराने पर सबसे अधिक पीड़ित होते हैं ग़रीब और कमज़ोर। और समष्टि का सबसे बड़ा हिस्सा वही बनाते हैं। यह तो निरंकुश व्यष्टिवाद है, न राष्ट्रवाद है, न समाजवाद। तब हम राष्ट्रवादी नहीं, तत्वतः राष्ट्र के दुश्मन हैं। समाजवादी नहीं, तत्वतः पूंजीवाद के चाकर पेटी बूर्जुआ हैं। समष्टि का उत्थान उसकी हर इकाई के उत्थान के बिना असंभव है। और सब का समंजित उत्थान ही राष्ट्र का उत्थान है।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

ऐसा उत्थान तब तक नहीं हो सकता जब तक वंचितों के उत्थान को प्राथमिकता न दी जाए। और आर्थिक रूप से समर्थ तबक़ा तब तक समर्थ नहीं रह सकता जब तक उसे वंचितों के श्रम का न्यायपूर्ण सहयोग न प्राप्त हो। श्रम का न्यायपूर्ण सहयोग तभी प्राप्त हो सकता है जब उसका उचित मूल्य मिले। और इस तरह सृजित सरप्लस का उपयोग अधिक से अधिक वंचितों को श्रम का अवसर प्रदान करने में, उद्योग की नई-नई इकाइयां लगाने में हो। आर्थिक उपक्रमों का विस्तार समर्थ और वंचित दोनों तबक़ों के समुचित लाभ और उसके एक अंश के समुचित निवेश के बिना असंभव है। इस तरह दोनों तबक़ों की ऊर्ध्वमुखी और क्षैतिज दोनों तरह की प्रगति सबके न्यायपूर्ण सहयोग से ही संभव है। सबकी प्रगति में ही समष्टि की प्रगति निहित है। यही लोकतांत्रिक समाजवाद है।

इस तरह संतुलित राष्ट्रवाद और संतुलित समाजवाद में कोई अंतर्विरोध नहीं। दोनों परस्पर पूरक हैं। किंतु दोनों ऐसे दुश्मन का पीछा करते हैं जिसका अस्तित्व ही नहीं। शायद इसलिए कि असली मुद्दे का सामना करने की कुव्वत दोनों में से किसी में नहीं है। असली मुद्दा क्या है? समष्टि की हर इकाई का संतुलित विकास और सामंजस्यपूर्ण, सस्टेनेबल ख़ुशहाली। क्या यह एक यूटोपिया है? अगर यूटोपिया है तो फ़िलहाल कुछ नहीं हो सकता। जो जैसे चल रहा है, वैसे ही चलता रहेगा।

**-फेसबुक वॉल से**

# अंग्रेजों ने 137 वर्ष पूर्व बना दी थी नैनीताल के लिए रोप-वे की योजना



प्रयाग पांडे
वरिष्ठ पत्रकार

> कर्नल बैरन ने अपने पत्र में लिखा कि नैनीताल के 'बड़े फायदे' के लिए उनकी संपत्ति को नुकसान पहुंचाना उचित नहीं है। इस मामले में लंबी लिखा-पढ़ी हुई।

अंग्रेजों के प्रकृति प्रेम एवं औपनिवेशिक शासकों की तात्कालिक आवश्यकताओं के चलते आज से करीब 182 साल पहले कुछ यूरोपीय नागरिकों की स्वतंत्र पहल से नैनीताल नामक वर्तमान नगर की बसावट शुरू हुई। नैनीताल को एक आदर्श हिल स्टेशन के रूप में आबाद और विकसित करने के पीछे अंग्रेजों का प्रकृति प्रेम के साथ लालच भी था और जरूरत भी। इसमें कोई दो राय नहीं कि नैनीताल के प्रति अंग्रेजों के मन में एक विशेष आत्मीयता का भाव था। आत्मीयता के इस रिश्ते को उन्होंने नैनीताल के साथ ईमानदारी से निभाया भी।

नैनीताल को अंग्रेजों ने एक निश्चित जनसंख्या के लिए बसाया। अंग्रेज नैनीताल के भंगुर पर्यावरण से बखूबी वाकिफ थे। उनकी हरेक योजनाएं दीर्घकालिक नजरिए से बनती थीं। अंग्रेजों ने आज से 137 साल पहले नैनीताल को रोप-वे से जोड़ने के बारे में सोच लिया था।

प्रारंभिक काल में नैनीताल आने-जाने के लिए सबसे बड़ी समस्या रास्तों की थी। आवागमन की समस्या से निजात पाने के लिए मई,1887 में मिस्टर हन्ना नामक एक अंग्रेज ने यातायात और सामान लाने, ले जाने के लिए नैनीताल से कालाढूंगी की ओर तीन हजार फीट लंबे रोप-वे के निर्माण का सुझाव दिया। ब्रिटिश प्रशासन ने इस प्रस्ताव पर अपनी सैद्धांतिक सहमति दे दी। इस कार्य को संपादित करने के लिए 1888 के प्रारंभिक दिनों में 'नैनीताल रोप -वे कंपनी लिमिटेड' बन गई। अगस्त,1888 में मिस्टर हन्ना ने रोप-वे के लिए 9900 रुपये की शुरुआती योजना बना ली थी। योजना के सभी पक्षों की जांच-परख के बाद नगर पालिका की सार्वजनिक निर्माण समिति ने इस योजना को स्वीकृति प्रदान कर दी। इसके बाद नगर पालिका के अधिकारियों ने प्रस्तावित संपूर्ण रोप-वे मार्ग का स्वयं स्थलीय मुआयना किया। 8 अक्टूबर,1888 को नगर पालिका कमेटी की बैठक में भी इस योजना को स्वीकृति दे दी गई। अंतिम स्वीकृति के लिए योजना को कुमाऊं के वरिष्ठ सहायक कमिश्नर को भेज दिया गया।

प्रस्तावित रोप-वे के तार स्लीपी हॉल एवं लौंगडेल से होते हुए जाने थे। 30 नवंबर, 1888 को नगर पालिका, नैनीताल के तत्कालीन उपाध्यक्ष जे. ओकशॉट ने कुमाऊं के वरिष्ठ सहायक आयुक्त को रोप-वे के तारों को ले जाने के लिए स्लीपी हॉल और लौंगडेल की जमीन के निश्चित हिस्सों को 'अनिवार्य अधिग्रहण एक्ट-एक्स-1870' की धारा-12 के अंतर्गत 650/-में अधिगृहित करने का प्रस्ताव भेजा।

इधर नगर पालिका ने मिस्टर हन्ना से कहा कि वे इस योजना का ठेका दस हजार रुपये में खुद ही ले लें। नगर पालिका ने मिस्टर हन्ना को योजना की लागत राशि का अग्रिम भुगतान करने की भी पेशकश कर दी। नगर पालिका का तर्क था कि दार्जिलिंग में दस हजार रुपये की लागत से एक हजार फीट लंबी रोप-वे लाइन डाली गई है, जबकि मिस्टर हन्ना उतनी ही राशि में तीन हजार फीट लंबी रोप-वे बनाने जा रहे हैं। नगर पालिका ने रोप-वे योजना के लिए सरकार से नारायण नगर, चोरखेत और सडियाताल में जमीन मांगी। इसी दरम्यान पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता एफ.बी.हेंसलोव ने मिस्टर हन्ना की रोप-वे योजना पर अपनी विस्तृत आख्या दी थी।

अभी यह प्रस्ताव कुमाऊं के वरिष्ठ सहायक आयुक्त के विचाराधीन था। प्रस्ताव के अनुमोदन के बाद जमीन पर काम शुरू हो पाता कि 6 मई,1888 को हरमिटेज, स्लीपी हॉल और क्रेग कॉटेज के तत्कालीन स्वामी कर्नल डब्ल्यू. बैरन और लौंगडेल के तत्कालीन मालिक कुंवर रणजीत सिंह ने इस योजना पर अपनी आपत्ति दर्ज करा दी। कर्नल डब्ल्यू. बैरन का कहना था कि उन्होंने हाल ही में हरमिटेज को दोमंजिला किया है। प्रस्तावित रोप-वे उनके बरामदे से दृष्टिगोचर होगी,जिससे उनकी निजता भंग होने की आशंका है।

कर्नल बैरन ने अपने पत्र में लिखा कि नैनीताल के 'बड़े फायदे' के लिए उनकी संपत्ति को नुकसान पहुंचाना उचित नहीं है। इस मामले में लंबी लिखा-पढ़ी हुई। अंततः यह मामला नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंसेज के तत्कालीन लेफ्टिनेंट गवर्नर के दरबार तक जा पहुंचा। प्रोविंसेज के गवर्नर ने कर्नल डब्ल्यू. बैरन और कुंवर रणजीत सिंह की आपत्तियों का संज्ञान लिया। इस बारे में नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंसेज एंड अवध के सचिव आर. स्मीटन ने 18 मई,1888 को कुमाऊं के कमिश्नर को पत्र भेजा। पत्र में कहा गया कि लेफ्टिनेंट गवर्नर किसी भी नागरिक के निजी अधिकारों के हनन के पक्ष में नहीं हैं। कर्नल डब्ल्यू. बैरन और कुंवर रणजीत सिंह की आपत्तियों के मद्देनजर रोप-वे के लिए वैकल्पिक मार्ग खोजा जाए। जिसमें किसी की निजी भूमि नहीं आ रही हो या किसी को भी कम से कम नुकसान हो। इसके बाद रोप -वे की यह योजना हवा में ही अटक कर रह गई। 1947 में अंग्रेज अपने वतन लौट गए।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### रेहड़ी वाले के साथ मारपीट

**मौदहा।** कस्बे के मराठीपुरा निवासी पंकज अनुरागी ने शिकायती पत्र में बताया कि वह मोमोज और अण्डे की रेहड़ी लगाता है। मंगलवार की देर शाम करीब आठ बजे मोहल्ले के शिवम गुप्ता, रविकांत गुप्ता, आयुष, शिवम नामदेव आए और गालीगलौज कर रेहडी पलट मारपीट करने लगे। बीचबचाव करने आई उसकी मां के साथ भी मारपीट की। जिससे दोनों को गंभीर चोंटे आईं हैं।

### मौदहा में जमीन विवाद का फिर आया नया मामला

**मौदहा।** कस्बे के उपरौस नई बस्ती निवासी अजमेरी ने उपजिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि गाटा संख्या 2294, 2295 में उसकी जमीन है। लेकिन कस्बे के कुछ भूमाफियाओं द्वारा उक्त जमीन पर प्लाटिंग करने की योजना बनाई जा रही है और ब्लाक के पीछे मस्जिद के निकट उसकी जमीन पर कस्बे के कुछ रसूखदार कब्जा करने की फिराक में है। पीड़ित ने अपनी जमीन की पैमाईश कराने की मांग की है। जांच का आश्वासन मिला है।

### गौशाला में लगीं सौर ऊर्जा की प्लेट ले गए चोर

**बिवांर।** थाना क्षेत्र के करगांव गांव के प्रधान बालेंद्र पुत्र रतिया वर्मा ने तहरीर देते हुए बताया कि मंगलवार को अपने कार्य से बाहर चला गया। चोर रात में गौशाला में लगी सौर ऊर्जा की दो प्लेट चोरी कर ले गए हैं। सुबह गौशाला में भूसा डालने जाने पर दोनों पोल जमीन में गिरे पड़े थे। इनमें लगीं सौर ऊर्जा की प्लेट गायब मिलीं। प्रधान ने बताया कि ग्राम पंचायत को करीब 25 हजार रुपये के नुकसान का अनुमान है। एसआई विजय बहादुर ने बताया कि मौके पर जांच के बाद चोरों की तलाश कर कार्रवाई की जाएगी।

### आकाशीय बिजली गिरने से पांच बकरियां मरीं

**मौदहा।** ग्राम रोहारी में मंगलवार शाम आकाशीय बिजली गिरने से पांच बकरियों की मौत हो गई। कुलदीप सिंह ने बताया कि चरवाहा रामदास अनुरागी गाते बाबा के पास बकरियां चरा रहा था। तभी शाम करीब 6 बजे आकाशीय बिजली गिरने से पांच बकरियों की मौत हो गई, जिनका पशु चिकित्सक ने पोस्टमार्टम किया।

### जहरीले पदार्थ के सेवन से युवक की हालत बिगड़ी

**कुरारा।** कस्बे के वार्ड नंबर 10 में परिजनों से नाराज 30 वर्षीय युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन सीएचसी लेकर आए। जहां चिकित्सकों हालत में सुधार न होता देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कस्बा के पालीवाल मोहल्ला वार्ड नंबर 10 निवासी राकेश कुमार (30) ने घर वालों से नाराज होकर मंगलवार रात 8 बजे जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया हालत बिगड़ते देख परि जन सीएचसी उपचार के लिए लेकर आए। यहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत में सुधार न होता देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### बारिश में दीवार ढही, महिला दबकर गंभीर घायल

**सुमेरपुर।** मंगलवार देर शाम रिमझिम बरसात के बीच चल रही तेज हवा से दीवार ढह गई। इससे एक महिला दबकर गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल से कानपुर रेफर किया गया है। महिला की हालत स्थिर बताई जा रही है। मंगलवार को देर शाम तेज हवाओं के साथ हो रही रिमझिम बारिश के दौरान मुंडेरा में रिहायशी मकान की दीवार ढह गई। गांव निवासी राजकुमार ने बताया कि आंगन में कार्य कर रही उसकी पत्नी सरवन देवी (50) दबकर गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। हालत गंभीर होने पर उसे सदर अस्पताल रेफर किया गया। हालत नाजुक होने पर उसे रात में ही कानपुर के हैलेट अस्पताल को रेफर किया गया। कानपुर में उपचार के दौरान उसकी हालत स्थिर बनी हुई है।

# गेम से खेलने से रोका तो छात्र ने दी जान

## छात्र ने जवाहर नवोदय विद्यालय में इसी साल कक्षा छह में लिया था दाखिला, पढ़ाई में बेहद होनहार था

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** सरकार ऑनलाइन गेमिंग इंड्रस्टी से भले ही करोड़ों की कमाई कर रही हो, लेकिन इस खेल की लत में फंसे युवा मौत को गले लगा रहे हैं। ऐसा ही एक मामला मुस्करा क्षेत्र में सामने आया, जहां ऑनलाइन गेम खेल रहे बच्चे को मां ने रोका तो उसने कीटनाशक गोलियां खाकर जान दे दी।

मुस्करा कोतवाली क्षेत्र के पहाड़ी भिटारी के रहने वाले मनोज कुमार राजपूत का 13 वर्षीय पुत्र नैतिक अपनी मेहनत और लगन से पढ़ाई कर जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में अच्छे अंक लाकर कक्षा छह में दाखिला लिया था। परीक्षा के बाद ग्रीष्मकालीन अवकाश में वह घर आया था। सोमवार की शाम घर में वह मोबाइल पर ऑनलाइन गेम खेल रहा था। मां ने उसे गेम खेलने से रोका और पढ़ाई करने के लिए कहा तो वह नाराज हो गया।



छात्र की मौत के बाद घर के बाहर गुमसुम बैठे लोग। अमृत विचार

- ग्रीष्मकालीन अवकाश में परिवार के साथ था छात्र
- मां ने गेम खेलने से रोका तो कीटनाशक गोलियां आईं

मंगलवार को मां, पिता मनोज और दादा पृथ्वीराज खेत चले गए, तभी नैतिक ने गेहूं में रखी जाने वाली कीटनाशक गोलियां खा लीं। इससे उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। खेत से लौटे दादा पृथ्वीराज ने उसकी हालत खराब देखी तो फौरन उसके पिता मनोज को घर बुलाया और मुस्करा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां हालत गंभीर देखकर डॉक्टरों ने उरई मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। वहां से डॉक्टरों ने देर शाम झांसी मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। रास्ते में उसकी मौत हो गई। छात्र की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

### एकलौती संतान था नैतिक राजपूत

नैतिक अपने मां-बाप की एकलौती संतान था। उसकी मौत से पूरा परिवार बेहाल है। मां की हालत तो बिल्कुल पागलों जैसी हो गई है। वह बार-बार यही कह रही है कि उसने तो सिर्फ ऑनलाइन गेम खेलने से मना किया था। बस इतनी सी बात पर वह दुनिया ही छोड़कर चला गया। इस घटना से परिजनों ही नहीं, पूरे गांव में गम का माहौल है। लोगों का कहना है कि ऑनलाइन गेम की लत ने एक माता-पिता की गोद को सूना कर दिया। ग्रामीणों ने ऐसे गेम को तत्काल प्रतिबंधित करने की मांग कर रहे हैं।



छात्र नैतिक।

### महिला ने फंदा लगाकर दी जान, अस्पताल में हंगामा

**हमीरपुर।** घर में पंदे पर झूल रही महिला को लेकर परिजन जिला अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही करने का आरोप लगाते हुए अस्पताल में हंगामा काटा। पुलिस ने परिजनों को समझा-बुझाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सदर कोतवाली क्षेत्र के कांशीराम कालोनी में पति से तलाक के बाद अपने भाई रहीश के साथ रह रही गुड्डन पुत्री अब्बास (40) ने मंगलवार देर रात घर में फांसी लगा ली। भतीजे हारून ने बुआ को शोर मचाया तो मुहल्ले के लोग दौड़े। परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने चिकित्सक की लापरवाही से गुड्डन की मौत होने का आरोप लगाते हुए अस्पताल में हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे की सूचना पर पहुंची सदर कोतवाली पुलिस ने परिजनों को समझा-बुझाकर घर भेज दिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# ससुराल पहुंचे युवक को पत्नी और सालों ने पीटा

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- मारपीट के दौरान मोबाइल और रुपये छीनने का आरोप
- पुलिस बोली, पूरे मामले की जांच के बाद होगी कार्रवाई

**अमृत विचार।** चिकासी थाने के बिरहट गांव में शादी में शामिल होने ससुराल गए युवक को सालों व पत्नी ने हाथ पैर बांधकर व मारपीट की साथ ही मोबाइल व पांच हजार रुपये छीन लिए। पीड़ित ने पुलिस विभाग के उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

राठ कस्बे के जलालपुर रोड पठानपुरा मोहल्ला निवासी आशाराम पुत्र धनीराम ने उच्च अधिकारियों को भेजे शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि 13 जून को वह अपनी पत्नी प्रतिमा के साथ ससुराल में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने गया था। जैसे ही ससुराल पहुंचा वहां मौजूद साला कहने लगा कि तुम यहां क्यों आए तो तुम्हें किसने बुलाया है। बताया वह अपनी पत्नी को वहीं छोड़कर वापस घर आने को निकल आया। 10 मिनट बाद उसकी पत्नी का फोन आया कि वापस आ जाओ वह भी साथ चलेगी। जब उनके घर पहुंचा तो तीनों साले गालीगलौज करने लगे।

विरोध करने पर पत्नी की शह पर जमकर मारापीटा। आरोप लगाया कि ससुरालियों ने उसके हाथ पैर बांध कर डाल दिया और उसके पांच हजार रुपये छीन लिए। दो घंटे बाद होश आने पर वह मौका पाकर भाग निकला। घर आकर परिजनों को जानकारी दी। पीड़ित ने चिकासी थाना सहित पुलिस विभाग के उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र भेजकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। मामले में चिकासी थाना पुलिस का कहना है कि प्रकरण की जांच कराई जाएगी।



बिजली समस्या को लेकर ज्ञापन देते आप कार्यकर्ता। अमृत विचार

# बिजली कटौती पर आप का विरोध, सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, मौदहा

**अमृत विचार।** नगर सहित क्षेत्र में विद्युत की बदहाल व्यवस्था, बिजली महंगी होने की समस्या को लेकर आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में एक दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन कर तहसीलदार के माध्यम से राज्यपाल को एक ज्ञापन भेजा है। जिसमें बिजली व्यवस्था सुधारे जाने की मांग की है।

आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष मनीष गुप्ता ने कार्यकर्ताओं के साथ विद्युत व्यवस्था को सुधारने को लेकर प्रदर्शन किया। गुरुवार को तहसील परिसर में विरोध प्रदर्शन करते हुए तहसीलदार शेखर मिश्रा के माध्यम से राज्यपाल को एक ज्ञापन भेजा। उन्होंने बिजली कटौती पर रोक लगा 24 घंटे बिजली की आपूर्ति करने की बात कही। फर्जी मीटर रीडिंग को लेकर कंपनियों द्वारा की जा रही मनमानी पर सख़्ती से कदम उठाने और बड़े हुए दामों को वापस लेने की मांग की।

नगर अध्यक्ष गुलाम मोहम्मद व प्रदेश सचिव छात्र विंग आदित्य प्रजापति ने भी विद्युत विभाग की कार्य प्रणाली को कोसा। इस मौके पर डॉ सुनील गुप्ता, त्रिलोकचंद्र, अत्री, अनिल विश्वकर्मा, अरविंद विश्वकर्मा, इमामुद्दीन, रवि साहू, मोहम्मद, अमित, धर्मेंद्र, मोइनुद्दीन समेत दर्जनों पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।

# दो थानाध्यक्ष हुए लाइन हाजिर

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- भाजपा नेता के सुसाइड केस में जलालपुर एसओ लाइन हाजिर
- पांच इंस्पेक्टर सहित 14 उप निरीक्षकों को किया गया इधर से उधर

**अमृत विचार।** कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक डॉ. दीक्षा शर्मा ने दो थानाध्यक्षों को लाइन हाजिर कर दिया। इसमें जलालपुर थानाध्यक्ष पर भाजपा मंडल महामंत्री की शिकायत पर तबज्जो न देने पर आत्महत्या करने के गंभीर आरोप लगे थे। इसको लेकर भाजपाइयों में खासा आक्रोश था। वहीं पांच दरोगा और 14 उप निरीक्षकों का फेरबदल किया गया है।

जलालपुर थाने के ग्राम बीलपुर (ममना) निवासी भाजपा सरीला मंडल महामंत्री शिवेंद्र द्विवेदी ने पिछले सप्ताह फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। शिवेंद्र ने कुछ दिन पूर्व घर के सामने लगे सबमर्सिबल पंप को अराजकतत्वों द्वारा उखाड़े जाने और टंकी तोड़ने की शिकायत थाना जलालपुर में की थी। परंतु बताया जाता है कि पुलिस द्वारा कार्रवाई करने के बजाय उन्हें डांट-फटकार कर वापस भेज दिया गया। इससे आहत होकर उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या कर लेने का कारण उसके पिता ने भी बताया था। इस मामले को भाजपाइयों ने खासा तूल दिया। इसके बाद ब्राह्मण सभा ने भी प्रदर्शन कर थानाध्यक्ष पर कार्रवाई की मांग की थी।

प्रभारी निरीक्षक जलालपुर बृजमोहन को इसी मामले में छवि सुधारने की दिशा में लाइन हाजिर करना माना जा रहा है। अपराध निरीक्षक थाना राठ दिनेश पांडेय को प्रभारी निरीक्षक थाना मझगवां, प्रभारी पैरवी सेल से निरीक्षक राकेश कुमार सरोज को ललपुरा थाने का प्रभारी बनाया गया है। प्रभारी 112 से निरीक्षक पवन कुमार पटेल को अपराध थाना जलालपुर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। थानाध्यक्ष मझगवां शिवसहाय सरोज को पुलिस लाइन भेजा गया है। इसके अलावा चौकी प्रभारी पतारा पिंकू तिवारी को बेरी चौकी, थाना सुमेरपुर से उप निरीक्षक मनीष पटेल को इंगोहटा चौकी का प्रभारी और सुमेरपुर थाने से ही उप निरीक्षक निशांत दुबे को पत्योरा चौकी का इंचार्ज बनाया है। थाना कुरारा के उप निरीक्षक सूरज सिंह को पतारा चौकी का इंचार्ज बनाया है। वहीं पुलिस लाइन से उप निरीक्षक अशर्फीलाल को थाना कुरारा, महिला उप निरीक्षक रूबी यादव को पुलिस लाइन से सदर कोतवाली, उप निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा को पुलिस लाइन से सदर कोतवाली, उपनिरीक्षक मो सुल्तान को पुलिस लाइन से थाना बिवांर, उप निरीक्षक रामनरेश द्विवेदी को पुलिस लाइन से थाना राठ, उप निरीक्षक राम बहादुर राय को पुलिस लाइन से थाना सुमेरपुर, उप निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह को पुलिस लाइन से थाना मौदहा, उप निरीक्षक संजय कुमार राय (फस्ट) को पुलिस लाइन से थाना सिसोलर, उप निरीक्षक राजेश कुमार राय को पुलिस लाइन से थाना जरिया, उप निरीक्षक संजय कुमार राय (सेकेण्ड) को पुलिस लाइन से थाना सुमेरपुर, उप निरीक्षक हर्षवीर सिंह को पुलिस लाइन से सदर कोतवाली, उपनिरीक्षक दिशांत खोखर को पुलिस लाइन से थाना मौदहा में तैनात किया है।

## सार-संक्षेप



एसबीआई में चेयरमैन आशारानी कबीर को सम्मानित करते शाखा प्रबंधक।

### भारतीय स्टेट बैंक ने ग्राहकों को किया सम्मानित

**कुरारा।** भारतीय स्टेट बैंक शाखा झलोखर में कस्टमर कनेक्ट प्रोग्राम हुआ। प्रबंधक रामेंद्र सिंह परमार ने कुरारा चेयरमैन आशारानी कबीर, रजनी, डॉ अमित दीक्षित, सर्वेश द्विवेदी, श्रवण कुमार गुप्ता, धीरेंद्र सिंह झलोखर, शैलेन्द्र सिंह पारा, शिव कुमार गुप्ता झलोखर, राहुल सिंह झलोखर, बड़कू महाराज झलोखर, बालगोविंद सोनी कुरारा आदि को फूल माला पहना प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में बैंक के क्लर्क नवाब सिंह, यश श्रीवास्तव, अमित कुमार राजू आदि मौजूद रहे।



ऊर्जा मंत्री को चांदी की मछली भेंट करते रजा मोहम्मद। अमृत विचार

### नगर विकास मंत्री से बारातघर बनाने की उठाई मांग

**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बे में बारात घर बनाने की लंबे समय से चली आ रही मांग को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष ने नगर विकास मंत्री से मुलाकात की। कस्बे की बिजली की समस्याएं और लम्बे समय से चली आ रही बारात घर की मांग को लेकर नगरपालिका अध्यक्ष रजामोहम्मद उर्फ श्रीनाथ ने नगर विकास मंत्री/ऊर्जा मंत्री एके शर्मा से उनके लखनऊ स्थित आवास पर मुलाकात कर अपने नगर पालिका क्षेत्र की समस्याओं पर बात की। इस दौरान उन्होंने कस्बे की प्रसिद्ध चांदी की मछली भेंट की। जबकि नगर विकास मंत्री ने दोनों समस्याओं का जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया। उनके साथ वरिष्ठ सभासद कुतुबुद्दीन जुम्मू मौजूद रहे।



पुलिस लाइन में तैयारियों का जायजा लेते डीआईजी राजेश एस.। अमृत विचार

### डीआईजी ने पुलिस लाइन में ट्रेनिंग की तैयारियां देखीं

**हमीरपुर।** पुलिस उपमहानिरीक्षक राजेश एस. ने बुधवार को पुलिस लाइन का भ्रमण कर आरक्षी रिक्रूट के प्रशिक्षण की तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षण भवनों, आवासीय सुविधाओं, भोजन व्यवस्था, स्वच्छता एवं अन्य मूलभूत संसाधनों का भी बारीकी से अवलोकन किया। प्रशिक्षण में गुणवत्ता सुनिश्चित करने को कहा। प्रशिक्षण में अनुशासन, नियमितता तथा कार्य कुशलता को प्राथमिकता दी जाए, जिससे आरक्षियों को एक सुदृढ़ एवं प्रभावशाली प्रशिक्षण प्राप्त हो सके। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ. दीक्षा शर्मा सहित अन्य अधिकारी रहे।



कृषि विज्ञान केंद्र में किसानों की समस्याएं सुनते अधिकारी। अमृत विचार

### किसान दिवस पर डीएपी और यूरिया खाद की मांग

**कुरारा।** कृषि विज्ञान केंद्र में उप कृषि निदेशक डॉ. प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में किसान समाधान दिवस का आयोजन हुआ, जिसमें किसानों ने खरीफ सीजन में समितियों में डीएपी, यूरिया खाद उपलब्ध कराने की मांग की। सरसई के सतीश पालीवाल ने साधन सहकारी समितियों में खाद न होने और मंडी समिति में ढलता पल्लेदारी की जबरन वसूली का मामला उठाया। उन्होंने फसल बीमा योजना का लाभ न मिलने की शिकायत की। अन्ना पशुओं का मुद्दा छाया रहा। वैज्ञानिकों ने किसानों को तकनीकी खेती के बारे में विस्तृत जानकारी दी। यहां राजीव कुमार सिंह, डॉ. शालिनी, डॉ प्रशांत कुमार, डॉ. नितिन यादव, बीमा कर्मचारी बृजेंद्र सिंह, उद्यान विभाग से पीयूष कुमार, सुनील गांधी, अनूप कुमार, सुरेश कुमार, नरेंद्र सिंह आदि रहे।

# लक्ष्मीबाई की पुण्यतिथि पर चढ़ाए पुष्प

संवाददाता, सुमेरपुर

**अमृत विचार।** सत्तावनी समर में वीरों और वीरांगनाओं की भूमिका के मद्देनजर वर्णिता संस्था के तत्वावधान में विमर्श विविधा के अन्तर्गत जिनका देश ऋणी है के तहत एक बेजोड़ शेरनी महारानी लक्ष्मीबाई की पुण्यतिथि पर संस्था के अध्यक्ष डा. भवानीदीन ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा रानी लक्ष्मीबाई सही मायने में प्रथम स्वातंत्र्य संग्राम की एक बेमिसाल वीरांगना थी। इनके योगदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है।

उन्होंने बताया कि इनका जन्म मोरोपंत और भागीरथी बाई के घर 19 नवंबर 1828 को बनारस में हुआ था। इनकी परवरिश बिठूर में हुई, इनका वास्तविक नाम मणिकर्णिका था, प्यार में इन्हें मनु और छबीली भी कहा जाता था।



महारानी लक्ष्मीबाई की पुण्यतिथि पर विचार व्यक्त करते डा. भवानीदीन। अमृत विचार

इनकी शादी झांसी के राजा गंगाधर राव से मात्र 14 की उम्र में 1842 हो गई थी। 1853 में गंगाधर राव का निधन हो गया। इनके एक पुत्र हुआ जिसकी कम उम्र मे मौत हो गई। दामोदर राव को दत्तक पुत्र के रूप में गोरी सरकार ने मान्यता नहीं दी थी।हड़प नीति के तहत लार्ड डलहौजी ने झांसी को ब्रिटिश साम्राज्य में मिला लिया तब रानी ने उद्घोष करते हुए कहा था कि मैं झांसी नहीं दूंगी। इसी कथन में उनके भविष्य का कार्यक्षेत्र छिपा था। अपने मात्र लगभग तीन दशक के जीवन में शौर्य, साहस, बुद्धि और रणनीति के क्षेत्र में विश्व में अमर हो गई। गोरों से विकट संघर्ष किया। ग्वालियर के निकट कोटा के सराय में 18 जून 1858 को वीरगति को प्राप्त हुई। कार्यक्रम में अशोक अवस्थी, रमेशचंद्र गुप्ता, संतोष, प्रेम, प्रिन्स, सागर, बाबूलाल, महावीर, आशुतोष, विकास, भोलू सिंह, रामलखन, बउवा आदि रहे।

# भैंस के मुआवजे के लिए हाईवे पर जाम

संवाददाता, पौथिया (हमीरपुर)

- डंपर की टक्कर से भैंस की चली गई थी जान
- डंपर मालिक से 61 हजार रुपये दिलाए गए

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली के चंदुलीतीर गांव में हाईवे पर डंपर की टक्कर से मरी भैंस मामले में मुआवजे की मांग को लेकर ग्रामीणों ने जाम लगा दिया। जाम की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर पशुपालक को डंपर मालिक से 61 हजार रुपये बतौर मुआवजा दिलाकर जाम खुलवा दिया।

मंगलवार को चंदुलीतीर गांव के शैलेन्द्र पुत्र कांशीराम की भैंस खेत से चरकर घर जा रही थी। तभी गांव के पास डंपर ने टक्कर मार दी। जिससे भैंस की मौके पर मौत हो गई। ग्रामीणों ने डंपर को पकड़ लिया जबकि चालक मौके से भाग निकला। सूचना पर पहुंची कुछेछा चौकी पुलिस ने डंपर को चौकी पर खड़ा करा दिया।

बुधवार को ग्रामीणों ने भैंस के मुआवजे को लेकर राठ हाईवे पर जाम लगा दिया। करीब आधा घंटे तक सड़क जाम रही। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर जाम खुलवाया। कुछेछा चौकी इंचार्ज सुरेंद्र पाल सिंह ने बताया भैंस मालिक को 61 हजार रुपये मुआवजा दिलाकर सुलह-समझौता कराकर डंपर को छोड़ दिया गया है।

# 3 दिन से दो वार्डों में पानी की आपूर्ति ठप

संवाददाता, सुमेरपुर

- नलकूप खराब होने से एक-एक बाल्टी पानी को परेशान लोग

**अमृत विचार।** कस्बे के रानी लक्ष्मीबाई तिराहा पर लगा नलकूप संख्या चार खराब होने से लोग तीन दिनों से एक-एक बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। जलापूर्ति ठप होने के बाद बुधवार को जल संस्थान ने नलकूप की मोटर खोलकर मरम्मत के लिए भेजी है।

कस्बे के रानी लक्ष्मीबाई तिराहा में लगा नलकूप संख्या चार तीन दिन से खराब है। इस नलकूप से वार्ड संख्या 14 एवं सात को जलापूर्ति होती है। वार्ड 14 के निवासी राजा नामदेव, मनोज कुमार, चंदन, प्रेम सागर, मुकेश कुमार आदि ने बताया कि जलापूर्ति ठप होने से एक एक बाल्टी पानी को तरस रहे हैं। शिकायत के बाद जल संस्थान समस्या का समाधान नहीं कर रहा है। जलापूर्ति ठप होने की शिकायत पर जलसंस्थान ने बुधवार को नलकूप की मोटर खुलवाकर मरम्मत के लिए वर्कशाप भेजी है। जल संस्थान के अवर अभियंता वीपी सिंह ने बताया कि नलकूप की मोटर खराब हुई है मरम्मत के लिए भेजी गई है गुरुवार तक ठीक होकर आने की उम्मीद है इसके बाद ही जलापूर्ति होने की संभावना है।

बैठक में चर्चा — जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ किया मंथन, पट्टाधारकों से लिया जाएगा सहयोग

# चंद्रावल नदी का जल्द ही लौटेगा अस्तित्व

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने बुधवार को चंद्रावल नदी के संरक्षण एवं पुनरोद्धार को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में मातहतों और खनन पट्टा धारकों एवं उद्योग प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।

उन्होंने कहा कि चंद्रावल नदी के जल प्रवाह क्षेत्र में सिल्ट जमा होने से प्रवाह में समस्या आ रही है। नदी का प्राकृतिक प्रवाह अवरुद्ध हो गया है। धीरे-धीरे अपना अस्तित्व खोती जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी खनन पट्टाधारकों एवं उद्योग प्रतिनिधियों से नदी के पुनर्जीवन में श्रमदान एवं सहयोग लें। उन्होंने अधिकारियों, खनन पट्टाधारकों, उद्योगों एवं समाज के प्रबुद्धजनों से अपील की कि वे इस नदी पुनरोद्धार अभियान को एक जन आंदोलन का रूप दें और सामूहिक प्रयासों से पुनः जीवनदायिनी रूप में स्थापित करें। चन्द्रावल नदी जनपद में ग्राम गुढ़ा, चमर खन्ना, भवानी, गहबरा, नरायच, छिमौली, मदारपुर, परछा, सिजनौड़ा, पढ़ोरी, टोलामाफ, किसवाही आदि ग्रामों से होते जनपद बांदा के ग्राम शंकरपुर के निकट केन नदी में मिलती है। नदी के कैचमेंट एरिया में जनपद के 22 ग्राम आते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि उपरोक्त कार्य मनरेगा से नहीं कराया जाएगा। इस दौरान समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों और प्रबुद्धजनों ने डीएम की पहल की प्रसंशा कर अपने सुझाव भी दिए।



बैठक में चंद्रावल नदी के पुरोद्धार पर चर्चा करते डीएम घनश्याम मीना। अमृत विचार

### पहले भी चल चुका फावड़ा

चंद्रावल नदी पर पहले भी अधिकारी फावड़ा चला चुके हैं। करीब 10 साल पहले तत्कालीन सीडीओ अवधेश बहादुर सिंह गुढ़ा गांव पहुंचे थे। उन्होंने नदी के जीर्णोद्धार को फावड़ा चलाया था। तब नालों की सफाई ही हुई थी। इस कार्य में मनरेगा का बजट लगाया गया था, नदी के दिन नहीं बहुरे।

## एक नजर

### पेट में दर्द के बाद गर्भवती महिला की थमी सांस

**महोबा।** कबरई थाना क्षेत्र के परसहा गांव में चार माह की गर्भवती महिला को पेट दर्द होने पर सीएचसी ले जाया गया, जहां से डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में महिला को मृत घोषित कर दिया गया। परसहा निवासी रेनू (30) पत्नी अनिल कुमार को बुधवार सुबह पेट में दर्द होने पर सीएचसी ले जाया गया था, जहां से डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। अस्पताल में मृत घोषित करते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

### दो गांवों में दो बुजुर्गों ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**महोबा।** जिले में दो अलग-अलग स्थानों पर एक महिला सहित दो लोगों ने फांसी लगाकर जान दे दी। शहर कोतवाली के कालीपहाड़ी निवासी राधा रानी (60) पत्नी भोलेपाल ने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वृद्धा को फांसी पर लटका देख परिजनों के हाथ पांव फूल गए। परिजनों ने आनन फानन में पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुची पुलिस ने शव को नीचे उतार कर पंचनामा भरने के बाद जांच पड़ताल शुरू कर दी है। परिजन आत्महत्या का कारण नही बता पा रहे है। दूसरी घटना शहर के मुहल्ला रायकोट की है, रायकोट निवासी राम बहादुर (70) काफी दिनों से बीमार चल रहे थे, जिनका इलाज भी चल रहा था। इलाज में काफी पैसा खर्च करने के बाद भी बीमारी से छुटकारा न मिलने से आहत होकर राम बहादुर ने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### ट्रेनिंग के लिए पुलिस लाइन पहुंच गए 255 रिक्रूट

**महोबा।** उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी सीधी भर्ती-2023 में चयनित 255 रिक्रूट प्रशिक्षण के पुलिस लाइन पहुंच गए। प्रशिक्षण को व्यवस्थित करने के लिए एसपी प्रबल प्रताप सिंह ने रिजर्व पुलिस लाइन में बैरक, मेस, क्लास रूम और शौचालय आदि का निरीक्षण किया। प्रशिक्षुओं के ठहराव, खानपान व प्रशिक्षण से संबंधित व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण में पाई गाई आंशिक कमियों को तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए। जिले में जेटीसी प्रशिक्षण के लिए रायबरेली, भदोही एवं जनपद जौनपुर से रिक्रूटों को आना है। अभी तक कुल 255 रिक्रूट आरक्षियों ने आमद करा दी है। शेष रिक्रूटों के आने से पहले ही उनके खान पान, ठहराव की व्यवस्थाएं कराई जा रही है। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षण दीपक कुमार दुबे, प्रतिसार निरीक्षक शिवकुमार, पीआरओ विषय देव बुन्देला, एचसीएमटी भानु प्रकाश अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

# झलकारीबाई तिराहे से चुंगी तक अतिक्रमण साफ

कार्यालय संवाददाता, महोबा


सड़क किनारे रखी गुमटी हटाती नगर पालिका की जेसीबी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** झलकारी बाई तिराहे से बिलवई चुंगी तक फैले अवैध अतिक्रमण को पालिका प्रशासन द्वारा पुलिस बल के सहयोग से हटाये जाने से अवैध अतिक्रमणकारियों में हड़कम्प मच गया है। सड़क किनारे डिब्बे और गुमटियां रख कर अपना काम काज कर रहे अस्थाई दुकानदारों ने आनन फानन में डिब्बे और गुम्टियां हटाई।

झलकारी बाई तिराहे से बिलवई चुंगी तक आये दिन जाम की स्थिति से निजात दिलाने के लिए जिलाधिकारी गजल भारद्वाज के निर्देश पर पालिका प्रशासन द्वारा पुलिस बल के सहयोग से अवैध अतिक्रमण हटाया गया। गौरतलब है कि झलकारी बाई तिराहा से बिलवई चुंगी तक रोड पटरी के दोनों ओर अवैध अतिक्रमण फैला हुआ था जिसके चलते आये दिन जाम के झाम से आम जनमानस एवं वाहन चालकों को जूझना पड़ता था, जिसकी शिकायते उच्चाधिकारियों को मिल रही थी।

बुधवार को पालिका प्रशासन ने नगर पालिका की टीम को ले जाकर सड़क किनारे किए गए अवैध अतिक्रमण को बुल्डोजर चलवाकर हटाया । नाला, नाली एवं सड़क पटरी के ऊपर अवैध रूप से रखी गयी गुमटियों को पालिका ने हटाया। करीब चार घण्टे तक चले अतिक्रमण हटाओ अभियान में झलकारी बाई तिराहे से बिलवई तिराहे तक पूरा अतिक्रमण हटवा दिया गया। जिला प्रशासन एवं पालिका की इस कार्रवाई से नगर के अतिक्रमणकारियों में खलबली मच गयी है। अधिशासी अधिकारी ने बताया यहां के दुकानदारों को बीते एक सप्ताह से निरन्तर पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से सूचित कर अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए कहा गया था बावजूद इसके दुकानदारों ने अतिक्रमण कर कब्जा जमाए थे, जिसे पालिका प्रशासन द्वारा हटवाया गया। अधिशासी अधिकारी ने कहा है कि यह अभियान समय.समय चलाया जायेगा। अतिक्रमण हटाओ अभियान में तहसीलदार दिवाकर मिश्रा, कर अधीक्षक हरिश्चन्द्र यादव, प्रभारी लेखाकार अरूण शुक्ला, प्रभारी सफाई भूपेन्द्र कुमार, दीपक वाजपेयी, रत्नेश तिवारी सहित पालिका कर्मी मौजूद रहे।

# बाइक से उछलकर गिरी महिला, ट्रक ने ली जान

## ऊबड़-खाबड़ कबरई-पहरा मार्ग पर हुआ दर्दनाक हादसा

कार्यालय संवाददाता, महोबा


परिजनों से हादसे के बारे में जानकारी लेती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ऊबड़-खाबड़ कबरई-पहरा मार्ग पर पहरा गांव के नजदीक बाइक से उछलकर महिला सड़क पर गिर गई, जिसे ट्रक ने रौंद दिया। हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सड़क पर गिरने से पति और नातिन घायल हो गए। घायलों की मरहम-पट्टी करने के बाद छुट्टी कर दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

कबरई थाना क्षेत्र के पहरा गांव निवासी बलदू कुशवाहा (50) अपनी पत्नी सुक्खी कुशवाहा (48) और नातिन सृष्टि कुशवाहा (7) को लेकर महोबा कोतवाली क्षेत्र के दिसरापुर गांव में अपने भतीजे बसंत कुशवाहा के यहां कन्या भोज में आया था। कन्या भोज होने के बाद मंगलवार की शाम बाइक से अपने गांव पहरा वापस लौट रहा था। गांव से करीब एक किलोमीटर पहले ऊबड़-खाबड़ सड़क पर बाइक असंतुलित होकर गिर गई, जिससे सुक्खी उछलकर थोड़ा दूर जा गिरी, जबकि उसके पति और नातिन बाइक के पास ही गिर गए।

- हादसे में पति और नातिन भी घायल, अस्पताल पहुंचाए गए
- कन्या भोज में भाग लेकर बाइस से लौट रहे थे गांव

बाइक से उछलकर सड़क पर गिरते ही सामने से आए ट्रक ने महिला को रौंद दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद चालक ट्रक लेकर भाग निकला।

देखते ही देखते घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची कबरई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ट्रक चालक का पता लगाने में जुटी हुई है।

# इंसाफ मांगने को सड़क पर उतरेगा गुलाबी गैंग

कार्यालय संवाददाता, महोबा


प्रयागराज जाने के लिए तैयार महिलाएं।

**अमृत विचार।** कौशांबी जनपद में आठ वर्षीय मासूम बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में न्याय के बजाय पीड़िता और उसके परिवार को मिल रही प्रताड़ना से नाराज गुलाबी गैंग अब आर-पार की लड़ाई के मूड में आ गया है। महिला उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाने वाला यह संगठन अब मासूम को न्याय दिलाने के लिए सड़कों पर उतरने के लिए तैयार है।

गुलाबी गैंग की बुंदेलखंड कमांडर फरीदा बेगम ने बताया कि संगठन की राष्ट्रीय कमांडर के आह्वान पर 20 जून को जिले से गुलाबी गैंग की कमांडर महिलाएं प्रयागराज जाकर महिलाओं के साथ प्रदर्शन करेंगी। इस प्रदर्शन में भाग लेने के लिए बुंदेलखंड के विभिन्न जिलों से दो सैकड़ा से अधिक महिलाओं का जत्था 19 जून को महोबा रेलवे स्टेशन से ट्रेन द्वारा प्रयागराज के लिए रवाना होगा। जत्थे का नेतृत्व बुन्देलखंड कमांडर फरीदा बेगम करेंगी।

बुन्देलखंड कमांडर ने बताया कि इस शर्मनाक घटना के बाद भी वहां का प्रशासन निष्क्रिय बना है। उन्होने बताया कि पीड़ित परिवार

- कौशांबी की रेप पीड़िता को न्याय दिलाने को करेंगी प्रदर्शन

को न केवल न्याय से वंचित रखा गया, बल्कि उन्हें मानसिक और सामाजिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है, जो बेहद निंदनीय है। गुलाबी गैंग अब इस अन्याय के खिलाफ मजबूती से आवाज उठाएगा। प्रयागराज पहुंचकर संगठन की महिलाएं आईजी प्रयागराज कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन करेंगी और पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग को लेकर ज्ञापन भी सौंपेंगी। संगठन ने चेतावनी दी है कि अगर अब भी प्रशासन ने उचित कार्रवाई नहीं की, तो आंदोलन को व्यापक रूप दिया जाएगा।

## सार-संक्षेप


रामलीला का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

### विश्व के कल्याण के लिए किए जाते यज्ञः कथावाचक

**महोबा।** चरखारी क्षेत्र के टोलासोयम गांव में चल रहे विष्णु महायज्ञ में कथा और परिक्रमा के बाद रात में आदर्श रामलीला समिति भटेवर के कलाकारों ने रामलीला का मंचन किया। रामलीला देखकर दर्शक भक्ति गंगा में डूब गए। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज के संगीताचार्य एवं आकाशवाणी के कथावाचक पं.रासेवक तिवारी ने कहा कि यज्ञ करना हमारी भारतीय संस्कृति का प्रमुख अंग है। यज्ञ विश्व कल्याण की भावना से किए जाते हैं। यज्ञ से धुआं बनता है और धुएं से मेघ बनते हैं। मेघ जल वर्षा करते हैं और जल वर्षा से अन्न की उत्पत्ति होती है। अन्न से मानव का सृजन होता है। उन्होंने कहा कि यज्ञ के धुआं से पर्यावरण शुद्ध होता है। ऋषि मुनियों ने विश्व कल्याण की भावना से यज्ञ शुरू किया था। श्री विष्णु महायज्ञ में कथा के बाद देर रात्रि तक रामलीला का मंचन किया गया। रामलीला में धनुष यज्ञ, लक्ष्मण-परशुराम संवाद, राम वनवास, सीता हरण, लंका दहन, लक्ष्मण शक्ति, रावण वध, राज गद्दी का प्रसंग सुन्दर ढंग से प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर महावीर सिंह, नंदलाल सिंह, पं. देवीशंकर शस्त्री, राजकुमार त्रिपाठी आदि लोग मौजूद रहे।


योग सप्ताह के चौथे दिन बुधवार को योगाभ्यास करते लोग। अमृत विचार

### ऐतिहासिक सूर्य मंदिर में कराया गया योगाभ्यास

**महोबा।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर जगह जगह प्रशिक्षकों द्वारा कराए जा रहे योगाभ्यास के तहत बुधवार को ऐतिहासिक स्थल सूर्य मंदिर परिसर में योग सप्ताह के चौथे दिन योगाभ्यास कराया गया। योग प्रशिक्षक सचिन गुप्ता एवं नीरेंद्र सिंह ने कॉमन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराते हुए प्रत्येक अभ्यास की विधि, लाभ एवं सावधानियों से अवगत कराया गया। साथ ही एक घंटे तक लोगों को योगाभ्यास कराया। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 को जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में सामूहिक रूप से योगाभ्यास में शामिल होने के लिए लोगों से अपील की। कॉमन योग प्रोटोकॉल अभ्यास में समाजसेवी शरद तिवारी के साथ जनमानस ने कॉमन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास किया। योगाभ्यास करने के लिए योग प्रेमी सुबह से ही सूर्य मंदिर परिसर में पहुंच गए, जहां पर प्रशिक्षकों द्वारा योग के फायदे बताते हुए योग कराया गया। योग के प्रति लोगों में विशेष उत्साह दिखाई दिया। इस अवसर राजेश कुमार, यशपाल सिंह एवं जितेन्द्र कुमार का विशेष सहयोग रहा। पर नोडल अधिकारी डॉ ममता वर्मा, डॉ रामकिशोर, डॉ विकास कुमार, डॉ आदित्य मोहन अवस्थी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक आयुष अमित देवरिया, योग सहायक गिरीश कुमारी एवं उमेश त्रिपाठी उपस्थित रहे।

# कबरई में पेयजल का जल्द होगा समाधान

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जिला उद्योग बंधु की बैठक बुधवार को डीएम गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक में महोबा-कबरई रोड, अवैध उपखनिजों के परिवहन को रोकने और कबरई में पानी की समस्या पर चर्चा हुई।

डीएम ने रैपुरा में नई औद्योगिक इकाइयों के लिए डिपॉजिट स्कीम के तहत इस्टीमेट बनाकर शासन को भेजने के लिए अधीक्षण अभियंता को निर्देश दिए। महोबा-कबरई रोड के एलाइनमेंट के लिए उद्यमियों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए एनएचएआई छतरपुर परियोजना निदेशक को नियमानुसार कार्यवाही

- जिले में उपखनिजों का अवैध परिवहन रोकने के निर्देश

के निर्देश दिए। उपखनिजों के अवैध परिवहन रोकने के लिए डीएम ने वरिष्ठ खनन अधिकारी को निर्देश दिए कि खनिज चौकियों पर चेकिंग कार्मिकों की व्यवस्था के लिए प्रस्ताव बनाएं। कबरई में पेयजल समस्या के लिए निर्देश दिए गए कि एडीएम नमामि गंगे के साथ समन्वय बनाकर अधिशासी अभियंता जल निगम नगरीय के साथ बैठक की जाए। बैठक में एसपी प्रबल प्रताप सिंह, एसडीएम सदर जितेन्द्र सिंह व कुलपहाड़ अनुराग प्रसाद, उपायुक्त उद्योग महेश चंद्र व जिला स्तरीय अधिकारी, उद्यमी मौजूद रहे।

# बैंडबाजों के साथ निकली कलश यात्रा

संवाददाता, जैतपुर


कलश यात्रा में शामिल महिलाएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बुधवार को कस्बे में श्रीमद भागवत कथा का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। श्री रघुनाथ मंदिर से निकाली गई कलश यात्रा में लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया। मंदिर प्रबंधक पंडित सुशील अरजरिया ने वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान से कलश पूजन कर यात्रा का शुभारंभ कराया।

कलश यात्रा में आगे युवाओं ने धर्म ध्वज लेकर भाग लिया। वहीं महिलाओं ने सिर पर ऋद्धि-सिद्धि के प्रतीक मंगल कलश धारण कर नगर परिक्रमा की। यात्रा डमरू, ढोल-मंजीरे और डीजे की ध्वनि के बीच गाजे-बाजे के साथ कस्बे की गलियों व मुख्य चौराहों से होते हुए कथा स्थल तक पहुंची। कथावाचक सोनू महाराज ने कलश की महिमा बताते हुए कहा कि यह जीवन के हर शुभ अवसर का प्रतीक है। कलश पर रखा नारियल यह संदेश देता है कि परिवार का मुखिया ऊपर से कठोर और भीतर से कोमल होना चाहिए। कलश पर सजी पुष्पमाला यह प्रेरणा देती है कि मनुष्य का जीवन भी दूसरों को सुगंधित करने वाला होना चाहिए। श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 23 जून तक चलेगा। 24 जून को यज्ञाहुति और 25 जून को भंडारे का आयोजन होगा। इस धार्मिक आयोजन में मुख्य यजमान सीता दीपक साहू, महेन्द्र द्विवेदी, चौधरी मैथिली शरण अग्रवाल, धर्मेन्द्र साहू, शैलेन्द्र सुल्लेरे, अखिलेश रावत, बृजेंद्र गुप्ता, मोहित रावत, नरेश गुप्ता गल्ला व्यापारियों सहित सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए।

### अलग-अलग स्थानों पर तीन लोगों ने खाया जहर, गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

**महोबा।** जिले में अलग अगल स्थानों में तीन लोगों ने जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर तीनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। कुलपहाड़ निवासी खालिद 24 पुत्र कल्लन ने घर पर जहर खा लिया, इसकी जानकारी होने पर परिजनों ने जिला अस्पताल महोबा पहुंचाया। इसी तरह पड़ोसी जनपद छतरपुर के थाना लवकुश नगर के ग्राम करहेरी निवासी संगीता (30) पत्नी राकेश ने भी जहर खा लिया। इसी तरह शहर के मुहल्ल आलमुपरा निवासी डोली (24) पत्नी रवेंद्र ने घर पर जहर खा लिया, दोनो को जिला अस्पताल भर्ती कराया गया, जहां पर उनका उपचार चल रहा है।

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ सत्र : 2025-26
Accreditations, Affiliations & Approvals
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG)-2025 में सूचीबद्ध
मेडिकल साइंसेस
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेंटल साइंसेस
डिप्लोमा-डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा-डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/कम्युनिटी हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी.फार्म/बी.फार्म/एम.फार्म (फार्माकोलॉजी, फार्मास्यूटिक्स, फार्मासियूटिकल कैमिस्ट्री, फार्माकॉगनॉसी)
पैरामेडिकल साइंसेस
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी एण्ड ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी तकनिशियन (DRIT)/ बैचलर इन ऑप्रेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (BOTT)/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)/एमएससी क्लीनिकल एम्ब्र्योलॉजी/ एम.एससी इन मेडिकल लैबोरेट्री सांइस (MMLS)/ मास्टर्स इन फिजीयोथेरेपी (MPT)
फोरेंसिक साइंसेस
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान, एमएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए/(आईटी और मल्टीमीडिया)/ एम.कॉम (ऑनर्स)/ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (यू.पी.)
Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

**निस्तारण के निर्देश** जिले के नोडल अधिकारी शाहिद मंजर अब्बास रिजवी ने नौसारा ग्राम पंचायत में चौपाल लगाकर सुनीं समस्याएं

# नोडल अफसर को दर्द सुनाने के लिए उमड़ी भीड़

कार्यालय संवाददाता, महोबा


चौपाल में ग्रामीणों की समस्याएं सुनते नोडल अधिकारी।


अपना दर्द सुनाने के लिए महिलाओं की संख्या अधिक रही। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले के नोडल अधिकारी एवं वित्त सचिव शाहिद मंजर अब्बास रिजवी ने बुधवार को अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामप्रकाश के साथ चरखारी विकास खंड की ग्राम पंचायत नौसारा में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। चौपाल में ग्रामीणों ने बारी-बारी से अपना दर्द सुनाया। नोडल अधिकारी ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को निस्तारण करने के निर्देश दिए।

वित्त सचिव ने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं का तत्काल निस्तारण कराया जाए। उन्होंने कहा कि माध्यमिक विद्यालय को अधिकारी स्मार्ट स्कूल के रूप में कन्वर्ट कराएं। स्कूल में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, जिससे यहां के बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ें। पंचायत भवन में कर्मचारी रोस्टर के अनुसार बैठें और ग्रामीणों की समस्याओं का निस्तारण कराएं। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि कैंप लगाकर ग्रामीणों की विद्युत से सम्बंधित समस्याओं को निस्तारित कराएं। उन्होने ग्रामीणों से बाहर शौचक्रिया के लिए न जाने पर जोर दिया और कहा कि सामुदायिक शौचालय का उपयोग करें।

उन्होंने जिला अस्पताल के सीएमएस को निर्देश दिए कि जिन लोगों के नाम आयुष्मान सूची में हैं, उनके आयुष्मान कार्ड जल्द बनाए जाएं। उन्होंने कहा कि मनरेगा के तहत जो भी कार्य हुए हैं, उनका अभिलेखीय परीक्षण कराकर सोशल आडिट कराया जाए। उन्होने जिला पंचायती राज अधिकारी को 15वें वित्त अभिलेखों का परीक्षण कराने के निर्देश दिए। वित्त सचिव ने ग्रामीणों से राशन, बिजली, चकरोड, आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि, आवास पानी आदि योजनाओं की जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि आप लोग अपना-अपना मोबाइल नंबर आधार कार्ड में जरूर दर्ज कराएं, जिससे आपको किसान सम्मान निधि का लाभ मिलता रहे। इस अवसर पर वित्त सचिव ने पौधरोपण किया और सभी लोगों को ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक, डिप्टी कलेक्टर राजकुमार, जिला पंचायती राज अधिकारी चंद्र किशोर वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# किसानों की समस्याएं निपटाएं, नहीं होनी चाहिए दिक्कत

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम ने अधिकारियों को आगाह किया कि किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता से निपटाएं। इनको किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

उप निदेशक कृषि राजकुमार ने गत माह किसान दिवस की बैठक में उठाई गई समस्याओं के समाधान से किसानों को अवगत कराया। जिलाधिकारी ने उनसे कहा कि किसानों ने चकबंदी, विद्युत, हदबंदी, पशु टीकाकरण, पंप कैनाल का संचालन, डिफेंस कारीडोर एवं राम वनगमन मार्ग में भूमि अधिग्रहण के भुगतान आदि समस्याएं बताई हैं, संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित करके इनका निस्तारण कराया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन समस्याओं का अविलंब समाधान कराकर अनुपालन आख्या दें। डीएम ने किसानों से अनुरोध किया कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जाए। सभी ग्राम पंचायतों का माइक्रोप्लान बनाया गया है, जिसके तहत पौधे नर्सरी से उठाना है। अधिक से अधिक पौधरोपण करें। खरीफ की बुआई का समय आ गया है, खेतों की जुताई करवा लें। बीज भंडारों पर सभी प्रकार का बीज उपलब्ध है। कृषि यंत्र के लिए भी ऑनलाइन व्यवस्था की जा रही है। प्रधानमंत्री फसल बीमा भी करा लें। तार बाड़ी के लिए भी आवेदन करें। बताया कि खाद व कीटनाशक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता है। नैनो तथा डीएपी यूरिया का भी प्रयोग करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अधिशासी अभियंता विद्युत राजापुर शिवकुमार, जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला, भूमि संरक्षण अधिकारी देवेंद्र निरंजन, खाद्य विपणन अधिकारी अविनाश झा, उद्यान अधिकारी प्रतिभा पांडेय, सहायक निदेशक मत्स्य भानु चंद्रा आदि अधिकारी व भारतीय किसान यूनियन के नरेश सिंह, यशवंत सिंह, देवेंद्र सिंह, राजकिशोर आदि मौजूद रहे।


किसान दिवस में किसानों की समस्याएं सुनते जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन।

## पाक्सो के मामलों में दोषियों को जल्द दिलाएं सजा

**चित्रकूट।** डीएम शिवशरणप्पा जीएन ने एसपी अरुण कुमार सिंह के साथ कानून व्यवस्था एवं अभियोजन कार्यों की समीक्षा की। डीएम ने शासकीय अधिवक्ताओं से कहा कि पाक्सो से संबंधित मामलों को जल्द निस्तारित कराकर दोषियों को सजा कराएं। थानाध्यक्षों को निर्देश दिए कि न्यायालयों से संबंधित कोई भी साक्ष्य के कागजात लंबित नहीं रहें। अपील संबंधी रजिस्टर बनाएं और अपीलों की समीक्षा करें। भूमि विवाद का भी रजिस्टर बनाया जाए। सम्मनों का भी रिकॉर्ड रखें। महिला संबंधी अपराधों, माफियाओं, आर्म्स एक्ट, टॉप 10 अपराधियों आदि के खिलाफ मामलों पर त्वरित कार्रवाई करें। खाद्य सुरक्षा विभाग की नोटिसों का तामीला कराकर जुर्माना लगाएं। डीएम ने खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि लक्ष्य बनाकर छापेमारी करें। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, खनिज अधिकारी, यातायात प्रभारी संयुक्त टीम बनाकर ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई करें। वाहनों की फिटनेस चेकिंग करें, स्कूली वाहनों का फिटनेस अवश्य चेक करें। गैंगस्टर पर कार्रवाई का लक्ष्य पूरा किया जाए। एसपी ने सीओ, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, थानाध्यक्षों, यातायात प्रभारी को निर्देश दिए कि बढ़ती घटनाओं के मद्देनजर मालवाहनों, ट्रैक्टर ट्राली पर सवारियां न ढोने दें। ऐसे वाहनों को सीज किया जाए। यातायात प्रभारी शैलेंद्र सिंह को निर्देशित किया कि थानाध्यक्षों से समन्वय स्थापित कर सड़कों पर सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाएं करें। बैठक में एडीएम उमेश चंद्र निगम, सीओ सिटी राजकमल, मऊ यामीन अहमद, यातायात फहद अली, जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. वैभव त्रिपाठी, जिला आबकारी अधिकारी अखिलेश्वर सिंह, बाल संरक्षण अधिकारी डा. सौरभ सिंह, जिला शासकीय अधिवक्ता श्यामसुंदर मिश्रा आदि मौजूद रहे।


धराशायी लघु सेतु की स्लैब। अमृत विचार

# रात में रखी पुल की स्लैब सुबह तक हुई धराशायी

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)

● जम्होरा नाला पर बन रहा है लघु सेतु

**अमृत विचार।** निर्माण कार्यों में जिम्मेदारी किस तरह निभाई जाती है, कई उदाहरण हैं। मऊ क्षेत्र के अंतर्गत बरहा कोटरा और घुरेहटा के बीच जम्होरा नाला में पीडब्ल्यूडी द्वारा निर्माणाधीन लघु सेतु की स्लैब रात को रखी गई और सुबह होते ही ढह गई। इससे विभागीय कार्यशैली पर जमकर सवालिया निशान लग रहे हैं।

गौरतलब है कि मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी पुलों के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर अपनी आपत्ति दर्ज करा चुके हैं। इस संबंध में वह लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता को शिकायती पत्र लिख चुके हैं। उन्होंने परदवां संपर्क मार्ग पर तीन लघु सेतुओं में मानक के विपरीत काम होने की बात कही थी और काम रोकने के निर्देश दिए थे। बताया जाता है कि जिस जम्होरा नाले पर बन रहे पुल की स्लैब गिरी है, उसकी लागत 241.34 लाख रुपये है। कुछ लोग बताते हैं कि इससे कुछ मजदूरों को भी चोटें आईं, हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हो सकी। स्थानीय निवासी समाजसेवी पप्पू बरहा ने निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय जांच कराए जाने की मांग की है। गौरतलब है कि विधायक के प्रयास से मानिकपुर विधानसभा क्षेत्र में कई लघु सेतुओं को स्वीकृति मिली है पर अब इनके निर्माण कार्यों पर सवालिया निशान लग रहे हैं। पीडब्लूडी के एक्सईएन अखिलेश कुमार से इस संबंध में बात करने की कोशिश की गई पर उन्होंने काल रिसीव नहीं की।

# भैंस नहलाने में विवाद, कुल्हाड़ी से हमले में भतीजे की गई जान

## प्रयागराज ले जाते समय युवक ने दम तोड़ा, मां की तहरीर पर चाचा-चाची पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, पहाड़ी (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** हैंडपंप में भैंस नहलाने को लेकर चाचा ने भतीजे पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। उसे गंभीर हालत में प्रयागराज रेफर किया गया है। प्रयागराज ले जाते समय रास्ते में उसकी सांसें थम गईं। मारपीट में आरोपी को भी चोटें आईं। मृतक की मां ने आरोपी चाचा और उसकी पत्नी पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।


परिजनों से जानकारी लेती पुलिस।

मामला थाना पहाड़ी अन्तर्गत ग्राम ओरा का है। बताया जाता है कि यहां बुधवार को रामचंद्र (20) पुत्र गोरेलाल यादव घर के बाहर लगे हैंडपंप में अपनी भैंस को नहला रहा था। आरोप है कि तभी उसका चाचा घनश्याम (45) पुत्र स्व. कलकू वहां अपनी भैंस को लेकर आ गया और रामचंद्र से अपनी भैंस हटाने को कहा। रामचंद्र ने इस पर आपत्ति जताई तो वह आक्रोशित हो गया। दोनों में तकरार होने लगी और बात गाली गलौज से बढ़कर मारपीट में बदल गई। आरोप है कि आरोपी चाचा ने कुल्हाड़ी से रामचंद्र के सिर पर ताबड़तोड़ कई वार कर दिए, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। मारपीट में आरोपी को भी चोटें आईं। आरोपी की पुत्री ने डायल 112 में घटना की सूचना दी तो क्षेत्राधिकारी जयकरन सिंह, थानाध्यक्ष पहाड़ी पंकज तिवारी, सब इंस्पेक्टर अरमान आलम व फील्ड यूनिट मौके पर पहुंची। रामचंद्र और आरोपी चाचा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। रामचंद्र को डाक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां से प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया गया। जसरा के पास उसने दम तोड़ दिया। उसका एक भाई है। पिता खेती कर जीवनयापन करता है। युवक की मौत से घर में रोनापीटना मच गया। एसओ ने बताया कि मृतक की मां बूंदी देवी की तहरीर पर घनश्याम और उसकी पत्नी चुनकिया पर रिपोर्ट दर्ज कर कई जगह दबिश देकर आरोपी को हिरासत में ले लिया। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी पुलिस की हिरासत में है। घटना में उसको भी चोटें आईं हैं।


रामचंद्र।

### मजाक-मजाक में बढ़ी बात

- बताया जाता है कि दोनों परिवारों के बीच कोई रंजिश नहीं थी। परिजन बताते हैं कि युवक के चाचा घनश्याम ने मजाक मजाक में गाली देकर उससे भैंस हटाने को कहा तो उसे बुरा लग गया। उसने भी कुछ कह दिया और बात बढ़ गई। इतनी ज्यादा बढ़ गई कि युवक की जान चली गई।

### बाहर रहकर कमाता था

- रामचंद्र की परिवारिक स्थिति ठीक नहीं। इस वजह से वह सूरत में प्राइवेट कंपनी में काम करता था। विगत माह ही गांव आया था। रामचंद्र की मौत से पूरे गांव में सन्नाटा है। गांव में उसके अच्छे स्वभाव की पूरे गांव में चर्चा है। गांव वाले गमगीन नजर आए।


पुल पर खड़ी अनामिका की साइकिल और वहीं पड़े जूते। अमृत विचार

# पुल पर साइकिल खड़ी कर यमुना में कूदी छात्रा

**मऊ (चित्रकूट)।** एक छात्रा ने यमुना नदी के पुल पर अपनी साइकिल खड़ी की और नदी में छलांग लगा दी। पुलिस गोताखोरों की मदद से उसका पता लगाने में जुटी है।

जानकारी के मुताबिक, खप्टिहा निवासी मनोज कुमार की बेटी अनामिका (18) बुधवार दोपहर मोबाइल और साइकिल लेकर घर से निकली थी। अपराह्न लगभग साढ़े तीन बजे उसके परिजनों को किसी ने सूचना दी कि उनकी बेटी ने महिला पुल से नदी में कूद गई है। पुल पर उसकी साइकिल और जूते मिले हैं। उसका मोबाइल फोन पुल के डिवाइडर पर रखा मिला। सूचना मिलते ही मऊ क्षेत्राधिकारी यामीन अहमद और थाना प्रभारी निरीक्षक दुर्ग विजय सिंह मौके पर पहुंचे और गोताखोरों की मदद से छात्रा का पता लगाने में जुट गए। पिता बाहर कहीं काम करते हैं। उसकी मां मायके गई हुई थी। वह चार बहन और एक भाई में सबसे बड़ी थी। बताया गया कि वह मऊ के बालिका इंटर कॉलेज में पढ़ती थी और 12 वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। घटना की जानकारी मिलने के बाद से मां का रो-रोकर बुरा हाल है। सीओ ने बताया कि अभी तक छात्रा का पता नहीं चला है। एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया है। वह नदी में क्यों कूदी, इसका पता नहीं चल सका है।

## सार-संक्षेप

### किशोरी को ढूंढकर परिजनों को सौंपा

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** पुलिस ने एक मानसिक रूप से बीमार किशोरी को ढूंढकर उसके परिजनों को सौंपा। पहाड़ी कस्बा निवासी एक व्यक्ति ने थाने में सूचना दी कि उसकी 15 वर्षीया बेटी, जो मानसिक रूप से बीमार है, मंगलवार की सुबह मंदिर गई थी पर वापस नहीं लौटी। सब इंस्पेक्टर मनीष रावत, कांस्टेबिल शुभम द्विवेदी आदि ने इसकी खोज शुरू की। शाम को उन्होंने उसे ढूंढ लिया और परिजनों को सौंप दिया।

### ट्रैफिक चौराहे पर लगाया गया शिविर

**चित्रकूट।** सहायक श्रमायुक्त आरके गुप्ता ने बताया कि बुधवार को ट्रैफिक चौराहे पर निर्माण श्रमिकों के पंजीयन / नवीनीकरण एवं योजनाओं के आवेदन आनलाइन कराने के लिए शिविर लगाया गया। इसमें श्रमिकों को पंजीयन / नवीनीकरण की शर्तें, प्रक्रिया एवं योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। अगले बुधवार को फिर से शिविर लगाया जाएगा। शिविर में श्रम प्रवर्तन अधिकारी प्रकाश संखवार, रोहित, धर्मेंद्र, रवि, उत्तम शुक्ला व्यवसायी बृजेश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

### 20 जून से होगा कोटे के अनाज का वितरण

**चित्रकूट।** जिला पूर्ति अधिकारी आशाराम पाल ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत जुलाई के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का वितरण 20 जून से 10 जुलाई तक होगा। लाभार्थी अपनी मूल दुकान से ही चीनी प्राप्त कर सकेंगे। वितरण के सुचारु एवं पारदर्शी क्रियान्वयन के लिए डीएम ने नोडल अधिकारी नामित किए हैं।

### बहू को पीटकर मायके में छोड़ा

**राठ।** कोतवाली क्षेत्र के बिगवां निवासी महिला को पति सहित अन्य सभी ससुरालीजनों ने अतिरिक्त दहेज में दो लाख रुपये व बाइक की मांग पूरी न होने पर मारपीट कर मायके में छोड़ दिया। ससुरालियों पर जबरन गर्भपात कराने का आरोप है। बिगवां के बृजेंद्र की पुत्री रागिनी ने बुधवार को तहरीर देकर बताया कि 20 अप्रैल 2024 को उसका विवाह महोबा जनपद के खरेला थाना क्षेत्र के रिवई गांव निवासी शिवकुमार के साथ हुआ था। विवाह के कुछ समय बाद पति शिवकुमार, ससुर ठाकुरदीन, सास चंदा देवी, जेठ हरिकिशन व जय सिंह, जेठानी लक्ष्मी और रजनी सहित ननद कमलेश कम दहेज का ताना देने लगे। असमर्थता जताने पर उसे भूखा रखने लगे। ससुरालीजनों ने गोलियां खिलाकर गर्भपात भी करा दिया। कोतवाल ने कहा कि प्रकरण की जांच कराकर कार्रवाई कराई जाएगी।

### युवती को पुलिस ने बरामद किया

**बिवांर।** थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी उन्नीस वर्षीय युवती को रिश्तेदार प्रेम प्रसंग के चलते दो माह पूर्व ले गया था। पुलिस ने युवती को बरामद कर लिया है। थाना सुमेरपुर के पलरा गांव निवासी पंकज का आना-जाना एक गांव निवासी रिश्तेदार के घर आना जाना था। उसका युवती से प्रेम प्रसंग हो जाने पर दो माह पहले बहला फुसलाकर साथ ले गया था। इस मामले में युवती के पिता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस दोनों की तलाश में जुटी थी। छानी गांव के इंगोहटा तिराहे में वाहन की प्रतीक्षा कर रही युवती को मुखबिर की सूचना पर एसआई विजय बहादुर ने बरामद कर लिया। महिला कांस्टेबल ने युवती के बयान लिए हैं। गुरुवार को पुलिस उसका अदालत में बयान दर्ज कराएगी। फिलहाल युवती अपने प्रेमी के साथ रहने की बात कह रही है। दरोगा ने युवती को उसके पिता के सुपुर्द कर दिया है।

# चोरी का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार, माल बरामद

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** थाना पुलिस ने पराको में हुई चोरी का खुलासा करने में कामयाबी पाई है। तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर इनसे गहने, कागजात और 43 हजार रुपये बरामद किए गए हैं। आरोपियों में से दो मप्र के निवासी हैं।

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि एक जून को अजय कुमार पांडेय निवासी पराको ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि रात में सीढ़ियों के दरवाजे से चोर घर में घुसे और अलमारी में रखे जेवर और नकदी पार कर दी। घर में सीसीटीवी कैमरे से एक आरोपी का सीसीटीवी फुटेज भी दिया। इस पर प्रभारी एसओजी व थानाध्यक्ष राजापुर को घटना का खुलासा करने के निर्देश दिए गए। 18 जून को एसओ को मुखबिर ने बताया कि आरोपी स्विफ्ट कार से हैं और छत्रपति शाहूजी महाविद्यालय नरैना खेड़ा थाना रैपुरा के पास खड़े हैं। इस पर पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर आरोपियों को राघवेंद्र कुशवाहा उर्फ प्रिंस पुत्र धर्मदास निवासी कस्बा सेमरिया जिला रीवा (मप्र), शिवबली उर्फ रामबली निषाद पुत्र राजकुमार निवासी मनकुवांर थाना मऊ व विनोद कुशवाहा पुत्र स्व. भोला प्रसाद कुशवाहा निवासी देवरा थाना धारकुंडी जिला सतना (मप्र) को गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने बताया कि मुख्य आरोपी शिवबली है, जो कुछ दिनों पहले ही जमानत पर छूटा है। पुलिस ने इनसे गहने, मोबाइल, तमंचा और नकदी बरामद की। कार को सीज किया। बताया जाता है कि मुख्य आरोपी शिवबली कपड़ों और जूतों का बहुत शौकीन है। जहां भी नए कपड़े या अच्छे जूते दिखते हैं, वह पहन लेता है। सीसीटीवी फुटेज में एक युवक अपनी चप्पल उतारकर स्पोर्ट्स शूज पहनते दिखा है। इस पर पुलिस ने इस पर फोकस कर पकड़ लिया।


खुलासा करते एसपी अरुण कुमार सिंह और पुलिस की गिरफ्त में तीनों आरोपी।

### आरोपियों का है आपराधिक इतिहास

- आरोपियों का आपराधिक इतिहास है। राघवेंद्र कुशवाहा पर सतना में रिपोर्ट दर्ज है। विनोद कुशवाहा पर कटनी, जीआरपी मानिकपुर, जीआरपी शहडोल, धारकुंडी, सतना में पहले से कई मामले दर्ज हैं। शिवबली निषाद पर कर्वी, बरगढ़, रैपुरा, मऊ, भरतकूप, मंझनपुर, शंकरगढ़ में रिपोर्ट दर्ज हैं।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम के सदस्य

- पुलिस टीम में एसओजी प्रभारी एमपी त्रिपाठी, हेड कांस्टेबिल जितेंद्र, कांस्टेबिल रोहित कुमार, रोशन, पवन राजपूत और गोलू भार्गव शामिल रहे। थाना पुलिस की टीम में एसओ की अगुवाई में एसआई पवन चौधरी, कांस्टेबिल लवकुश यादव, शाकिर अली, शिवम मिश्रा, प्रकाश मिश्रा, राहुल यादव, रोहित आर्य, अजय मिश्रा और अरुण कुमार रहे।

**दिक्कत** जर्जर खंभे, पेड़ों के पास से निकले तार समस्या की वजह

# बरगढ़ और आसपास के गांवों में गहराई बिजली की समस्या

संवाददाता, बरगढ़ (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** मऊ तहसील अंतर्गत बरगढ़ और आसपास के गांव-मजरों में बिजली की समस्या गहराती जा रही है। लोगों का कहना है कि हर साल गर्मी में यह समस्या विकराल रूप ले लेती है। बिजली विभाग के अधिकारियों की उदासीनता से दिक्कत बढ़ी है। पेड़ों के बीच से निकले तार और जर्जर खंभों से दिक्कत बढ़ी है।

सबसे ज्यादा दिक्कत 19 ग्राम पंचायतों में है। दो बड़ी आबादी वाले गांव हैं बरगढ़ और मनका हैं। इन गांव-मजरों में सबसे बड़ी समस्या विद्युत की है। हर वर्ष गर्मी में कटौती की मार झेलना यहां के लोगों के लिए आम है। सप्ताह में कई कई दिन तो 10 से 25 घंटे तक आपूर्ति बाधित रहती है। अधिकारी फाल्ट ढूंढने की बात कहकर पल्ला झाड़ लेते हैं। सामान्य मौसम में तो बिजली की आवाजाही होती ही है पर अगर आंधी पानी आ गया तो फिर घंटों बिजली गायब रहती है। लोगों का कहना है कि पेड़ों के बीच से गुजरी जर्जर तारें, खंभे समस्या की मुख्य वजह है। बरगढ़ कस्बे का फीडर अगर-अलग कर दिया जाए तो राहत मिल सकती है। 19 ग्राम पंचायतों में 19 से ज्यादा संविदा कर्मी हैं।

**अधिकारी-कर्मचारी बेपरवाह :** गांव के समाजसेवी देवेश शुक्ला ने बिजली की दिक्कत के पीछे विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों की लापरवाही को दोषी ठहराया। कहा सरकार 18 घंटे विद्युत आपूर्ति की बात करती है वहीं विभागीय अधिकारी 10 से 12 घंटे ही बिजली दे पाते हैं।


इस तरह जंगल से निकले हैं बिजली के तार। अमृत विचार

## नई लाइन का प्रस्ताव भेजा गया : एसडीओ

जेई अजीत भट्ट से जानकारी लेनी चाही तो हमेशा की तरह उन्होंने काल रिसीव नहीं की। उधर, एसडीओ शिवम गुप्ता ने बताया कि बड़ी लाइन है, फाल्ट होना स्वाभाविक है। बताया कि नई लाइन का प्रपोजल ऊपर भेजा जा चुका है। इसके बाद समस्या दूर हो जाएगी। जब उनसे जेई के फोन न उठाने की बात कही गई तो उन्होंने कहा कि काल डिटेल एवं शिकायती पत्र दीजिए।

### एक ही फीडर से जुड़े कई गांव : प्रकाश चंद्र

पूर्व प्रधान बरगढ़ प्रकाश चंद्र केशरवानी ने कहा कि लो वोल्टेज की समस्या गर्मी में आम बात है। एक ही फीडर से कई कई गांवों की बिजली आपूर्ति से दिक्कत है। इससे लाइन फाल्ट, लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती है।

### जंगल से गुजरी तार से समस्या : अजय

अजय त्रिपाठी ने बताया कि लगभग आठ किमी जंगल से होकर लाइन गुजरी है। ऐसे में हवा पानी से पेड़ तारों पर गिर जाते हैं और बिजली चली जाती है। आरोप लगाया कि मेंटीनेंस के नाम पर आने वाले बजट से ठीक से काम किया जाए तो इलाके को समस्या से निजात मिल जाए।

### रात्रि विश्राम करें तो पता चले : आकाश

आकाश द्विवेदी ने आरोप लगाया कि विभागीय जिम्मेदारों के साथ साथ जनप्रतिनिधि भी इस समस्या को लेकर उदासीन बने हैं। ऐसे में पाठा क्षेत्र की जनता हमेशा परेशानी मे जूझती है। विद्युत विभाग के अधिकारी एवम जनप्रतिनिधि हफ्ते में एक रात पाठा में विश्राम करें तब उनको एहसास होगा कि जनता कैसी रहती है।

# बिजली कटौती के खिलाफ आम आदमी पार्टी का प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** बदहाल विद्युत व्यवस्था को लेकर बुधवार को आम आदमी पार्टी की जिला इकाई ने प्रदेश सरकार के खिलाफ ट्रैफिक चौराहे पर विरोध प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष संतोषी लाल शुक्ला ने कहा कि जिले में बिजली व्यवस्था से लोग परेशान हो चुके हैं। सरकार लोगों को लालटेन काल में ले जाना चाहती है।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में लगातार महंगी हो रही बिजली और उस पर घंटों कटौती की मार झेल रही प्रदेश की जनता त्रस्त हो चुकी है। कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। आम आदमी और किसान बेहद परेशान हैं। जिले में 10 से 12 घंटे तक बिजली कटौती की जा रही है। बच्चों का पढ़ाई करना मुश्किल हो गया है, घरों में जलापूर्ति प्रभावित हो रही है और व्यवसायिक गतिविधियाँ भी ठप हो रही हैं। जिलाध्यक्ष एससी एसटी प्रकोष्ठ धनराज सिंह ने कहा कि किसानों को बिजली कटौती के कारण परेशानी हो रही है और सरकार समस्या से निपटने के बजाए लगातार बिजली की दरों में वृद्धि कर रही है।

निजी कंपनियों को बिजली बिल निकालने का ठेका देने से फर्जी बिजली बिलों का बोझ बढ़ गया है। पार्टी कार्यकर्ताओं ने सरकार से बिजली कटौती के मुद्दे पर तत्काल कार्रवाई करने, फर्जी मीटर रीडिंग को लेकर कंपनियों की चल रही मनमानी पर सख़्ती से कदम उठाने की मांग की। विरोध प्रदर्शन में श्याम बाबू त्रिपाठी, सन्नो मौर्या, जुबैदा, लवलेश केशरवानी, नर्वदा प्रसाद यादव, डा. रमाकांत गुप्ता, प्रमोद सोनी, बसंत पटेल, राज बहादुर साहू, आलोक कुमार, राम भवन पाल आदि शामिल हुए।



बिजली कटौती के खिलाफ प्रदर्शन करते आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी व अन्य।

# कॉरपोरेट क्षेत्र आर्थिक वृद्धि का स्तंभ

## राष्ट्रपति मुर्मू ने भारतीय कॉरपोरेट विधि सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों को किया संबोधित

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि कॉरपोरेट क्षेत्र देश की आर्थिक वृद्धि और विकास का एक प्रमुख स्तंभ है। भारतीय कॉरपोरेट विधि सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उनके निर्णय न केवल नीतियों एवं विनियमों को प्रभावित करेंगे, बल्कि इसका असर नागरिकों और निवेशकों के देश की संस्थाओं में विश्वास पर भी पड़ेगा।

राष्ट्रपति ने कहा कि कॉरपोरेट कानूनों के कार्यान्वयन एवं प्रवर्तन का दायित्व संभालने वाले अधिकारियों के रूप में, आपकी भूमिका एक ऐसा कारोबारी माहौल बनाने के केंद्र में होगी जो पारदर्शी, जवाबदेह और नवाचार एवं उद्यमिता के लिए अनुकूल हो। राष्ट्रपति भवन में उनसे मिलने आए प्रशिक्षुओं से मुर्मू ने कहा, कॉरपोरेट क्षेत्र हमारे देश की आर्थिक वृद्धि एवं विकास का एक प्रमुख स्तंभ है। कंपनी अधिनियम 2013 का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना उनकी जिम्मेदारी है कि कानून को न केवल लागू किया जाए बल्कि उसे समझा जाए, उसका सम्मान किया जाए। साथ ही इस तरह से लागू किया जाए जिससे सभी के लिए न्याय, निष्पक्षता एवं अवसर को बढ़ावा मिले। रक्षा वैमानिकी गुणवत्ता आश्वासन सेवा एवं केंद्रीय श्रम सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने भी राष्ट्रपति से मुलाकात की। प्रशिक्षुओं से उन्होंने कहा कि सैन्य विमानन में गुणवत्ता का मतलब सिर्फ तकनीकी विशिष्टताओं को पूरा करना नहीं है बल्कि इसका मतलब परिचालन सुरक्षा, मिशन की तैयारी, विश्वसनीयता एवं रणनीतिक श्रेष्ठता सुनिश्चित करना भी है। राष्ट्रपति ने इस बात पर भी जोर दिया कि रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने के लिए न केवल सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को मजबूत करने की जरूरत है, बल्कि निजी क्षेत्र को भी सक्रिय रूप से सक्षम बनाने की आवश्यकता है।



● बोलीं- अधिकारियों की भूमिका कारोबारी माहौल बनाने के केंद्र में हो

### 2025 को राष्ट्रपति ने रक्षा सुधारों का वर्ष बताया

राष्ट्रपति ने कहा, सहायक नीतियों एवं प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के माध्यम से निजी उद्यमों को रक्षा परिवेश में एकीकृत करके, भारत स्वदेशीकरण प्रयासों में तेजी ला सकता है और खुद को वैश्विक रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित कर सकता है। 2025 को रक्षा सुधारों का वर्ष बताते हुए उन्होंने प्रशिक्षुओं से सशस्त्र बलों को प्रौद्योगिक रूप से उन्नत, युद्ध के लिए तैयार बलों में बदलने के लिए नवीन दृष्टिकोण विकसित करने का आग्रह किया, जो बहु-क्षेत्रीय, एकीकृत संचालन में सक्षम हों। केंद्रीय श्रम सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वे कानून के संरक्षक हैं तथा श्रमिकों के अधिकारों एवं सम्मान की रक्षा करने वाले श्रम कानूनों का अनुपालन सुनिश्चित करना उनकी जिम्मेदारी है। राष्ट्रपति ने कहा कि आपके द्वारा लिए गए निर्णय और आपके द्वारा की गई कार्रवाइयों का उद्योग एवं समाज दोनों पर दूरगामी प्रभाव पड़ता है।

# आईएएस अनुराधा सेबी के निदेशक मंडल में शामिल

**नई दिल्ली।** आर्थिक मामलों के विभाग में विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) अनुराधा ठाकुर को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के निदेशक मंडल में शामिल किया गया है। बाजार नियामक की वेबसाइट पर बुधवार को यह जानकारी दी गई।

ठाकुर 1994-बैच की हिमाचल प्रदेश कैडर की भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की अधिकारी है। वह अप्रैल में ओएसडी के रूप में आर्थिक मामलों के विभाग में शामिल हुईं। अजय सेठ के 30 जून को 60 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद वह एक जुलाई से आर्थिक मामलों के सचिव के रूप में कार्यभार संभालेंगी। बाजार नियामक की वेबसाइट पर मौजूद जानकारी के अनुसार, ठाकुर को सेबी के निदेशक मंडल में अस्थायी सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

# नॉन-कनवर्टिबल डिबेंचर : प्रभावी निवेश विकल्प



एनसीडी यानी नॉन-कनवर्टिबल डिबेंचर, कंपनियों द्वारा पूंजी जुटाने का साधन है, जो ऋण उपकरण के रूप में कार्य करता है। ये डिबेंचर निवेशकों को निश्चित ब्याज दर पर निश्चित अवधि के लिए रिटर्न प्रदान करते हैं, लेकिन इन्हें शेयरों में बदला नहीं जा सकता, इसीलिए इन्हें नॉन-कनवर्टिबल कहा जाता है। ये मुख्यत: उन निवेशकों के लिए उपयुक्त होते हैं जो सुरक्षित और स्थिर आय की तलाश में होते हैं, खासकर तब जब बैंक एफडी की ब्याज दरें कम हों। एनसीडी को रेटिंग एजेंसियों द्वारा रेट किया जाता है, जिससे उनकी विश्वसनीयता का अंदाजा लगाया जा सकता है।

### निवेश के लाभ

- **स्थिर और उच्च रिटर्न :** एनसीडी आमतौर पर बैंक एफडी की तुलना में अधिक ब्याज दर (7-10% तक) प्रदान करते हैं।
- **पूर्व निर्धारित ब्याज भुगतान :** निवेशक को मासिक, तिमाही या वार्षिक ब्याज विकल्प मिलते हैं।
- **रिडेम्पशन पर पूंजी वापसी :** एनसीडी की मैच्योरिटी पर मूलधन सुरक्षित रूप से लौटाया जाता है।
- **लिक्विडिटी :** लिस्टेड एनसीडी को स्टॉक एक्सचेंज पर खरीदा/बेचा जा सकता है।
- **टैक्स लाभ :** कुछ एनसीडी में सेक्शन 54ईसी के तहत टैक्स छूट भी मिलती है।

### जोखिम पर रखें विशेष नजर

- **क्रेडिट रिस्क :** कंपनी की वित्तीय स्थिति बिगड़ने पर ब्याज या मूलधन मिलने में देरी या हानि हो सकती है।
- **तरलता :** सभी एनसीडी स्टॉक एक्सचेंज पर आसानी से नहीं बिकते।
- **ब्याज दर जोखिम :** बाजार में ब्याज दरें बढ़ने पर पुराने एनसीडी की कीमत गिर सकती है।
- **नॉन-कनवर्टिबल होने की सीमा :** इन्हें शेयर में बदला नहीं जा सकता, जिससे इक्विटी का लाभ नहीं मिलता।

### ध्यान देने योग्य

- निवेश से पहले रेटिंग (जैसे क्रिसिल, आईसीआरए) अवश्य जांचें।
- केवल सेबी द्वारा अनुमोदित कंपनियों के एनसीडी में निवेश करें।
- अल्पकालिक के बजाय मध्यम से दीर्घकालिक निवेश रणनीति अपनाएं।
- पोर्टफोलियो में विविधता बनाए रखें—सिर्फ एनसीडी पर निर्भर न रहें।

# डेटा सेंटर, चिप विनिर्माण में भारत प्रमुख गंतव्य

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्व और दक्षिण-पूर्व एशिया की विकसित और उभरती अर्थव्यवस्थाएं कृत्रिम मेधा (एआई) में निवेश के लिए प्रमुख लक्ष्य हैं। मूडीज एनालिटिक्स ने बुधवार को कहा कि इनमें भारत, सिंगापुर और मलेशिया तेजी से खुद को डेटा सेंटर परियोजनाओं या चिप विनिर्माण के लिए प्रमुख गंतव्य के रूप में स्थापित कर रहे हैं।

मूडीज एनालिटिक्स ने अपनी रिपोर्ट 'एआई इज बीटिंग द ऑड्स' में कहा कि ऐसे समय में जब सीमापार निवेश धीमा हो रहा है और वैश्विक व्यापार टूट रहा है, तब एआई पर खर्च वर्तमान के विपरीत हो रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, भले ही व्यापार और भू-राजनीतिक तनाव अर्थव्यवस्थाओं को प्रभावित कर रहे हों, लेकिन एआई की बढ़ती मांग, आपूर्ति से कहीं ज़्यादा है। इस अंतर को पाटने के लिए वैश्विक निवेशक डेटा सेंटर और सेमीकंडक्टर परियोजनाओं में पूंजी लगा रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका में आउटबाउंड (घरेलू कंपनी द्वारा विदेश में) एआई निवेश की हिस्सेदारी इसकी इनबाउंड (विदेशी कंपनी द्वारा घरेलू बाजार में) हिस्सेदारी से अधिक है। यह बताता है कि अमेरिकी प्रौद्योगिकी दिग्गज अपनी वैश्विक उपस्थिति का विस्तार कर रही हैं। मूडीज ने कहा, पूर्वी और दक्षिण-पूर्व एशिया में विकसित और उभरती अर्थव्यवस्थाएं प्रमुख गंतव्य हैं। भारत, सिंगापुर और मलेशिया तेजी से डेटा सेंटर या चिप विनिर्माण के लिए प्रमुख गंतव्य के रूप में खुद को स्थापित कर रहे हैं। ये बाज़ार लागत लाभ, बढ़ती मांग और प्रौद्योगिकी निवेश के लिए सहायक नीतियां प्रदान करते हैं।



● मूडीज एनालिटिक्स ने अपनी रिपोर्ट एआई इज बीटिंग द ऑड्स में किया खुलासा

# बैंकों के पर्यवेक्षी डेटा गुणवत्ता सूचकांक में सुधार: आरबीआई

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को कहा कि वाणिज्यिक बैंकों का पर्यवेक्षी डाटा गुणवत्ता सूचकांक मार्च 2025 में बढ़कर 89.3 हो गया है, जो एक साल पहले इसी अवधि में 88.6 था।

आरबीआई ने एक पर्यवेक्षी डेटा गुणवत्ता सूचकांक (एसडीक्यूआई) बनाया है, जो डूबे ऋण, परिसंपत्ति-देयता और पूंजी पर्याप्तता सहित विभिन्न प्रमुख वित्तीय मापदंडों में सटीकता, समयबद्धता, पूर्णता और स्थिरता के संदर्भ में डेटा गुणवत्ता का मूल्यांकन करता है। यह सूचकांक, नियामक को लघु वित्त बैंकों सहित वाणिज्यिक बैंकों की वित्तीय स्थिति का आकलन करने में मदद करता है। केंद्रीय बैंक ने कहा, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) के एसडीक्यूआई में मार्च 2024 की तुलना में मार्च 2025 में सुधार हुआ है। एससीबी के लिए एसडीक्यूआई में 87 एससीबी और उनके प्रमुख रिटर्न शामिल हैं।

# भारत की जीडीपी वृद्धि 6.2% से होगी अधिक : इक्रा

कोलकाता, एजेंसी

रेटिंग एजेंसी इक्रा ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 6.2% रहने का अनुमान जताया है। यह पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में 6.5% थी। एजेंसी ने अपने ताजा परिदृश्य में कहा कि इसी अवधि के दौरान सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) वृद्धि दर 6.4% से अधिक होगी। जहां जीडीपी उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य को बताता है, वहीं जीवीए उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के मूल्य में से मध्यवर्ती वस्तुओं और सेवाओं की लागत को घटाने पर प्राप्त होता है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि मुद्रास्फीति के संबंध में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित महंगाई दर के 3.5% से अधिक रहने का अनुमान है, जबकि थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) चालू वित्त वर्ष में 1.8% से अधिक रहेगा। इक्रा ने 2025-26 के लिए राजकोषीय घाटा जीडीपी का 4.4% रहने का अनुमान लगाया है, जबकि इसी अवधि के दौरान चालू खाता घाटा 1.2 से 1.3% रहने का अनुमान है। रबी फसल बेहतर होने और सामान्य से अधिक जलाशय स्तर के कारण ग्रामीण मांग में तेजी बनी रहने की संभावना है। 2025-26 के लिए केंद्रीय बजट में आयकर में बड़ी राहत, नीतिगत दर में कटौती से ईएमआई (मासिक किस्त) में कमी और खाद्य मुद्रास्फीति में नरमी से घरेलू खर्च योग्य आय में वृद्धि होने की उम्मीद है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत के वस्तु निर्यात में सुस्ती निकट भविष्य में भी जारी रह सकती है। इक्रा के अनुमान के अनुसार, सेवा निर्यात के वस्तु निर्यात वृद्धि से आगे निकलने की संभावना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि केंद्र का पूंजीगत व्यय 2025-26 में 10.1% बढ़ने का अनुमान है, जिससे निवेश गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।





● रेटिंग एजेंसी के अनुसार सकल मूल्य वर्धित वृद्धि 6.4% से होगी अधिक



### एक नजर

#### ओएनजीसी के पूर्व उप महाप्रबंधक पर मामला दर्ज

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम, जोरहाट के पूर्व उप महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवा) डॉ. बिजॉय शॉ और चिकित्सा अधिकारी (व्यावसायिक स्वास्थ्य) तथा 8 निजी मेडिकल दुकानों के मालिकों सहित 10 आरोपियों के खिलाफ 45 लाख रुपये के फर्जी बिलों के संबंध में मामला दर्ज किया है। सीबीआई ने बुधवार को बताया कि आरोपी लोक सेवकों ने 2019 से 22 के दौरान निजी पैनलबद्ध मेडिकल दुकानों के मालिकों तथा अज्ञात व्यक्तियों के साथ मिलकर आपराधिक षडयंत्र रचा।

#### पुराने मामले में दो विधायकों सहित नौ को 1-1 वर्ष की सजा

**जयपुर।** जयपुर की स्थानीय अदालत ने राजस्थान विवि के बाहर सड़क जाम करने के 11 साल पुराने मामले में बुधवार को कांग्रेस के दो विधायकों सहित नौ लोगों को 1-1 साल कैद की सजा सुनाई। जयपुर की अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट-19 परीक्षिता देथा ने सभी नौ आरोपियों को गैरकानूनी तरीके से सभा करने और सार्वजनिक मार्ग में बाधा डालने का दोषी ठहराया। मुकेश भाकर और मनीष यादव वर्तमान में कांग्रेस के विधायक हैं, जबकि अभिषेक चौधरी ने भी जयपुर की झोटवाड़ा सीट से 2023 का विधानसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन हार गए थे।

#### आतंकियों की सूचना के बाद चला तलाशी अभियान

**जम्मू।** सुरक्षा बलों ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में सुदूर जंगली इलाके में आतंकियों की मौजूदगी की सूचना के बाद तलाशी अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस और सेना का संयुक्त अभियान सुबह चटरू के सिंहपोरा वन क्षेत्र में शुरू हुआ और अंतिम रिपोर्ट मिलने तक जारी था। सुरक्षा बलों को कुछ आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिली और उन्होंने भागने के सभी रास्तों को बंद करने के लिए तुरंत इलाके की घेराबंदी कर दी। हालांकि, अभी तक आतंकवादियों से आमना सामना नहीं हो पाया है।

#### नक्सली ठिकाने से 14 आईईडी व विस्फोटक मिले

**चाईबासा (झारखंड)।** पश्चिमी सिंहभूमि जिले के वन क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने नक्सली ठिकाने का पता लगाया और वहां से 14 संवर्धित विस्फोटक उपकरण (आईईडी) और 50 किलोग्राम से अधिक विस्फोटक सामग्री बरामद की। पुलिस ने बुधवार को बताया कि जवान सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के लिए लाए विस्फोटकों की तलाश में चितपिल गांव के पास नक्सल विरोधी अभियान चला रहे थे। पुलिस के मुताबिक, आईईडी को मौके पर ही निष्क्रिय कर दिया गया। मामले की जांच जारी है।

# मोदी की ट्रंप को दो टूक से झूठ का पर्दाफाश

## कांग्रेस को घेरते हुए भाजपा ने कहा- भारत की विदेश नीति को बदनाम करना बंद करे विपक्षी पार्टी

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा ने बुधवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के साथ प्रधानमंत्री मोदी की बातचीत ने कांग्रेस के हर झूठ का पर्दाफाश कर दिया है। यदि विपक्षी दल को इस पर विश्वास नहीं है तो उसे पाकिस्तान का साझेदार माना जाना चाहिए।

भाजपा आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा, कांग्रेस और उसकी ट्रोल सेना इसको पचा नहीं पा रही है कि प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति ट्रंप को कहा कि भारत को किसी की मध्यस्थता की न तो जरूरत है और न इसे स्वीकार करता है। उन्होंने एक्स पर कहा, कांग्रेस को केवल छोटी-मोटी बातों के लिए भारत की दृढ़ और सैद्धांतिक विदेश नीति को बदनाम करना बंद करना चाहिए।

भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस के हर झूठ का पर्दाफाश हो गया है। भाजपा ने कांग्रेस पर उस वक्त हमला बोला जब प्रधानमंत्री मोदी ने पहले ट्रंप से टेलीफोन पर बात की और उन्हें कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान पर हमले पड़ोसी देश के अनुरोध पर रोके थे न कि अमेरिका द्वारा मध्यस्थता या व्यापार समझौते की पेशकश पर।

भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा कि मोदी ने ट्रंप को स्पष्ट कर दिया कि पाकिस्तान गोलियां चलाएगा, तो भारत बम से जवाब देगा। उसके बाद भी अगर कांग्रेस को भरोसा नहीं है, तो यह माना जाना चाहिए कि पाकिस्तान और कांग्रेस साझेदार हैं।

मालवीय ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने भारत को कमजोर, तीसरी दुनिया के देश के रूप में ही देखा है। आज, भारत उभरती हुई शक्ति है। उन्होंने रमेश पर राहुल गांधी की तरह जन्मजात झूठा होने का भी आरोप लगाया, क्योंकि कांग्रेस नेता ने ट्रंप के साथ प्रधानमंत्री मोदी की ताजा बातचीत पर व्हाइट हाउस से जनवरी 2025 में दिए गए वक्तव्य को अभी के अमेरिकी बयान के रूप में उद्धृत किया था।



● कहा- विपक्षी दल को विश्वास नहीं है तो उसे पाकिस्तान का साझेदार माना जाना चाहिए

### ट्रंप से हुई बात पर सर्वदलीय बैठक बुलाएं: कांग्रेस



कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को विदेश दौरे से लौटते ही सर्वदलीय बैठक बुलाकर सभी राजनीतिक दलों को यह बताना चाहिए कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से फोन पर उनकी क्या बात हुई। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर को व्हाइट हाउस में भोज के लिए बुलाया जाना भारत के लिए कूटनीतिक झटका है और इस पर प्रधानमंत्री को ट्रंप के समक्ष नाराजगी जतानी चाहिए थी। रमेश ने कहा, मोदी और ट्रंप के बीच बात हुई है। उन्होंने सवाल किया कि प्रधानमंत्री यह बात सर्वदलीय बैठक में क्यों नहीं कहते? इसीलिए हमने संसद के विशेष सत्र की मांग की ताकि प्रधानमंत्री राष्ट्र को विश्वास में लें और वे सारी बातें कहें जो उन्हें राष्ट्रपति ट्रंप से कहनी चाहिए थीं।

# सुरक्षा को अधिक जांच चौकियां स्थापित करने के निर्देश जारी

जम्मू, एजेंसी

अमरनाथ यात्रा के मद्देनजर तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए सीमावर्ती जिलों जम्मू, सांबा और कठुआ में अधिक जांच चौकियां स्थापित करने के लिए पुलिस से कहा गया है। यात्रा शुरू होने से एक दिन पहले भगवती नगर से तीर्थयात्रियों का पहला जत्था कश्मीर के लिए रवाना होगा।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अधिकारियों को नाकों पर खासतौर से रात में मजबूत सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश दिए गए हैं। उन्हें उन स्थानों की पहचान के निर्देश दिए हैं जहां यात्रियों की सुरक्षा के लिए और नाके बनाए जा सकते हैं। जम्मू-सांबा-कठुआ रेंज के उप महानिरीक्षक (डीआईजी) शिव कुमार शर्मा ने आधार शिविर, आश्रय स्थलों, यात्रा मार्ग और पार्किंग क्षेत्रों में और उसके आसपास विभिन्न पुलिस व अर्द्धसैन्य तैनाती के सुरक्षा ऑडिट के दौरान पुलिस अधिकारियों से यह कहा।

### अमरनाथ यात्रा

#### चिनार कोर कमांडर ने की घाटी में सुरक्षा की समीक्षा

**श्रीनगर।** सेना की चिनार कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल प्रशांत श्रीवास्तव ने बुधवार को कश्मीर घाटी में सुरक्षा और सैनिकों की परिचालन तैयारियों की समीक्षा की। ये समीक्षा अमरनाथ यात्रा की शुरुआत से दो सप्ताह पहले हुई है। श्रीनगर स्थित इस रणनीतिक कोर ने अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर पोस्ट इसकी जानकारी दी है।

# कक्षा निर्माण घोटाला: दिल्ली में कई स्थानों पर ईडी का छापा

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूर्ववर्ती आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार के दौरान दिल्ली के स्कूलों में कथित कक्षा निर्माण 'घोटाले' की धन शोधन जांच के तहत बुधवार को यहां कई परिसरों पर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

संघीय एजेंसी ने दिल्ली भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की प्राथमिकी का संज्ञान लेते हुए धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत आपराधिक मामला दर्ज करने के बाद छापेमारी की। सूत्रों ने बताया कि ईडी ने इस मामले से जुड़े ठेकेदारों और निजी संस्थाओं के 37 परिसरों की तलाशी ली। ईडी ने 30 अप्रैल को दर्ज शिकायत में आप नेता और अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार में मंत्री रहे मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के खिलाफ मामला दर्ज किया था। शिकायत में आरोप था कि दिल्ली सरकार के स्कूलों में 12,000 से अधिक कक्षाओं या अर्ध-स्थायी संरचनाओं के निर्माण में 2,000 करोड़ रुपये की वित्तीय अनियमितताएं की गईं। ईडी के मामले में वे ही आरोपी हैं।

● एजेंसी ने एसीबी की प्राथमिकी पर पीएमएलए के तहत आपराधिक मामला किया दर्ज

# विदेश में नौकरी से जुड़ी धोखाधड़ी में निजी कंपनी के 3 अधिकारी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने विदेश में नौकरियों से जुड़ी धोखाधड़ी और मानव तस्करी में संलिप्त निजी कंपनी के तीन अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि मंगोलपुरी इलाके से संचालित इंडो किर्गिज ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड ने किर्गिजस्तान में आकर्षक नौकरी दिलाने के नाम पर 500 से अधिक भारतीयों के साथ कथित तौर पर ठगी की है।

उन्होंने बताया कि इस गिरोह ने पीड़ितों से 4.62 करोड़ रुपये से अधिक की राशि एकत्र की तथा उनमें से कई को विदेश में प्रताड़ना और शोषण के लिए मजबूर किया। कंपनी का निदेशक और मुख्य आरोपी महावीर सिंह फरार है, जबकि पुलिस ने उसके बेटे साहिल नरवाल, वित्त प्रबंधक अतुल माथुर और मानव संसाधन प्रबंधक कमल कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) आदित्य गौतम ने इसकी जानकारी दी।

### अमन और आशा



पहलगाम आतंकी हमले के बाद घाटी में फिर से पर्यटन को बढ़ावा देने की उम्मीद और शांति बने रहने की आशा को लेकर डल झील पर विशेष शिकारा रैली आयोजित हुई। इसमें शिकारा चालकों और स्थानीय लोगों ने भाग लिया। एजेंसी

# इंदौर पहुंची मेघालय पुलिस सोनम के घरवालों से पूछताछ

इंदौर (मध्यप्रदेश), एजेंसी

### राजा रघुवंशी हत्याकांड

● सोनम के बर्ताव को लेकर पुलिस दल ने की सामान्य पूछताछ

बहुचर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड की कड़ियां जोड़ने को मेघालय पुलिस का दल बुधवार को मुख्य आरोपी सोनम के इंदौर स्थित घर पहुंचा और उसके परिजनों से पूछताछ की।

चश्मदीदों ने बताया कि मेघालय पुलिस का दल शहर के गोविंद नगर खारचा इलाके में सोनम के घर पहुंचा, जिसके बाद इस घर का दरवाजा अंदर से बंद कर दिया गया। मेघालय पुलिस का दल दो घंटे तक सोनम के मायके में रहा। मेघालय पुलिस के निकलने के बाद सोनम का भाई गोविंद कार लेकर चला गया।गोविंद ने कहा कि मेघालय पुलिस ने उनसे और उनके परिजनों से सोनम के बर्ताव को लेकर सामान्य पूछताछ की। राजा रघुवंशी हत्याकांड से पहले किसी संजय वर्मा से सोनम की फोन पर कई बार लंबी बातचीत की खबरों पर गोविंद ने कहा कि उन्हें इस बारे में कोई भी जानकारी नहीं है।

# एअर इंडिया ने तकनीकी कारणों से तीन अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें कीं रद्द

**मुंबई।** एअर इंडिया ने रखरखाव और तकनीकी समस्याओं सहित कई कारणों से बुधवार को अपनी तीन अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दीं। विमानन कंपनी ने बताया कि इनमें से दो उड़ानें यात्रियों के विमान में सवार होने के बाद रद्द कर दी गईं।

एअर इंडिया ने बताया कि उसे 18 जून की टोरंटो-दिल्ली उड़ान एआई188 रखरखाव तथा चालक दल की ड्यूटी समय सीमा विनियामक मानदंडों से अधिक होने से रद्द करना पड़ा। जो यात्री पहले ही विमान में सवार हो चुके थे, उन्हें उड़ान रद्द होने के बाद नीचे उतार दिया गया। दुबई से दिल्ली जाने वाली उड़ान को तकनीकी कारणों से रद्द कर दिया गया और यात्रियों को विमान में सवार होने के बाद उतार दिया गया। दिल्ली से बाली जाने वाली उड़ान को रद्द कर दिया गया, क्योंकि गंतव्य बाली के निकट ज्वालामुखी विस्फोट की खबरों के कारण इसे बीच रास्ते से ही दिल्ली लौटने की सलाह दी गई थी।

# महाराष्ट्र में कक्षा पांच तक हिंदी बनी तीसरी भाषा

मुंबई/पुणे, एजेंसी

● राज्य सरकार ने अंग्रेजी-मराठी माध्यम के विद्यालयों को दिया आदेश, लेकिन हिंदी को अनिवार्य नहीं बनाया

महाराष्ट्र सरकार ने आदेश जारी कर राज्य में अंग्रेजी और मराठी माध्यम के विद्यालयों में पढ़ने वाले कक्षा एक से कक्षा पांच तक के विद्यार्थियों के लिए हिंदी को सामान्य रूप से तीसरी भाषा बनाया है, लेकिन इसे अनिवार्य नहीं बनाया है।

हिंदी पर ताजा आदेश से पैदा हुए विवाद तथा कांग्रेस और मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे की आलोचना के बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को स्पष्ट किया कि छात्रों के लिए हिंदी सीखने की अनिवार्यता हटा दी गई है तथा अब किसी भी भारतीय भाषा को तीसरी भाषा के रूप में चुना जा सकता है। उन्होंने विवाद को अनावश्यक बताया। मंगलवार को जारी संशोधित सरकारी आदेश (जीआर) में कहा गया है कि हिंदी अनिवार्य होने के बजाय सामान्य रूप से तीसरी भाषा होगी, लेकिन इसमें यह विकल्प भी दिया गया है कि यदि किसी स्कूल में प्रति कक्षा 20 विद्यार्थी हिंदी के अलावा अन्य भारतीय भाषा पढ़ने की इच्छा व्यक्त करते हैं तो वे इसे छोड़ सकते हैं।

कुछ मराठी भाषा समर्थकों ने जहां सरकार पर शुरू में पीछे हटने के बाद अनिवार्य हिंदी नीति को पिछले दरवाजे से पुनः लागू करने का आरोप लगाया, वहीं कांग्रेस ने फडणवीस पर मराठी लोगों की छाती में छुरा घोंपने का आरोप लगाया। स्कूल शिक्षा विभाग ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप स्कूल शिक्षा के लिए राज्य पाठ्यचर्या रूपरेखा 2024 के कार्यान्वयन के हिस्से के रूप में जीआर जारी किया। जीआर के अनुसार, मराठी और अंग्रेजी माध्यम के विद्यालयों में कक्षा एक से पांच तक के विद्यार्थियों के लिए हिंदी सामान्य रूप से तीसरी भाषा होगी। आदेश में कहा गया, जो लोग हिंदी के विकल्प के रूप में कोई अन्य भाषा सीखना चाहते हैं, उन्हें स्कूल में प्रत्येक कक्षा से 20 छात्रों की अपेक्षा को पूरा करना होगा। ऐसी स्थिति में, उस विशेष भाषा के लिए एक शिक्षक उपलब्ध कराया जाएगा या भाषा को ऑनलाइन पढ़ाया जाएगा।

# भारत की नाक में दम करने वाले एंडरसन पहली बार नहीं दिखेंगे

## भारत-इंग्लैंड मुकाबले में 2006 से लगातार बल्लेबाजों को किया है परेशान, जेम्स एंडरसन टेस्ट क्रिकेट को कह चुके हैं अलविदा

नई दिल्ली, एजेंसी

शुभमन गिल की अगुआई वाले अपेक्षाकृत अनुभवहीन भारतीय बल्लेबाजी क्रम को जेम्स एंडरसन का नाम इंग्लैंड की टीम में नहीं देखकर राहत मिली होगी। क्योंकि पिछले दो दशक में यह तेज गेंदबाज निरंतर रूप से भारत-इंग्लैंड प्रतिद्वंद्विता का हिस्सा रहा है। भारत के खिलाफ 2006 में एंडरसन की पहली शृंखला से लेकर 2024 में आखिरी शृंखला तक इस महान तेज गेंदबाज ने भारतीय बल्लेबाजों को हमेशा परेशान किया। वर्ष 2000 के दशक के अंत में महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के साथ उनका संघर्ष हो या पिछले दशक में विराट कोहली के साथ कहीं अधिक रोमांचक मुकाबला, ये सभी यादें लोगों के दिमाग में ताजा हैं। कोहली और एंडरसन दोनों अब टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह चुके हैं।

जोफ्रा आर्चर और मार्क वुड चोटिल हैं जिससे इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स लीड्स में गेंदबाजी की शुरुआत के लिए रिकॉर्ड 704 टेस्ट विकेट चटकाने वाले एंडरसन से गेंदबाजी कराने की कल्पना कर सकते हैं। अगर एंडरसन अपनी विदाई के 12 महीने बाद काउंटी क्रिकेट में वापसी करके संघर्षरत लंकाशर को उबार सकते हैं तो भरोसा करें कि वह इंग्लैंड के कमजोर आक्रमण के लिए भी ऐसा कर सकते हैं। ऐसा होने की संभावना नहीं है लेकिन अपने 21 साल के करियर में अपने प्रदर्शन के दम पर एंडरसन ने भारत-इंग्लैंड क्रिकेट इतिहास में खुद को अमर कर लिया है। दोनों टीम के बीच टेस्ट शृंखला की ट्रॉफी को उनका और सचिन तेंदुलकर का नाम दिया गया है। एंडरसन ने तेंदुलकर को टेस्ट क्रिकेट में नौ बार आउट किया है।



भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल, शार्दुल ठाकुर और नितीश कुमार रेड्डी लीड्स अभ्यास सत्र के दौरान। ● एजेंसी

**2000** के दशक के अंत में महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के साथ उनका संघर्ष हो या पिछले दशक में विराट कोहली के साथ कहीं अधिक रोमांचक मुकाबला

एंडरसन ना केवल उम्र को चुनौती देते हुए लंबे समय तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलते रहे बल्कि उनके करियर की खासियत लगातार सटीक गेंदबाजी और गेंद को दोनों तरफ स्विंग करने की क्षमता पर बेहतरीन नियंत्रण रहा। एंडरसन 2014 की श्रृंखला में कोहली की ऑफ स्टंप के आसपास की कमजोरी का फायदा उठाने में सफल रहे जबकि चार साल बाद कोहली ने अपनी मानसिक कमजोरी पर काबू पाकर लंबे प्रारूप में दुनिया के सबसे सफल तेज गेंदबाज पर 'दबदबा' बनाया। शुक्रवार को लोकेश राहुल और यशस्वी जायसवाल की संभावित भारतीय सलामी जोड़ी के सामने एक चुनौती कम होगी कि उन्हें नई ड्यूक्स गेंद के साथ एंडरसन गेंदबाजी नहीं कर रहे होंगे। भारत के खिलाफ 39 टेस्ट मैच में एंडरसन ने 25.47 की शानदार औसत से 149 विकेट चटकाए। भारत में सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों को संघर्ष करना पड़ा लेकिन एंडरसन ने अपने कौशल की बदौलत विपरीत परिस्थितियों में 17 टेस्ट मैच में 44 विकेट लिए। इंग्लैंड के पूर्व सलामी बल्लेबाज निक नाइट ने कहा कि कोहली और रोहित शर्मा की गैरमौजूदगी में भारतीय बल्लेबाजी क्रम एंडरसन को मैदान से बाहर देखकर खुश होगा लेकिन इंग्लैंड ने भविष्य को देखते हुए सही फैसला किया। नाइट ने पीटीआई से कहा इंग्लैंड अब आगे बढ़ेगा।

## टेस्ट कप्तान के तौर पर पहली शृंखला का लुत्फ उठा रहे हैं गिल

**लीड्स, एजेंसी :** पहली बार टेस्ट सीरीज में भारत की अगुआई करने की तैयारी कर रहे शुभमन गिल इंग्लैंड के लगातार बदलते मौसम की चुनौती का सामना कर रहे हैं। सीनियर बल्लेबाज लोकेश राहुल भी इन परिस्थितियों में खेलने को लेकर उतने ही उत्साहित हैं। शुक्रवार को हेडिंग्ले में शुरू हो रही पांच टेस्ट मैच की शृंखला भारतीय क्रिकेट में पीढ़ीगत बदलाव का प्रतीक है जिसमें गिल को नया टेस्ट कप्तान बनाया गया है। रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन जैसे अनुभवी खिलाड़ी अब टेस्ट टीम का हिस्सा नहीं हैं। इन सभी ने संन्यास की घोषणा कर दी है। सीनियर खिलाड़ियों में रविंद्र जडेजा, जसप्रीत बुमराह, राहुल, ऋषभ पंत (उप कप्तान) टीम में बने हुए हैं जो नए नेतृत्व समूह के साथ अनुभव का मिश्रण प्रदान करते हैं। बीसीसीआई द्वारा 'एक्स' पर साझा किए गए एक वीडियो में कप्तान गिल सहित कई भारतीय खिलाड़ियों ने साझा किया कि जब वे इंग्लैंड में खेलने के बारे में सोचते हैं तो उनके दिमाग में क्या आता है। गिल ने कहा ड्यूक बॉल, यह नंबर एक है। मौसम जो हमेशा बदलता रहता है, वह रोमांचक और कठिन है। और दर्शकों का माहौल। राहुल ने कहा यहां टेस्ट क्रिकेट खेलना मुझे उत्साहित करता है। यहां की गर्मियां स्वदेश की गर्मियों से अलग है, यह कुछ ऐसा है जिसमें मुझे क्रिकेट खेलने में मजा आता है। जब सूरज निकलता है तो क्रिकेट खेलना बहुत अच्छा लगता है। तीसरी बात है रेस्तरां और खाने के विकल्प। स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर ने इसे सरल रखते हुए कहा स्विंग और सीम, भारत यहां काफी मैच जीत रहा है। शुक्रवार को पहले टेस्ट में पदार्पण के दावेदार माने जा रहे फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज साई सुदर्शन ने कहा मौसम, हॉट चॉकलेट, ड्यूक गेंद। आठ साल बाद संभावित वापसी के लिए तैयार करुण नायर ने कहा जज्बा, टेस्ट और संस्कृति। तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने कहा मैं कहूंगा ड्यूक गेंद, मौसम, कॉफी। बस शहर में घूमें और कॉफी का आनंद लें। युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने कहा सुंदर, लॉर्ड्स और घर। ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर ने कहा, एक तो यहां हरियाली है, कॉफी है, और बेशक मौसम।



लीड्स में अभ्यास सत्र के दौरान बल्लेबाजी करते हुए ऋषभ पंत। ● एजेंसी

## शुभमन चौथे और मैं पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करूंगा : पंत

**लीड्स :** भारत के उप कप्तान ऋषभ पंत ने बुधवार को पुष्टि की कि शुभमन गिल इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे जबकि वह कप्तान के बाद पांचवें नंबर पर खेलेंगे। विराट कोहली के संन्यास के बाद भारत को चौथे नंबर पर नया बल्लेबाज ढूंढना होगा और गिल अब इस महत्वपर्ण स्थान पर बल्लेबाजी करेंगे। पंत ने कहा मुझे लगता है कि अब भी इस बात पर चर्चा चल रही है कि तीसरे नंबर पर कौन खेलेगा। लेकिन चौथे और पांचवें नंबर पर निश्चित रूप से फैसला हो चुका है। मुझे लगता है कि शुभमन चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे और मैं पांचवें नंबर पर ही खेलूंगा और बाकी हम इस पर चर्चा करते रहेंगे। पंत ने कहा कि मैदान के अंदर और बाहर गिल के साथ उनके संबंध बहुत अच्छे हैं। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि मैदान के बाहर मेरा और शुभमन का रिश्ता बहुत अच्छा है। अगर आप मैदान के बाहर अच्छे दोस्त हैं तो यह रिश्ता आखिरकार मैदान पर भी कायम रहता है। इस बात पर मेरा हमेशा विश्वास रहा है। इंग्लैंड भी अपने संन्यास ले चुके दिग्गज तेज गेंदबाजों जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड के बिना खेलेगा।

## पहले दिन तेज गेंदबाजों को मदद करेगी पिच

लीड्स, एजेंसी

लीड्स के मैदान प्रमुख रिचर्ड रॉबिन्सन ने कहा है कि यहां असामान्य रूप से शुष्क मौसम और इंग्लैंड की आक्रामक खेल शैली ने शुक्रवार से भारत के खिलाफ शुरू होने वाले पहले टेस्ट के लिए 'अच्छी सतह' की उम्मीदें बढ़ा दी हैं।

लीड्स आमतौर पर किसी शृंखला के बीच में टेस्ट मैच की मेजबानी करता है, लेकिन यहां शुरुआती मैच के आयोजन ने बहुत अधिक ध्यान आकर्षित किया है। रॉबिन्सन 'ईएसपीएनक्रिकइन्फो' से कहा वे (इंग्लैंड) बस एक अच्छी सतह चाहते हैं, ताकि हम गेंद की लाइन पर हिट कर सकें। वे यही चाहते हैं। रॉबिन्सन को उम्मीद है कि शुरुआती दिन पिच तेज गेंदबाजों की मदद करेगी, लेकिन अपेक्षित गर्मी के कारण सपाट हो जाएगी। पिच ना केवल इंग्लैंड की बैजबॉल शैली (हर हाल में आक्रामक होकर खेलने की शैली) के अनुकूल होगी बल्कि यह अनुभवहीन भारतीय बल्लेबाजी क्रम को भी मुकाबले में बने रहने का अधिक मौका देगी। रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास के बाद शुभमन गिल की अगुवाई वाली भारतीय टीम में लोकेश राहुल सबसे सीनियर खिलाड़ी होंगे। जिन्हें एसईएनए (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) देशों में अपने साधारण रिकॉर्ड को देखते हुए काफी कुछ साबित करना होगा।



भारतीय तेज गेंदबाज नवदीप सैनी। ● एजेंसी

बल्लेबाजी क्रम में यशस्वी जायसवाल भी शामिल हैं, जो सीनियर टीम के साथ इंग्लैंड के अपने पहले दौरे पर आए हैं। करुण नायर ने पिछली बार 2017 में टेस्ट मैच खेला था। भारतीय टीम सोमवार को यहां पहुंची जबकि इंग्लैंड ने हेडिंग्ले में एक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जहां दिन के दौरान पिच को ढककर रखा गया था। भारत ने पिछले दो दशक में यहां बहुत अधिक क्रिकेट नहीं खेला है। टीम को 2021 में यहां अपने पिछले मैच में पारी की हार का सामना करना पड़ा था।

## भारतीय टीम में बहुत गहराई : कार्स

**लीड्स :** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ब्राइडन कार्स का मानना है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा के हाल ही में संन्यास लेने के बावजूद पांच मैच की टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम कड़ी चुनौती पेश करेगी क्योंकि टीम में 'बहुत गहराई' है।

कोहली और रोहित ने पिछले महीने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी जिसके बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने भविष्य को ध्यान में रखते हुए शुभमन गिल को नया कप्तान नियुक्त किया। कार्स ने बुधवार को यहां कहा जाहिर है आप जानते हैं कि कोहली और रोहित की अनुपस्थिति उनके बल्लेबाजी क्रम के लिए बहुत बड़ी क्षति है।

## सूर्यकुमार हर्निया के उपचार के लिए इंग्लैंड रवाना

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव 'स्पोर्ट्स हर्निया' से संबंधित चोट के इलाज के लिए विशेषज्ञ से परामर्श लेने इंग्लैंड गए हैं और यदि आवश्यक हुआ तो उनकी सर्जरी भी हो सकती है। तैंतीस वर्षीय सूर्यकुमार ने मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करते हुए 700 से अधिक रन बनाए और इसके तुरंत बाद मुंबई प्रीमियर लीग टी20 टूर्नामेंट में भी खेले। यह ज्ञात नहीं है कि क्या मुंबई टी20 लीग के दौरान उनका दर्द बढ़ गया था क्योंकि सूर्यकुमार तीन महीने तक लगातार यात्रा कर रहे थे और खेल रहे थे। इस क्रिकेटर के एक करीबी सूत्र ने नाम नहीं छापने की शर्त पर पीटीआई को बताया सूर्या पेट के निचले हिस्से में दाहिनी तरफ स्पोर्ट्स हर्निया से पीड़ित हैं।



## बीसीसीआई की याचिका खारिज

**मुंबई, एजेंसी :** मुंबई उच्च न्यायालय ने अब बंद हो चुकी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी कोच्चि टस्कर्स केरल के पक्ष में 538 करोड़ रुपये से अधिक के मध्यस्थ के फैसले को चुनौती देने वाली बीसीसीआई की याचिकाओं को खारिज कर दिया।

न्यायमूर्ति आर चागला ने मंगलवार को आदेश में कहा कि मध्यस्थ के फैसले में कोई 'स्पष्ट अवैधता' नहीं है जिसके लिए अदालत के हस्तक्षेप की आवश्यकता हो। अदालत ने बीसीसीआई से इस राशि का भुगतान करने को कहा है।

## भारत पूरी तैयारी के साथ आया है : जो रूट

लीड्स, एजेंसी

विराट कोहली और रोहित शर्मा के संन्यास के बाद आए खालीपन के बावजूद इंग्लैंड के शीर्ष बल्लेबाज जो रूट का मानना है कि दौरे पर आई भारतीय टीम ने आगामी टेस्ट सीरीज के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। रूट की यह राय हालांकि उनके कुछ हमवतन खिलाड़ियों के विचारों से अलग है।

दोनों टीम शुक्रवार से हेडिंग्ले में शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट शृंखला में हिस्सा लेंगी। पिछले महीने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करने वाले रोहित और कोहली की अनुपस्थिति में शुभमन गिल भारतीय टीम की कमान संभालेंगे जिसमें युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का मिश्रण है। चौंतीस वर्षीय रूट ने बुधवार को 'स्काई स्पोर्ट्स' के कमेंटेटर और टीम के अपने पूर्व साथी स्टुअर्ट ब्रॉड से कहा, आप केवल उत्साहित हो सकते हैं। ये वे शृंखलाएं हैं जिनके लिए आप खेलते हैं। हमारे सामने जो अवसर हैं वे शानदार हैं। उन्होंने कहा आप जानते हैं कि एशेज आ रही है और आपसे इसके बारे में पूछा जाएगा। लोग भारत श्रृंखला में होने वाली घटनाओं को इससे जोड़कर देखेंगे लेकिन आपको एक शानदार टीम के खिलाफ काम करना होगा। रूट ने कहा, आप सभी प्रारूपों में एक टीम के रूप में भारत की प्रगति को देखें और उन्होंने सभी विभागों में काम किया है- शानदार तेज गेंदबाजी आक्रमण, प्रतिभाशाली बल्लेबाज और एक बहुत ही मजबूत स्पिन आक्रमण। उन्होंने कहा वे दुनिया में कहीं भी प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार हैं लेकिन घरेलू मैदान पर हमारा रिकॉर्ड शानदार है जो इस श्रृंखला को प्रतिस्पर्धी बनाता है। हम इस श्रृंखला में आत्मविश्वास के साथ उतरेंगे लेकिन साथ ही उनके लिए बहुत सम्मान के साथ भी उतरेंगे।



इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट। ● एजेंसी

## विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप की ब्रांड दूत बनीं कंगना रनौत

**नई दिल्ली :** अभिनेत्री सह राजनीतिज्ञ कंगना रनौत को बुधवार को सितंबर-अक्टूबर में यहां होने वाली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप का ब्रांड दूत नियुक्त किया गया। 'फैशन' और 'क्वीन' जैसी फिल्मों में अपने अभिनय के लिए प्रशंसा बटोरने वाली 39 वर्षीय कंगना वर्तमान लोकसभा में हिमाचल प्रदेश के मंडी निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करती हैं।



कंगना ने भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा भारत के पैरा एथलीट हर दिन क्या संभव है, इसे फिर से लिख रहे हैं। मैं उनका समर्थन करने और उनकी अविश्वसनीय उपलब्धियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद करने के लिए बहुत सम्मानित महसूस कर रही हूं। पैरा खेल केवल प्रतिस्पर्धा के बारे में नहीं है- यह साहस के बारे में हैं और मुझे हमारे चैंपियन खिलाड़ियों के पीछे खड़े होने पर गर्व है। पीसीआई के अध्यक्ष देवेंद्र झझारिया ने कहा भारत के खिलाड़ियों के प्रति उनका जुनून, प्रभाव और प्रतिबद्धता उन्हें नयी दिल्ली 2025 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए एक आदर्श दूत बनाती है।

## पाकिस्तान के खिलाफ अभियान की शुरुआत करेगी भारत

दुबई, एजेंसी

● महिला टी20 विश्व कप 2026 के पहले मैच में 14 जून को पाकिस्तान के खिलाफ होगा मुकाबला

भारतीय महिला क्रिकेट टीम आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 के अपने पहले मैच में 14 जून को एजबेस्टन में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और मेजबान इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने बुधवार को टूर्नामेंट का पूरा कार्यक्रम घोषित किया जिसमें 12 टीमें भाग लेंगी।

अगले साल होने वाला यह टूर्नामेंट 24 दिन तक चलेगा जिसकी शुरुआत 12 जून से होगी और समापन पांच जुलाई को होगा। टूर्नामेंट के 33 मुकाबले इंग्लैंड के सात स्थानों पर खेले जाएंगे। टूर्नामेंट का पहला मैच 12 जून को एजबेस्टन में मेजबान इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच होगा जबकि भारत और पाकिस्तान अपने अभियान की शुरुआत एजबेस्टन में ही करेंगे। एजबेस्टन के अलावा मैच हैम्पशायर बाउल, हेडिंग्ले, ओल्ड ट्रैफर्ड, द ओवल, ब्रिस्टल काउंटी मैदान और लॉर्ड्स पर खेले जाएंगे। दो सेमीफाइनल 30 जून और दो जुलाई को ओवल में होंगे जबकि फाइनल पांच जुलाई को लॉर्ड्स में होगा।





भारतीय महिला क्रिकेट टीम। ● एजेंसी (फाइल फोटो)

टूर्नामेंट की 12 टीम को छह-छह के दो ग्रुप में रखा गया है। ग्रुप एक में छह बार की विजेता ऑस्ट्रेलिया, पिछले चरण की उपविजेता दक्षिण अफ्रीका, भारत, पाकिस्तान और दो क्वालीफाइंग टीम शामिल हैं। वहीं ग्रुप दो में गत विजेता न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज, श्रीलंका, मेजबान इंग्लैंड और दो क्वालीफाइंग टीम शामिल हैं। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। पाकिस्तान के खिलाफ अपने शुरुआती मुकाबले के बाद भारतीय टीम 17 जून को क्वालीफाइंग टीम के खिलाफ अपने मुकाबले के लिए हेडिंग्ले जाएगी और उसके बाद टीम का सामना 21 जून को ओल्ड ट्रैफर्ड में दक्षिण अफ्रीका से होगा। भारत 25 जून को ओल्ड ट्रैफर्ड में ग्रुप एक की दूसरी क्वालीफाइंग टीम का सामना करेगा।

**महिला टी20 विश्व कप**

| | |
|---|---|
| 12 | जून को इंग्लैंड में आगाज |
| 05 | जून को समापन होगा |
| 24 | दिन चलेंगे मुकाबले |
| 33 | मैच कुल खेले जाएंगे |
| 07 | मैदानों पर होंगी टक्कर |
| 12 | टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया |

### एक नजर

**दो बार की विंबलडन चैंपियन पेत्रा क्वितोवा को वाइल्ड कार्ड मिला**



**लंदन :** दो बार की चैंपियन पेत्रा क्वितोवा विंबलडन में वापसी कर रही हैं। उन्हें इस साल के टेनिस टूर्नामेंट के लिए बुधवार को वाइल्ड कार्ड दिया गया। क्वितोवा 2011 और 2014 की विंबलडन चैंपियन हैं। वह पिछली बार 2023 में इस ग्रास कोर्ट ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में खेलीं थी। पिछले साल विंबलडन टूर्नामेंट के दौरान वह पहली बार मां बनी। कोर्ट से 17 महीने दूर रहने के बाद क्वितोवा ने फरवरी में टेक्सास के ऑस्टिन में डब्ल्यूटीए टूर में वापसी की और वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 572वें स्थान पर हैं। चेक गणराज्य की क्वितोवा बुधवार को मुख्य ड्रॉ में एकल वाइल्ड कार्ड पाने वाली एकमात्र गैर ब्रिटिश खिलाड़ी रहीं। महिला ड्रॉ के लिए वाइल्ड कार्ड पाने वाली अन्य सात खिलाड़ियों में हीथर वॉटसन, हैरियट डार्ट और जोडी बुरेज शामिल हैं। पुरुष वर्ग में डैन इवान्स सहित सात ब्रिटिश खिलाड़ियों को वाइल्ड कार्ड दिया गया हे। पुरुष वर्ग में एक वाइल्ड कार्ड की घोषणा बाद में की जाएगी।

**सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म रेडिट ने सचिन तेंदुलकर को ब्रांड दूत बनाया**

**नयी दिल्ली :** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म रेडिट ने बुधवार को महान भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर को अपना ब्रांड दूत नियुक्त करने की घोषणा की। कंपनी ने एक बयान में कहा कि खेल प्रशंसकों को अब 'रेडिट कम्यूनिटी' में तेंदुलकर के साथ जुड़ने के विशेष अवसर मिलेंगे। अपने आधिकारिक रेडिट प्रोफाइल के माध्यम से महान बल्लेबाज तेंदुलकर अपने व्यक्तिगत विचार, मैच की जानकारी और विशेष सामग्री साझा करेंगे। बयान में कहा गया है आने वाले महीनों में तेंदुलकर भारत के साथ-साथ दुनिया भर के अन्य बाजारों में रेडिट के लिए एक नए मार्केटिंग अभियान में भी दिखाई देंगे। रेडिट के साथ अपने जुड़ाव पर तेंदुलकर ने कहा मेरे लिए क्रिकेट हमेशा मैदान पर और बाहर लोगों के साथ संबंध के बारे में रहा है। रेडिट को जानने के बाद जो बात सबसे अलग है, वह है इसका जुनून जो इसकी कम्यूनिटी को एक साथ लाता है।



**राडुकानू का पीछा करने वाले को विंबलडन के टिकट से रोका गया**

**लंदन :** टेनिस खिलाड़ी ऐमा राडुकानू का पीछा करने के आरोपी ने विंबलडन के टिकट हासिल करने की कोशिश की, लेकिन ऑल इंग्लैंड क्लब की सुरक्षा प्रणाली ने उसे ऐसा करने से रोक दिया। ब्रिटिश मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बीबीसी और अन्य ने बताया कि उस व्यक्ति ने 30 जून से शुरू होने वाले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के लिए सार्वजनिक मतपत्र के माध्यम से टिकट के लिए आवेदन करने की कोशिश की लेकिन उसके नाम को हटा दिया गया। फरवरी में दुबई चैंपियनशिप में उस व्यक्ति ने 22 वर्षीय राडुकानू के प्रति 'अड़ियल व्यवहार' दिखाया था। जो एक मैच के दौरान भीड़ में उसे देखकर परेशान हो गई थीं। इससे एक दिन पहले उस व्यक्ति ने राडुकानू के लिए एक पत्र छोड़ा था और उसकी तस्वीर ली थी। जिससे 2021 की अमेरिकी ओपन चैंपियन परेशान हो गईं थी।

**इंटर मिलान को क्लब विश्व कप में मोंटेरे ने बराबरी पर रोका**

**पासाडेना (अमेरिका) :** इंटर मिलान को क्लब विश्व कप में मंगलवार रात मोंटेरे ने 1-1 से बराबरी पर रोक दिया। चैंपियंस लीग फाइनल में हार के बाद इटली की टीम इंटर मिलान का यह पहला मैच था। स्पेन के अनुभवी स्टार सर्जियो रामोस ने पहले हाफ में हेडर से शानदार गोल दागकर मोंटेरे को बढ़त दिलाई। लॉटेरो मार्टिनेज ने मध्यांतर से पहले गोल दागकर स्कोर 1-1 किया लेकिन इटली की टीम लगभग 62 प्रतिशत समय गेंद को अपने कब्जे में रखने के बावजूद दूसरा गोल नहीं कर सकी।

**शीर्ष वरीय लेवान पेंटसुलिया ने भावन कोला के हराया**

**मुंबई :** जॉर्जिया के शीर्ष वरीय ग्रैंडमास्टर लेवान पेंटसुलिया ने बुधवार को यहां ऑरियनप्रो मुंबई अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में भावन कोला को हराया। पेंटसुलिया ने सिर्फ 33 चाल में कोला को शिकस्त देकर दबदबा बनाया। ग्रैंडमास्टर मैनुअल पेट्रोस्यान ने भी प्रकाश राम के खिलाफ आसान जीत दर्ज की जबकि ग्रैंडमास्टर लुका पेइचाद्जे ने रचित गुरनानी को हराया। हेमल वर्षण और मानस गायकवाड़ की बाजी ड्रॉ रही।

**भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम बर्लिन में टूर्नामेंट के लिए रवाना**

**नई दिल्ली :** भारत की जूनियर पुरुष हॉकी टीम 21 से 25 जून तक होने वाले चार देशों के टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए बुधवार को बर्लिन के लिए रवाना हुई। यह प्रतियोगिता इस साल के अंत में होने वाले विश्व कप की तैयारी का हिस्सा है। कप्तान अराइजीत सिंह हुंडल के नेतृत्व में भारतीय टीम आज सुबह बेंगलुरु से रवाना हुई। आमिर अली टीम के उप कप्तान हैं। टीम 21 जून को मेजबान जर्मनी के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। भारतीय टीम इसके बाद 22 जून को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी और राउंड रोबिन चरण के अपने अंतिम मैच में स्पेन के खिलाफ खेलेगी। सभी मैच बर्लिन में होंगे। टूर्नामेंट का समापन 25 जून को क्लासीफिकेशन मुकाबलों के साथ होगा जिसमें शीर्ष दो टीम खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी।

